राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार , 16 मार्च 2025
वर्ष 06, अंक 166, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

फर्जीवाड़ा कर किसान की जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे जालसाज ...03

वरौत में सो रही महिला की गला रेतकर हत्या, फैली सनसनी....12

# मुंबई के लीलावती अस्पताल में 1,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पर्दाफाश

**मुंबई के प्रसिद्ध लीलावती अस्पताल को चलाने वाले चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगलवार (11 मार्च, 2025) को आरोप लगाया कि उसके पूर्व ट्रस्टियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का गबन किया गया।**



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** मानव बालों और खोपड़ियों के 7 कलशों के साथ काले जादू के सबूत मिले

मुंबई के प्रसिद्ध लीलावती अस्पताल का संचालन करने वाले लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएमटी) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बांद्रा पुलिस स्टेशन में कई शिकायतें दर्ज कराई हैं , जिसमें पूर्व ट्रस्टियों और संबंधित व्यक्तियों पर 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है। कई मामलों की जांच चल रही है और फोरेंसिक साक्ष्यों से बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का पता चला है, ऐसे में लीलावती अस्पताल के प्रशासन का भविष्य गहन जांच के दायरे में है।

ट्रस्ट ने पूर्व ट्रस्टियों पर अस्पताल परिसर में काला जादू करने का भी आरोप लगाया है। वित्तीय रिकॉर्ड के फोरेंसिक ऑडिट के बाद ये आरोप सामने आए, जिसमें कथित तौर पर महत्वपूर्ण वित्तीय कदाचार का खुलासा हुआ।

एलकेएमएमटी के स्थायी निवासी ट्रस्टी प्रशांत मेहता के अनुसार, ट्रस्ट ने अदालत के निर्देशों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की है-" हमने शिकायतें दर्ज कीं, जिसके परिणामस्वरूप बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेशों के कारण एफआईआर दर्ज की गई। पूर्व ट्रस्टियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तीन से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। अस्पताल के अंदर काले जादू और गुप्त प्रथाओं के बारे में हमारी शिकायत के आधार पर मजिस्ट्रेट के समक्ष चौथी कार्यवाही लंबित है।"

मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रस्ट यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्वास्थ्य सेवा निधि का उपयोग केवल रोगियों की देखभाल के लिए किया जाए तथा उन्होंने कथित वित्तीय कदाचार को अस्पताल के मिशन के साथ विश्वासघात बताया। मौजूदा ट्रस्टियों ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद ट्रस्ट पर नियंत्रण हासिल करने के बाद फोरेंसिक ऑडिट शुरू किया। उन्होंने चेतन दलाल इन्वेस्टिगेशन एंड मैनेजमेंट सर्विसेज और एडीबी एंड एसोसिएट्स को फोरेंसिक ऑडिटर नियुक्त किया।

लेखापरीक्षा निष्कर्षों से कथित तौर पर पता चला किप्पूर्व ट्रस्टियों द्वारा 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का गबन और दुरुपयोग किया गया ।अधिकांश आरोपी ट्रस्टी अनिवासी भारतीय हैं, जो दुबई और बेल्जियम में रहते हैं ।एक विशेष एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल खरीद के लिए तीसरे पक्ष के वितरकों के साथ अवैध लेन-देन के माध्यम से 1,200 करोड़ रुपये का दुरुपयोग किया गया।

बांद्रा पुलिस स्टेशन ने जालसाजी और धन की हेराफेरी से संबंधित तीन शिकायतें दर्ज की हैं, जिन्हें जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को स्थानांतरित कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, 30 दिसंबर 2023 को तीन पूर्व ट्रस्टियों के खिलाफ 85 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 2002 से 2023 के




बीच आरोपियों नेप्ट्रस्ट पर नियंत्रण पाने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया ।निजी कानूनी फीस और खर्चों के लिए 85 करोड़ रुपये का दुरुपयोग किया गया , यह झूठा दावा किया गया कि यह धनराशि चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए थी।

गुजरात में एक अस्पताल से कीमती सामान की चोरी से संबंधित एक अलग मामले की जांच चल रही है।

एक चौंकाने वाले खुलासे में मेहता ने कहा कि फोरेंसिक जांचकर्ताओं को अस्पताल परिसर में मानव बाल और खोपड़ियों से भरे सात से अधिक कलश मिले, जिससे काले जादू के आरोपों को बल मिला।

ट्रस्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत वित्तीय अपराधों की जांच करने का औपचारिक अनुरोध किया है।मेहता ने कहा, " हम इन अवैध गतिविधियों में शामिल सभी व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि स्वास्थ्य सेवा निधि का उपयोग उनके इच्छित उद्देश्य के लिए किया जाए ।"

कई मामलों की जांच चल रही है और फोरेंसिक साक्ष्यों से बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं उजागर हो रही हैं , ऐसे में लीलावती अस्पताल के प्रशासन का भविष्य गहन जांच के दायरे में है।

## 1300 करोड़ के घोटाले के आरोप में सिसोदिया और जैन पर एफआईआर को मंजूरी



स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े 1300 करोड़ रुपये के घोटाले में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस संबंध में मंजूरी दे दी है। 2022 में दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने इस घोटाले की जांच सिफारिश की थी और मुख्य सचिव को रिपोर्ट सौंपी थी। राष्ट्रपति की ओर से हरी झंडी के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दोनों आप नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच की अनुमति दे दी है। यह मंजूरी दिल्ली के उपराज्यपाल सचिवालय को भेज दी गई है।

दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री रहे मनीष सिसोदिया ने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने की योजना के अंतर्गत 193 स्कूलों में 2400 से अधिक कक्षाओं का निर्माण कराया था। निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई थी। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 17 फरवरी 2020 की एक रिपोर्ट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दिल्ली सरकार के स्कूलों में 2,400 से अधिक कक्षाओं के निर्माण में घोर अनियमितताओं को उजागर किया।

सतर्कता आयोग ने भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जांच में पाया कि दिल्ली सरकार ने बिना निविदा के ही प्रोजेक्ट को 500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी मंजूर कर दी थी। यही नहीं बेहतर सुविधाओं के नाम पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट 90त्न तक बढ़ाई गई। हालांकि काम घटिया दर्जे का हुआ। जीएफआर, सीपीडब्ल्यूडी वर्क्स मैनुअल का जमकर उल्लंघन किया गया।

जांच में यह भी पता चला कि 193 स्कूलों में 160 शौचालय बनाए जाने थे, लेकिन 37 करोड़ रुपये अधिक खर्च कर 1214 शौचालय बनाए गए। दिल्ली सरकार ने इन शौचालयों को कक्षा बताया और 141 स्कूलों में सिर्फ 4027 कक्षाएं ही बनाईं। आम आदमी पार्टी सरकार ने इस मामले को ढाई साल तक दबाया। सीवीसी ने 17 फरवरी 2020 की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार उजागर किया था और रिपोर्ट पर सतर्कता निदेशालय से जवाब मांगा। लेकिन आम आदमी पार्टी सरकार ने ढाई साल तक इस मामले को आगे नहीं बढ़ाया। इसके बाद अगस्त 2022 में दिल्ली के एलजी ने मुख्य सचिव को निर्देश देकर देरी की जांच करके रिपोर्ट देने कहा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत, रास्ता जाम की कोशिश।

**प्रयागराज।** सड़क हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान गुरुवार शाम मौत हो गई। इससे नाराज घरवालों ने रास्ता जाम करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें शांत करा दिया। बताया गया है कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलुआबाद मुंगारी गांव निवासी 35 वर्षीय शमशेर अली पुत्र वाहिद अली मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की शाम सात बजे वह चनैनी गांव के पास स्कूटी की टक्कर से घायल हो गया था। बुधवार की रात स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे नाराज घरवालों ने गुरुवार शाम करछना-कोहड़ार मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर लोगो को शांत कराया।

### महाकुम्भ-में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी किए गए पुरस्कृत



**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा द्वारा सम्मानित करते हुये प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा, जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र मांदड़, पुलिस उपायुक्त गंगानगर/यमुना नगर/नगर/यातायात/मुख्यालय व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# होली के हुड़दंग में 150 से अधिक लोग स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में पहुंचाए गए

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उल्लास और उमंग का प्रतीक पर्व है होली, लेकिन खुशी मनाने के दौरान हुड़दंग व लापरवाही से कई लोगों की जान खतरे में पड़ गई। बीते 24 घंटे में 150 से अधिक लोग स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचाए गए। इनमें सड़क दुर्घटनाओं, ऊंचाई से गिरने, मारपीट और आंखों में रंग चले जाने जैसी घटनाओं के मरीज शामिल थे। एसआरएन अस्पताल के अलावा शहर के अन्य प्रमुख अस्पतालों में घायलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में 71 घायल ले जाये गए, जिनमें 30 से अधिक को गंभीर हालत में सर्जिकल इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। मेडिसिन इमरजेंसी में 75, कार्डियोलॉजी विभाग में 13 और महिला एवं प्रसूति रोग



विभाग की इमरजेंसी में चार मरीज पहुंचे।

होली के दौरान तेज रफ्तार बाइक चलाने व अन्य वाहनों से कई सड़क दुर्घटनाएं हुई। एसआरएन अस्पताल प्रशासन के अनुसार सड़क हादसों के कारण घायल 32 लोगों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। होली में हुड़दंग करने वाले लोगों में आपसी झगड़ों और मारपीट की घटनाएं भी सामने आई, जिनमें गंभीर चोटें आईं। केमिकल वाले रंगों के कारण आंखों में जलन और संक्रमण के मामले भी सामने आए। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि आंखों की परेशानी लेकर कई मरीज इमरजेंसी में पहुंचे। इनमें से कुछ लोगों को तुरंत इलाज की जरूरत पड़ी।

होली के दौरान संभावित आपात स्थितियों को देखते हुए अस्पताल में विशेष इंतजाम किए गए थे। 50 बेड की इमरजेंसी और 10 बेड का आईसीयू पहले से आरक्षित रखा गया था। डॉक्टरों और सहायक स्वास्थ्यकर्मियों की टीम पूरी तरह सतर्क थी। घायलों को त्वरित उपचार दिया गया।

होली में जमकर छलका जाम। मंडल में अरबों रुपए की दारू बिकी।

होली पर मंडल में डेढ़ अरब की गटक गए देसी-अंग्रेजी-होली पर पिछले कई दिनों से अंग्रेजी व देसी शराब, वाइन और बीयर की बिक्री कई गुना बढ़ गई थी। आबकारी विभाग ने पूरे प्रदेश में 2600 करोड़ रुपये से ज्यादा की मदिरा बिक्री की उम्मीद जताई थी। विभाग की उम्मीद के अनुसार ही मदिरा बिकी भी। प्रयागराज मंडल की बात करें तो यहां लगभग 160 करोड़ रुपये की शराब बिक गई। सिर्फ प्रयागराज जनपद में 90 करोड़ रुपये से अधिक की शराब बिकी।

## 50 लाख के स्कैप के साथ छह बदमाश गिरफ्तार

**● चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से हुए हैं घायल**



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस व एसओजी टीम ने छह अन्तर्राज्जीय बदमाशों को मुठभेड के दौरान माल के साथ गिरफ्तार किया है। मुठभेड के दौरान चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। आठ मार्च को ट्रक में चैन्नई से कुण्डली स्क्रैप लेकर जाते समय कोसीकलां मथुरा में ट्रक ड्राइवर द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर 55 लाख रुपये का स्क्रैप चोरी करके भाग गये। जिसके सम्बन्ध में थाना कोसीकलां मथुरा पंजीकृत हुआ। घटना से संबंधित कुल छह अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। मुठभेड मे चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुये। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया स्क्रैप करीब सात टन, भारी मात्रा में असलाह कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक वर्ना कार बिना नंबर बरामद हुई। घायल अभियुक्तो को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पुलिस कार्यवाही के दौरान साकिर मेव उर्फ नशेडी पुत्र रुद्दार निवासी विशम्भरा थाना शेरगढ मथुरा उम्र करीव 36 वर्ष, सलीम मेव पुत्र महमूद निवासी घुडावली थाना उटावर जिला पलवल उम्र करीव 28 वर्ष, असलम मेव पुत्र रफीक निवासी ग्राम वाघोर थाना तिजारा जनपद अलवर राजस्थान उम्र 25 वर्ष, जाहुल मेव पुत्र अमरू निवासी वरलाका थाना नगर जिला डींग राजस्थान उम्र लगभग 38 वर्ष पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। इनके अलावा पुलिस ने अकरम मेव पुत्र हक्कू निवासी ग्राम वाघोर थाना तिजारा जनपद अलवर राजस्थान उम्र 20 वर्ष व मौसम मेव पुत्र हसन निवासी सावलेर थाना पहाडी जिला डींग राजस्थान उम्र करीव 28 वर्ष को भी गिरफ्तार किया है।

# होली पर दिखी गंगा जमुनी तहजीब, होली के जुलूस पर मुस्लिम युवकों ने की पुष्प वर्षा

## ......नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में मुस्लिम युवकों ने पुष्प वर्षा कर दिखाई एकता की मिशाल।

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ** होली का त्योहार रंगों एवं प्रेम, भाईचारे और एकता की मिशाल है । एकता और भाई चारे की मिशाल होली के मौके पर शुक्रवार को राजधानी लखनऊ की नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया, वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम धर्म का रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है. इस मौके पर मऊ गांव में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने गंगा जमुनी तहजीब की अदभुत मिसाल पेश की.

एक तरफ हिंदू भाई-बहन रंगों की होली खेलते नजर आए, जबकि मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के दूसरे जुम्मा के दिन नमाज पढ़ने मस्जिदों में शांतिपूर्वक और बगैर किसी झिझक के जाते हुए दिखाई पड़े. इस दौरान नूरानी मस्जिद के पास वाली गली मे मुस्लिम भाइयों ने होली के जुलुस का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया । मुस्लिम युवकों के पुष्प वर्षा करते ही होली के जुलूस में उत्साह दोगुना हो गया जिसमें हर व्यक्ति की जुबां पर गंगा जमुनी तहजीब की याद ताजा कर दी।

होली और जुम्मा पर क्या बोले मुस्लिम धर्म के युवक.......



(1) आमिर सिद्दीकी............

होली का त्योहार और ईद आपसी भाई भाई चारे का त्योहार है । हिन्दू और मुस्लिम सभी धर्म के लोग होली और ईद साथ साथ मनाते हैं , इस बार जुम्मा होने के कारण हम लोगों ने रंग की जगह हिन्दू भाईयों पर पुष्प वर्षा की है।

(2) आमिर कुरैशी ..........



हिन्दू धर्म में होली और मुस्लिम धर्म में ईद आपसी सौहार्द लेकर आता है एक साथ होली और जुम्मा की नमाज होने के कारण हम मुस्लिम भाईयों ने हिन्दू भाईयों पर पुष्प वर्षा कर होली खेली ।



(3) राजू कुरैशी (सभासद).......

होली और ईद का पर्व हम लोग आपस में भाई चारे के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं , रमजान का पवित्र महीना एक साथ होने से मुस्लिम युवकों ने होली पर रंग न खेलकर पुष्प वर्षा कर एकता की मिशाल कायम की है।

गंगा जमुनी तहजीब पर क्या बोले हिन्दू धर्म के युवक.........

(4) अरूणेश प्रताप सिंह (दल्लू ) समाजसेवी........



समाजसेवी अरूणेश प्रताप सिंह (दल्लू) ने बताया कि होली के पावन पर्व पर मुस्लिम युवकों ने एकता की मिशाल कायम की है, होली और रमजान का पवित्र महीना एक साथ होने के कारण मुस्लिम युवकों ने रंग की जगह पुष्प वर्षा कर होली के जुलूस को दोगुना कर दिया है सभी मुस्लिम भाइयों होली के दिन भारत की एकता और अखंडता का संदेश दिया है।




(5) आशीष चतुर्वेदी (अध्यक्ष शिवाय सेवा समिति).........



शिवाय सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि हिन्दू धर्म के लोग और मुस्लिम धर्म के लोग गांव में आपसी भाई चारे के साथ होली के दिन होली खेलते हैं ,इस बार होली और जुम्मा एक साथ होने के कारण मुस्लिम युवकों ने होली पर रंग की जगह पुष्प वर्षा कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है इनकी जितनी प्रसंशा की जाए कम है।





# संक्षिप्त ख़बरें

## भीम आर्मी ने मनाई बहुजन नायक कांशीराम की जयंती

**चित्रकूट ब्यूरो–** भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बहुजन समाज के नायक कांशीराम की जन्म जयंती तथा आजाद समाज पार्टी काशीराम की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। साथ ही कांशीराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि कांशीराम ने अपने जीवन में भेदभाव, छुआछूत, ऊंचनीच, शोषण व अन्याय का विरोध करते हुए बहुजन समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। इस दौरान सभी ने कांशीराम के सिद्धांतों व वचनों पर चलने संकल्प लिया। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ ने भी कांशीराम के बताएं मार्ग पर चलते हुए बहुजन समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला महासचिव एडवोकेट श्रीपाल प्रजापति, जिला प्रवक्ता विनोद कुमार वर्मा, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी जागेश्वर प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष कर्वी बाबूलाल यादव, कोमल सिंह सूर्यवंशी, रामनाथ वर्मा, अजय पाल, देवशरण राव, सुंदरलाल, धीरज गौतम, विकास कुमार, बुद्धविलास, धनराज, रामदास, कोटार्य, अशोक कुमार, कुलदीप वर्मा, कोमल सिंह सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

## अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार




**मानिकपुर, चित्रकूट–** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मानिकपुर एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी करते हुये दो आरोपियों को नौ लीटर ब्रांडेड अंग्रेजी शराब व ब्रांडेड अंग्रेजी शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया।

मानिकपुर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि तिगलिया तिराहा कस्बा मानिकपुर में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब बनाकर पैंकिग करके ठेके व आसपास के क्षेत्र में चोरी से बेचने की सूचना मिलने पर पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए आरोपी अंकित यादव निवासी बीरवल थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को हिरासत में लिया। पूंछतांछ करने पर अंकित ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री का कार्य कैलाश जायसवाल निवासी ग्राम जुही थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज व रवि यादव निवासी बीरवल थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज करते है। इसके बाद अंकित की मदद से कैलाश जायसवाल को पुलिस ने पकड़ लिया, लेकिन रवि यादव भीड का सहारा लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद आरोपी अंकित व कैलाश के बताने पर नौ लीटर अवैध शराब, बार कोड स्टीकर, ब्रांडेड शराब की बोतले, ढक्कन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सहित थाना मानिकपुर के अपराध निरीक्षक विनय विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक शम्भूशरण सिंह, कुवंर प्रखर सिंह, आरक्षी भाष्कर शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, महिला आरक्षी शिवानी सिंह तथा आबकारी विभागी की टीम में निरीक्षक रविशंकर गुप्ता, आरक्षी दुष्यन्त कुमार व नईम खान शामिल रहे।

## भदोही में होली के दिन हुए सड़क में 6 की मौत, कई घायल

**भदोही।** होली के त्यौहार के दिन जहां लोग पुरे हर्षोल्लास के साथ जश्न में डूबे थे, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहे थे वहीं इसी बीच जनपद के पांच जगह हुई सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए। होली के दिन रफ़्तार के कहर से जनपद में हुए सड़क हादसे की हर जगह चर्चा होते देखी गई। त्यौहार के दिन हुई घटनाओ के बाद मृतकों के गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक कोइरौना थाना के कटरा के पास प्रयागराज के लमाही निवासी दो चचेरे भाइयों ओमप्रकाश और महेंद्र कुमार, गोपीगंज थाना क्षेत्र के धारा विशम्भर में स्थानीय गांव निवासी शिव कुमार बिन्द, ऊंज थाना क्षेत्र के वहिदा में बिछिया निवासी लालमनी हरिजन, थाना सुरियावां के बीरमपुर के पास धीरेंद्र सिंह निवासी महजूदा और ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के झींगुरपुर में सिउर निवासी विजय शंकर यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतको के शव को पुलिस कब्ज़े में लेकर पोस्टमॉर्टम में भेज दिया।

# सेठा में खूनी खेल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, कप्तानगंज पुलिस ने अभी तक नही की कोई कार्यवाही

**● कप्तानगंज पुलिस ने कुछ आरोपियों को पकड़ कर पूछताछ कर थाने से छोड़ा - सूत्र- कप्तानगंज पुलिस की निष्क्रियता से होली के दिन दो बार लगातार हुआ खूनी खेल**




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्तीजिलेके कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिलखांव के राजस्व गांव सेठा में होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर/जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वीडियो में चले खूनी खेल में स्पष्ट हो रहा है कि कई लोगों को काफी चोटे लगी है और कई लोगों को गंभीर चोट लगने के कारण घायल भी है । मारपीट की सूचना मिलते ही पहुँची कप्तानगंज पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया था और पूछताछ कर कारवाई करने का आश्वासन दिया था। सूत्रों की माने तो घटना को लेकर गाँव में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस कर्मियों ने रास्ते के खड़े बेगुनाहों की भी पिटाई कर दिया था । पुआल/पैरा फूंकने पर विवाद की शुरुआत तब हुई जब एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक ग्रामीण का पुआल/ पैरा फूंक दिया था इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में विवाद शुरू हो गया और मामला तूल पकड़ खूनी खेल में तब्दील हो गया ।घटना में दोनों पक्ष के लोगों को गंभीर चोटें लगी है दोनों पक्ष के लोगों को समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया दिया गया था लेकिन कप्तानगंज पुलिस की निक्रिष्यता / शिथलता के चलते दोनों पक्षों में वर्चस्व को लेकर एक पक्ष के लोगों ने पुनः शाम में पांच बजे लाठी डंडे और अन्य हथियार लेकर पुनः मारपीट करने के लिये दूसरे पक्ष के लोगो के घर पर चढ़ गये और मारपीट करने लगे।

मामला बिगड़ता देखकर गाँव में अफरा तफरी मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस सड़क पर घूम रहे लोगो की पिटाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगो को हिरासत में लेते हुए थाने पर लेकर चली आयी थी । देर रात तक दोनो पक्ष के लोगो के परिजन थाने पर जुटे रहे। सूत्रों की माने तो रात में कप्तानगंज पुलिस ने पकड़े गये ग्रामीणों को छोड़ दिया है और उक्त प्रकरण में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। यदि कप्तान पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की गई तो कभी भी बड़ी घटना घर सकती है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज उपेंद्र में उपेन्द्र मिश्र ने बताया कि उक्त प्रकरण अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नही है। आज दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान किया जायेगा।

# बस्ती में किसके सिर सजेगा बीजेपी अध्यक्ष का ताज! कल हो सकता है नाम का खुलासा

**● जिला अध्यक्ष पदके दावेंदारों की धड़कनें तेज किसके सर पर बस्तीजिले का ताज होगा कल होगा फैसला नए चेहरे में हो सकती है बस्ती की कमान**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश में जिलाध्यक्षों के नाम का इंतजार जारी है. सूत्रों कीमामें16 मार्च को नेताओंऔरकार्यकर्ताओं का इंतजार खत्म हो सकता है और पार्टी कई जिलों में नाम जारी कर सकती है.इस बीच बस्ती में भी बीजेपी नेताओं के बीच कई नाम तैर रहे हैं. कोई कह रहा है कि मौजूदा अध्यक्ष ही दोबारा कुर्सी संभालेंगे या कोई कह रहा है कि साल 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी कोई नया और चौंकाने वाला नाम घोषित हो सकता है इस बार ब्राह्मण चेहरे से तौबा?

बस्ती में जिलाध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों की मानें तो बीजेपी इस पर जिले में किसी गैर ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है.बीते दो बार से बात करें तो बीजेपी बस्ती में ब्राह्मण चेहरे को अध्यक्ष बना रही है. वह चाहे महेश शुक्ला रहे हों या विवेकानंद मिश्रा. ऐसे में इस बार कयास लगाया जा रहा है कि साल 2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम और सपा की पीडीए रणनीति को काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी बस्ती में चौंकाने वाला फैसला ले सकती है।

**दावेदारों में कौन शामिल?–** बस्ती में बीजेपी जिलाध्यक्ष के पद के लिए 58 लोगों ने दावेदारी पेश की है. इसमें विवेकानंद मिश्रा, प्रमोद पांडेय, गोपेश्वर त्रिपाठी, रोली सिंह, पवन कसौधन समेत कई लोग शामिल हैं.बस्ती में बीजेपी ने शंकर लाल लोधी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है और जिला चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका सुरेंद्र सिंह ओढे निभा रहे हैं. माना जा रहा है कि अपने 98 संगठनात्मक जिलों में से बीजेपी जिन 85 जिलाध्यक्षों के नाम का ऐलान करेगी, उसमें बस्ती भी शामिल है. ऐसे में फैसले की घड़ी से पहले नेताओं की धड़कन बढ़ गई है. यह देखना दिलचस्प होगा कि बस्ती में बीजेपी साल 2027 में कमल खिलाने की जिम्मेदारी किसके कंधों पर डालती है।

# हनुमानगढ़ी चौराहे पर धूमधाम से हुआ होली मिलन समारोह

**स्वतंत्र प्रभात**



**तुलसीपुर (बलरामपुर)** तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के हनुमानगढ़ी चौराहे पर कसौधन युवा समिति द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने सभी को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अतिथियों का समिति के अध्यक्ष प्रभाकर कसौधन ने स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक कैल थ शुक्ला ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का पर्व है, जिसमें हम एक-दूसरे की गलतफहमियों को भुलाकर आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। वहीं, प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि होली हमें एक-दूसरे के सुख-दुःख में साथ खड़े रहने और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रभाकर कसौधन ने सभी अतिथियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया और समाज में सौहार्द एवं एकता बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कसौधन समाज एवं नगर के विभिन्न संगठनों के प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें राधेश्याम कसौधन, विष्णुदेव गुप्ता, विजय गुप्ता, राजीव गोयल, बंटी गोयल, चरन स्वरूप शर्मा, अवन आर्य, संतोष कुमार (राजू गुप्ता), दिलीप गुप्ता,श्याम सुंदर कसौधन, श्याम बिहारी अग्रहरि, ओम प्रकाश चौरसिया, अभय देव आर्य, कमल देव आर्य, नीरज गुप्ता, अनूप गुप्ता, अवधेश कसौधन, संदीप कसौधन, अखिलेश आर्य, शोभित कसौधन, आलोक कसौधन, जय ओम कसौधन और अमित कसौधन मौजूद रहे।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट ब्यूरो–** जिले को रंगों का त्यौहार होली पूरे उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। बीते गुरुवार को होलिका दहन के बाद से ही लोगों में होली का उत्साह देखने को मिला और शुक्रवार को धूमधाम से पूरे जनपद में लोगों को एक-दूसरे को रंग, अबीर, गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर होली का त्यौहार मनाया। जिला मुख्यालय में डीएम-एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में होली खेली। साथ ही पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था की सतर्कता के साथ होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में राजापुर तहसील क्षेत्र में कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन और रंग उत्सव का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें फगुआ लोकगीतों के साथ लोगों ने अबीर-गुलाल व रंग लगाकर प्रेम सद्भावना मित्रता का इजहार किया। प्रशासनिक अधिकारियों में अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए होली त्यौहार बिना किसी घटना के संपन्न कराया। रमजान माह के प्रथम जुमा के नमाज और होली रंगोत्सव दोनों त्योहारों को सद्भावना के साथ संपन्न कराया गया। साथ ही कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों के अलावा लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पुरानी परंपराओं के साथ हर्षोल्लास पूर्वक होली का त्यौहार मनाया। फगुआ लोकगीत ग्राम पंचायत रगौली के गायक प्रभाकर दत्त द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, सुनील पांडेय, अंबुज द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, प्रमोद खरे, दीपक मिश्रा, इंद्रपाल निषाद, राकेश निषाद, महेश निषाद, अमृतलाल निषाद, अंशुमान पांडेय, अनु मिश्रा ने फगुआ लोकगीत गाकर पुरानी परंपराओं के अनुसार वह वाही लूटी।

बुंदेली फगुआ लोकगीत गायको ने बताया कि यह गायन बहुत पुरानी परंपरा की विद्या है। धीरे-धीरे फगुआ लोकगीतों लोप होता जा रहा है। आधुनिक युग में पुरानी परंपराओं को लोग भूलते जा रहे हैं और सनातन धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार होली मात्र औपचारिकताएं की जाती हैं। इस त्योहार से आपसी भाईचारा सदभावना प्रेम और विश्वास तथा मिलन का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। होलिका दहन के दिन से उपजिला अधिकारी हर्षिता देवड़ा, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह तथा सरधुवा थाना अध्यक्ष राम सिंह की चाक चैबंद व्यवस्था के कारण पूरे तहसील क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से होलिका दहन एवम रंग उत्सव का त्यौहार संपन्न हुआ।

## वृद्धा आश्रम पहुंच कर वृद्धों के साथ मनाई होली



**सिद्धार्थनगर।** न्याय एक संकल्प संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण पाण्डेय के नेतृव में संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तो ने बृद्धा आश्रम पहुँचकर असहाय वृद्धों के साथ होली मनाई। अध्यक्ष राम कृष्ण पाण्डेय ने बताया हर वर्ष उनकी टीम वृद्धा आश्रम पहुँचकर वृद्धजनों के साथ होली का त्योहार मनाते हैं। इस दौरान वासुदेव पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, अमरनाथ पाण्डेय, राम पाण्डेय, राकेश मिश्रा, वशाल पाण्डेय, श्याम सुंदर यादव, शामिल रहे।

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के भानपुर तहसील क्षेत्र के कोठिला स्थित मां वैष्णो देवी दुर्गा मंदिर पर सात दिवसीय संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कथा से पूर्व बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। दुर्गा मंदिर से कलश लेकर श्रद्धालु गांव में स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर पहुंचे। जहां पूजन हुआ। इसके बाद भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र कुआनो नदी के अईला पनभरवा घाट पर पहुंचे। यहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में पवित्र जल भरकर वापस कथा स्थल पर पहुंचे।

कथा व्यास पंडित बालकृष्ण जी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्र के साथ कुआनो नदी का पूजन किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान बजरंगी प्रसाद शर्मा, पुष्पा शर्मा, जामवंती शर्मा, ब्लॉक प्रमुख रामनगर यशकांत सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम तिवारी, राजू मिश्र, सुरेंद्र पांडेय, पांडेय, अभिषेक शर्मा, विवेकानंद शर्मा, नितेश शर्मा,



शिव प्रसाद पांडेय, नरेंद्र देव पांडेय, नन्हे पांडेय, चंद्रभूषण पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, मदन गोपाल पांडेय, महेश पांडेय, राकेश उपाध्याय, बृजेश पांडेय, विकास पांडेय, राजेश कुमार पांडेय, राम निवास चौधरी, राम भरत यादव, रामनिवास गिरी, आशुतोष शुक्ल, विपिन कुमार, विकल्प सैनी, आकाश चौधरी, अष्टभुजा प्रसाद, आशीष चौधरी, बाबूराम चौरसिया, आशीष शुक्ल, रुद्र चौधरी, विजय कुमार चौधरी, राम कमल सिंह, अरुण कुमार सिंह, निशा सिंह, मंजू, अलका, श्रद्धा, ज्योति, निधि, नेहा, हर्षिता, मंगलम, शिवाय, हर्ष, उत्कर्ष, अश्वनी पांडेय, हरिकेश शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

# होली जुलूस का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत, पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंहोली के पावन अवसर पर जनपद बस्ती के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में निकले जुलूस का मुस्लिम समाज के लोगों ने हार्दिक स्वागत कर गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल पेश की। मंगल बाजार क्षेत्र में मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को माला पहनाकर अभिनंदन किया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे का संदेश

**बस्ती में कायम है सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा–** जनपद बस्ती में हमेशा से ही सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की परंपरा रही है। होली हो या ईद, दीपावली हो या मोहर्रम, हर पर्व पर दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते आए हैं। इस बार भी होली जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने जिस तरह से स्वागत किया, उसने इस परंपरा को और मजबूत किया।

**फूल-मालाओं से हुआ अभिनंदन–** मंगल बाजार क्षेत्र में जब होली का जुलूस पहुंचा, तो वहां पहले से मौजूद मुस्लिम समाज के लोगों ने श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाई और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान "हिंदू-मुस्लिम एकता जिंदाबाद" और "भाईचारा अमर रहे" जैसे नारे भी गूंजे।

**प्रशासन भी रहा मौजूद–** होली जुलूस के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी तरह सतर्क रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, लेकिन माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहा। स्थानीय प्रशासन ने भी मुस्लिम समाज द्वारा किए गए इस स्वागत को सांप्रदायिक एकता की एक सकारात्मक पहल बताया।थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह ने कहा कि बस्ती की जनता हमेशा सांप्रदायिक सौहाद्र की मिसाल पेश करती रही है सद्भाव और भाईचारे का संदेश स्थानीय नागरिकों और बुजुर्गो ने कहा कि जनपद बस्ती का इतिहास हमेशा से सांप्रदायिक एकता, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करता रहा है। हर पर्व पर दोनों समुदायों के लोग मिल-जुलकर उत्सव मनाते हैं, जिससे समाज में प्रेम और एकता की भावना बनी रहती है।इस कार्यक्रम में शामिल स्थानीय लोगों ने भी मुस्लिम समाज के इस स्वागत की सराहना की और इसे पूरे देश के लिए एक उदाहरण बताया।

# जयंती पर याद किये गये मान्यवर श्री कांशीरामः समाजवादियों ने किया नमन

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्तीजिले में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को दलित वंचित समाज को नई दिशा देने वाले कांशीराम को उनके जयंती पर याद किया गया। कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद वक्ताओं ने कहा कि उन्होने आर्थिक रूप से शोषित और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों का व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिये आखिरी सांस तक प्रयत्न किया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव ने कहा कि पिछड़े अल्पसंख्यक तथा दलितों में सत्ता के प्रति प्यास जगाने वाले मान्यवर कांशी राम वास्तव में बहुजन आंदोलन के महानायक थे। उनके करिश्माई राजनीतिक विचारधारा से भारतीय राजनीति में एक नए युग का उदय हुआ। समाजवाद का भी यही लक्ष्य है कि समाज से गैर बराबरी समाप्त हो। कहा कि देश कांशीराम के योगदान को सदैव याद रखेगा। उन्होने गरीब, वंचित, उपेक्षित वर्ग को राजनीतिक ताकत दिया। उन्होने बाबा साहब के सपनों को जमीनी धरातल पर साकार किया। जयन्ती पर विधायक राजेंद्र प्रसाद चौधरी, विधायक कवीन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, चंद्र भूषण मिश्र, दया शंकर मिश्र, मो स्वाले, जावेद पिंडारी, समीर चौधरी, जमील अहमद, गीता भारती, राजू सोनी,आर डी निषाद, महेश चौधरी आदि ने मान्यवर श्री कांशीराम जी को नमन करते हुये कहा कि कांशीराम ने आंदोलन के जरिए दलित चेतना को उभारने में सफल रहे। उन्होंने सहयोग और क्रांति को नजरअंदाज करते हुए तीसरा रास्ता अपनाया. बामसेफ का गठन कर उन्होंने रणनीतिक कौशल और संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन किया। भारतीय राजनीति में उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। कहा कि कांशीराम ने गरीबों को सत्ता में आने का स्वप्न ही नहीं दिखाया उसे साकार भी किया। दलित चेतना के महानायक कांशीराम जी के जयंती पर नमन करने वालों में मुख्य रूप से अरविंद सोनकर, रन बहादुर यादव, देवेंद्र श्रीवास्तव, गुलाब सोनकर, संजय गौतम,यदुराम यादव,



अजय यादव, प्रधान तूफानी यादव,रितेश यादव, धर्मराज यादव, रजनीश यादव, हरेश्याम विश्वकर्मा, चंद्र प्रकाश चौधरी,पंकज मिश्रा, मुरली धर पाण्डेय,प्रशांत यादव, श्याम यादव, राम सनेही यादव, बैजनाथ शर्मा, नवीन पाल, घनश्याम यादव, मो हासिम, अरविंद जायसवाल, हनुमान गौड़, राम चंद्र यादव, पंकज निषाद राहुल सिंह, सोमिल सिंह,रवि गुप्ता, निसार अहमद, रामशंकर निराला, पंकज निषाद आदि के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाजवादी पार्टी, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष जनाब शुकुरुल्लाह अंसारी जी के इंतकाल पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# सकुशल संपन्न हुआ होली का रंगीला त्योहार

**● डीजे पर जमकर नाचे युवा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**रूद्रपुर, देवरिया।** होली का रंग बिरंगा त्यौहार शहर एवं देहात क्षेत्र में सकुशल रूप से संपन्न हो गया। हालांकि होली मनाने को लेकर 14 व 15 मार्च की तिथियों में असमंजस था किंतु ज्यादातर लोगों ने 14 मार्च को ही होली मनाया। शुक्रवार होने के कारण इसी दिन मुसलमान भाइयों ने जुम्मे की नमाज अदा किया। होली के त्यौहार को लेकर जगह-जगह होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में विधायक जयप्रकाश निषाद के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें ग्रामीण राज्य मंत्री कमलेश पासवान व जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल भी शामिल हुईं। नगर क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता व चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने भी होली मिलन समारोह का आयोजन कराया। 15 मार्च को उपनगर के डीएन इंटर कॉलेज में आयोजित होली मिलन समारोह में नगर सुंदरी का भी चयन किया गया। दिनभर युवाओं ने डीजे की धुन पर कपड़ा फाड़ होली खेली व मस्ती में डूबे रहे। मीट व मछली की दुकानों पर मेले जैसी भीड़ देखी गई। शराब की दुकानें बंद रहीं। हालांकि लोगों ने एक दिन पहले ही खरीदारी कर ली थी। पुलिस के जवान किसी



अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे। जुम्मे की नमाज को देखते हुए दिन में 1 बजे के बाद होली ना मनाने का सूचना प्रसारित किया गया था किंतु लोग दिनभर होली का त्यौहार मनाते रहे। क्षेत्र के मदनपुर, एकौना, रामलक्षन व पकड़ी बाजार आदि स्थानों पर भी धूमधाम से रंग बिरंगी होली खेली गई।

# बहुजन नायक कांशीराम के बताए मार्ग पर चल रही है बसपा- शिवबाबू

**चित्रकूट ब्यूरो–** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई। इस दौरान सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आंदोलन को तन-मन-धन से मजबूत करने का संकल्प लिया गया। जिला मुख्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि पार्टी संस्थापक कांशीराम ने बहुजन समाज के हर अंग को गरीबी, बेरोजगारी, शोषण, अत्याचार, पिछड़ेपन से मुक्ति दिलाकर सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने का सपना देखा था। इसके लिए उन्होंने कहा था कि हर एक वोट के संवैधानिक अधिकार की ताकत को समझकर अपना उद्धार स्वयं करने योग्य बनने के लिए सत्ता की मास्टर चाभी हासिल करनी ही होगी। पार्टी संस्थापक कांशीराम एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती सर्वसमाज के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रहीं हैं। कार्यक्रम में सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आंदोलन को तन-मन-धन से मजबूत करने का भी संकल्प लिया गया।

इस मौके पर पूर्व विधायक चंद्रभान सिंह पटेल, जिला प्रभारी मान सिंह कुशवाहा, रावेंद्र कुमार वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, राम लखन निषाद, जमुना प्रसाद पाल, शिवबाबू गर्ग, प्रखर सिंह पटेल, सोनपाल वर्मा, वीरेंद्र पासी, फूलचंद खंगार, विनय कुमार पाल, शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, अनिल कुमार कोल, रोहित पटेल, जगदीश सिंह यादव, धानी निषाद, नत्थू प्रसाद, प्रेमशंकर, दरबारी लाल, सहादेव



कुशवाहा, रामभजन, संतोष वर्मा, शंकर वर्मा, रामकमल वर्मा, राजेन्द्र कुमार, चंद्रशेखर कुशवाहा, विनोद प्रधान, अखिलेश वर्मा, मइयादीन वर्मा, रघुराज वर्मा, नगर अध्यक्ष प्रिंस कुशवाहा, निर्भय राम, इकराम वर्मा, ज्ञान सिंह, मेहरबान प्रताप, फूल कुमार वर्मा, बृजमोहन वर्मा, अरविन्द सिंह, प्रखर पटेल, अनोद कुमार, राधेश्याम वर्मा, अरुण कुमार पाल, लाल सिंह पटेल, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, गृहस्थी जली

**बड़ी देर बाद आग पर पाया जा सका काबू।**

**बिसवां (सीतापुर)।** शुक्रवार सुबह एलपीजी सिलेंडर की लीकेज से आग भड़क उठने से घर की सारी गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। जली हुई गृहस्थी की कीमत लगभग एक लाख से अधिक बताई जा रही है। गनीमत रही कि सिलेंडर फटा नहीं वरना बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था। बड़ी मसक्कत के बाद आस पड़ोस के लोगों ने बालू, कम्बल रजाई आदि डालकर सिलेंडर की आग बुझाई तब तक घर का सारा सामान बेड, सारे बिस्तर व कपड़े,तख्त, लोहे की आलमारी व डेहरिया तथा लोहे का बक्सा और राशन, बर्तन, कुर्सी व लगभग पांच हजार की नगदी सहित लगभग एक लाख से अधिक की सम्पत्ति जल गयी। गृहस्वामी अलाउद्दीन पुत्र मो0इब्राहीम उर्फ जुगनू के पास तो पहनने के लिए कपड़े तक नहीं बचे। जानकारी के अनुसार अलाउद्दीन की पत्नी शमीम जहां शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे बच्चों के लिए चाय बनाने के लिए जैसे ही चूल्हा जलाया वैसे ही एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई और वह तेज लौ के साथ जलने लगा। उसने शोर मचाया लोग भाग कर आये और आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग भड़क कर पूरे कमरे में फैल गई थी। अलाउद्दीन ने बताया कि उन्होंने एजेंसी से एक दिन पहले ही भरा हुआ सिलेंडर मंगाया था। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना सदरपुर थाना में दे दी है।

### होली और जुम्मे की नमाज़ हुई एक साथ, 15 जोन और सेक्टर में बंटा सीतापुर, कड़ी निगरानी में हुई नमाज़ और होली



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में होली और जुम्मे की नमाज के एक साथ होने के कारण प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जिले को 15 जोन और 7 सेक्टरों में बांटा गया मजिस्ट्रेट और पुलिस बल ने हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जिले के सभी थाना क्षेत्रों में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई रोजेदारों ने मस्जिदों में नमाज अदा की मस्जिदों के बाहर रंग-गुलाल खेल रहे लोगों पर भी पुलिस की नजर रही सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि होली के दिन जुम्मे की नमाज होने से पुलिस की जिम्मेदारियां बढ़ गई थीं। हालांकि, पीस कमेटी की बैठकों के बाद कहीं कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी कुछ स्थानों पर जुम्मे की नमाज के समय में बदलाव भी किया गया पूरे जनपद में दोनों त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुए कहीं से भी किसी विवाद की सूचना नहीं मिली पुलिस फोर्स की सक्रिय तैनाती और प्रशासन की सतर्कता से त्योहारों का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा!!

### युवक को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद/हरदोई** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहोरा में 13 मार्च को एक युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।पीड़ित मनराम पुत्र रामकिशोर के अनुसार वह गुरुवार को अपने दरवाजे पर खड़ा था।विपक्षी जितेंद्र पुत्र मधुरपाल ने अपने भाई राजू और सतेंद्र के साथ गाली गलौज कर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### होली महोत्सव समिति की कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा



**शाहाबाद/हरदोई** होली महोत्सव समिति द्वारा एक विशाल होली जुलूस निकाला गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई इस होली शोभायात्रा में तमाम साधु संत एवं मनोरम झांकियां का प्रदर्शन किया गया। होली महोत्सव समिति द्वारा होली जुलूस शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के समक्ष किया गया। होली जुलूस शोभा यात्रा में सबसे आगे डीजे पर थिरकते हुए युवा एक दूसरे पर अबीर-गुलाल फेंक कर मस्ती में झूम रहे थे। इसके ठीक पीछे तमाम साधु संत बग्घी पर बैठकर लोगों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। शोभायात्रा में मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। यह शोभायात्रा पालिका से स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक होते हुए सरदारगंज पहुंची जहां पर होली शोभायात्रा का समापन किया गया। होली शोभायात्रा में जय नाथ तिवारी, शिवकुमार गुप्ता उर्फ शिब्बू, बसंत गुप्ता, राम जी शर्मा, रचित गुप्ता, अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक शिवगोपाल फोर्स बल के साथ होली शोभायात्रा में लगातार बने रहे।

# फर्जीवाड़ा कर किसान की जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे जालसाज

**● - .... नगर पंचायत मोहनलालगंज के नेवल खेड़ा गांव निवासी अजय कुमार ने समाधान दिवस में जालसाजी के खिलाफ दिया शिकायती पत्र।**

**..... दो अलग-अलग परिवार रजिस्टर जारी होने की शिकायत पर समाधान दिवस में एडीएम ने एडीओ पंचायत को दिए जांच के आदेश।**




स्वतंत्र प्रभात
विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** वोटर लिस्ट व परिवार रजिस्टर नकल में छेड़छाड़ करवाकर पति की वल्दियत गलत दर्ज करवाकर दूसरे की जमीन को हड़पने का एक मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने शनिवार को राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करते हुए दोषी पर मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की है।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम नेवल खेड़ा मजरा डेहवा निवासी पीड़ित अजय कुमार पुत्र स्व0 रामकुमार का आरोप है कि उसने एक भूमि स्थित ग्राम डेहवा परगना व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ की गाटा सं0 283 में से एक बीघा भूमि रामकिशुन पुत्र स्व0 राजाराम निवासी ग्राम नेवलखेड़ा मजरा डेहवा से सम्पूर्ण अंश क्रय किया था जिसका नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में हो चुका है। लेकिन दुलारा उर्फ शान्ती पत्नी स्व0 शत्रोहन पुत्र अंगनू व दशरथ आकाश, राहुल आकाश विकाश, लवकुश, अनुज पुत्रगण शत्रोहन निवासीगण ग्राम नेवलखेड़ा मजरा डेहवा परगना व तहसील मोहनलालगंज द्वारा डबल वल्दियत करवाकर व अपने पिता के परिवार रजिस्टर व वोटर लिस्ट में छेड़-छाड़ करवाकर ब्लैकमेल किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि हमें पचास लाख रू0 दो वरना हम कोर्ट कचेहरी में लटकाकर रखेंगे एस0सी0 एस टी एक्ट लगवा देंगे आदि धमकी दे रहे हैं। एडीएम ने एडीओ पंचायत को शिकायत की जांच कराकर पीड़ित को दोषी लोगो पर कारवाई का आश्वासन दिया है।

## बिजली के खंभे से टकराई बाइक हुई दो युवकों की मौत, करंट लगने से बाइक जलकर हुई खाक

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के तालगांव थाना क्षेत्र में होली की पूर्व संध्या पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ तालगांव थाना क्षेत्र में बिजली के खंभे से टकराने के बाद बाइक में करंट लगने से दो युवकों की मौत हो गई मृतकों की पहचान सदरपुर थाना क्षेत्र के मालीपुर निवासी जितेंद्र और रामपुर कलां के उमेश के रूप में हुई है दोनों देर रात बिसवां में किसी रिश्तेदार को लेने जा रहे थे। तालगांव थाना क्षेत्र के कला बहादुर के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई करंट लगने से बाइक भी पूरी तरह जल गई। सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे जली हुई बाइक और दो शव देखे इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई तालगांव कोतवाल दीपक राय के अनुसार, शव के पास मिले मोबाइल से मृतकों की पहचान की गई जितेंद्र के भाई शरद ने शवों की शिनाख्त की पुलिस ने दोनों शवों को



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है!!

## चलती कार बनी आग का गोला, शॉर्ट सर्किट से कार हुई ख़ाक, चालक ने कूदकर बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में बीती देर रात एक मारुति अर्टिगा कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया आग लगते ही ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया इस दौरान पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई मामला कमलापुर थाना इलाके का है यहां सिधौली बिसवा मार्ग पर मास्टर बाग के निकट एक अर्टिगा कार में चलते चलते अचानक आग लग गई। कार में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है कार में आग लगते ही कार में बैठे चालक ने कार को किनारे छोड़कर कूदकर अपनी जान बचाई कार में लगी आग को देखते ही देखते स्थानीय लोग पानी की बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग ने भयावह रूप ले लिया आग लगने की सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने मौके पर



पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग बुझने तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी!!

# भूमि विवाद में दबंगों ने लाठियों से किया हमला, चार महिलाओं सहित सात घायल

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद/हरदोई** मंझिला थाना क्षेत्र के सकरा गांव में शुक्रवार की रात्रि 11:00 बजे भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। जिसमें चार महिलाओं सहित 7 लोग घायल हुए हैं जिन्हें सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा निवासी रवि पुत्र मदनलाल के अनुसार गांव के ही रामविलास से उसका भूमि विवाद चल रहा है। इसी भूमि विवाद के चलते शुक्रवार की रात 11:00 बजे के आसपास रामविलास, राम लखन, अबनेश, चमन, विपिन आदि ने उसके ऊपर लाठी और डंडों से हमला कर दिया जिससे उसका हाथ टूट गया, और शरीर में काफी चोटे आई।

रवि को बचाने के लिए उसके परिवार की काजल, प्रिया, प्रीति, शिल्पी, मदन चंद, अवधेश आदि बचाने के लिए आए तो दबंगों ने उनके ऊपर भी लाठियों से हमला कर दिया जिससे सभी गंभीर रूप से लहूलुहान हुए हैं। सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्साधिकारी



डॉक्टर जीशान खान ने बताया सभी घायल खतरे से बाहर हैं सीएचसी में उनका इलाज चल रहा है।

## संयुक्त पुलिस टीम ने महिला के शव की घटना का किया खुलासा

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई सांडी** थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व एक बाग में मिले अज्ञात महिला के शव के मामले में सांडी पुलिस और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 12 मार्च को प्रेम किशोर पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम सहोरा हुसेनपुर द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गई कि। उसकी पत्नी घर से दवाई लेने के लिए कस्बा बावन गयी थी, जो शाम को घर वापस नहीं आई तथा काफी खोजबीन करने व स्थानीय व्यक्तियों की मदद से जानकारी हुआ कि दस मार्च को एक अज्ञात महिला का शव ग्राम सैतियापुर थाना सांडी के नजदीक मिला है।उसके द्वारा मोर्चरी पंहुचकर उक्त महिला के शव की शिनाख्त अपनी पत्नी के रुप में की गयी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना सांडी पर अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस




अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा उक्त घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।थाना सांडी पुलिस और सर्विलांस की टीम द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आए अंशुल कुमार पुत्र राधाकृष्ण और उमेश तिवारी उर्फ मटरे पुत्र रामप्रकाश तिवारी निवासीगण ग्राम सैतियापुर थाना साण्डी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार हत्यारों से पूछताछ के उपरान्त ज्ञात हुआ कि अंशुल कुमार मृतका को पूर्व से जानता था। वह मृतका को अपने ई-रिक्शे में बैठाकर अपने घर ले गया, जहां पर अंशुल उपरोक्त का मृतका के साथ कुछ वाद-विवाद हो गया। जिसके पश्चचात अंशुल द्वारा अपने साथी उमेश के साथ मिलकर साड़ी से मृतका का गला कस दिया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई तथा शव को छिपाने के उद्देश्य से उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा ई-रिक्शा के माध्यम से गांव के नजदीक बाग में शव को छिपा दिया गया। पुलिस ने हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।

# नशे में धूत पुलिस कुर्मी ने महिला के साथ की अभद्रता

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** बेनीगंज थाने मे तैनात दिवान ने शराब के नशे मे महिला के साथ अभद्रता की अभद्रता का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है।जब पीड़िता के लोगो ने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो पुलिस ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। बेनीगंज थाना क्षेत्र के इकघरा निवासी निशा गौतम अपने बच्चे के साथ अपनी बहन सीमा निवासी भगवनतपुर आयी हुई थी। जहा पर रंग डालने को लेकर बच्चों ने सीमा के बच्चे को नापदान के डबरे मे डाल दिया।नापदान के डबरे मे बच्चा पहुंचने से बेहोश हो गया।



जिसकी शिकायत सीमा वा निशा गौतम ने कोतवाली बेनीगंज मे शिकायत पत्र देने पहुंची थी/ पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलवाया।

जहा पर सीमा के पक्ष से निशा सहित कइ लोग गए हुए थे। इस दौरान वहां पर तैनात दिवान दीपक यादव शराब के नशे मे निशा से गाली गलौच करने लगा।जब निशा ने गाली गलौच देने से मना किया। तो निशा को दीपक यादव ने धक्के देकर मा बहन करते हुए बाहर भगाने लगे। इस घटना का पूरा विडिओ शोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज, मझिगवां, बिसवा-सीतापुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवा/सीतापुर।** 15 मार्च 2025 बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज, मझिगवां, बिसवा-सीतापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स) की दो इकाइयों द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 15 मार्च 2025 से 21 मार्च 2025 तक पंचायत भवन, बन्नी (पोस्ट - बन्नी खरेला, बिसवा-सीतापुर) में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा और पुष्पेंद्र के मार्गदर्शन में इस शिविर का संचालन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य विषय "Youth for My Bharat & Youth for Digital Literacy" है, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक विभिन्न सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में भाग लेंगे। इस शिविर में दो इकाइयों के 100 चयनित स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं, जो बन्नी, खटेला, नसीरपुर, मझिगवां, भुडकुंडी, सकरापुर, बिरहिमपुर आदि गांवों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, भ्रमण, दान, सर्वेक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सामाजिक समरसता, साक्षरता अभियान, बालिका शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाना, युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी भी शिविर में शामिल होकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने, राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराने और डिजिटल युग में ग्रामीण समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, गृहस्थी जली

**● - बड़ी देर बाद आग पर पाया जा सका काबू।**

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां (सीतापुर)।** शुक्रवार सुबह एलपीजी सिलेंडर की लीकेज से आग भड़क उठने से घर की सारी गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। जली हुई गृहस्थी की कीमत लगभग एक लाख से अधिक बताई जा रही है। गनीमत रही कि सिलेंडर फटा नहीं वरना बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था। बड़ी मसक्कत के बाद आस पड़ोस के लोगों ने बालू, कम्बल रजाई आदि डालकर सिलेंडर की आग बुझाई तब तक घर का सारा सामान बेड, सारे बिस्तर व कपड़े,तख्त, लोहे की



आलमारी व डेहरिया तथा लोहे का बक्सा और राशन , बर्तन, कुर्सी व लगभग पांच हजार की नगदी सहित लगभग एक लाख से अधिक की सम्पत्ति जल गयी।

गृहस्वामी अलाउद्दीन पुत्र मो0इब्राहीम उर्फ जुगनू के पास तो पहनने के लिए कपड़े तक नहीं बचे। जानकारी के अनुसार अलाउद्दीन की पत्नी शमीम जहां शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे बच्चों के लिए चाय बनाने के लिए जैसे ही चूल्हा जलाया वैसे ही एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई और वह तेज लौ के साथ जलने लगा। उसने शोर मचाया लोग भाग कर आये और आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग भड़क कर पूरे कमरे में फैल गई थी। अलाउद्दीन ने बताया कि उन्होंने एजेंसी से एक दिन पहले ही भरा हुआ सिलेंडर मंगाया था। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना सदरपुर थाना में दे दी है।

# रंग खेलने के बाद नदी में नहाते हुए डूबा युवक

**● - होली की खुशियां मातम में बदलीं**

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां (सीतापुर)।** होली के दिन शुक्रवार को जहां गांव सहित क्षेत्र में होली की खुशियां मनाई जा रही थीं।लोग एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर होली मिलन के लिए तैय्यारियों में जुटे थे इसी बीच एक मनहूस खबर ने गांव में चीत्कार मचा दिया।जो जैसे था सब कुछ छोड़कर नदी की ओर दौड़ पड़ा लेकिन हुआ वही जो ईश्वर को मंजूर था। सदरपुर थाना अन्तर्गत जहांगीराबाद के मजरा गांव मवासेपुर के चार पांच दोस्त रंग खेलने के बाद बाइक पर सवार हो दोपहर लगभग दो बजे गांव से लगभग ढाई तीन किलोमीटर दूर जहांगीराबाद के निकट बह रही केवानी नदी के किनारे पहुंचे। पहले नदी के किनारे बैठकर खाया पिया फिर नहाने की नियत से दोस्तों के साथ मवासेपुर गांव निवासी अरविंद कुमार वर्मा(32वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश वर्मा भौकाली भी नदी में कूद गया। पानी गहरा होने से वह अपने को संभाल नहीं सका और डूबने लगा। उसे डूबता देख अन्य साथी मौके से भाग खड़े हुए।

यह सब वाकया नदी किनारे खेत में जानवर चरा रहा चरवाहा देख रहा था उसने तुरंत सहायता के लिए जहांगीराबाद के लोगों को फोन किया। सूचना पाते ही देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह अपने हमराही कांस्टेबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा 112 डायल सहित रेउसा पुलिस भी मौके पर पहुंची क्योंकि घटना स्थल पर नदी की सीमा रेउसा थाना क्षेत्र में



आती है?। मौके पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। गोताखोरों ने काफी मसक्कत के बाद अरविंद को ढूंढ निकाला। पुलिस उसे रेउसा सीएचसी ले गयी जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेउसा पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के एक लड़की व दो लड़के हैं।घर में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातम सा माहौल है।

# पत्रकार को जान से मार देने की मिली धमकी

स्वतंत्र प्रभात

**माधोगंज/हरदोई** चक मार्ग व शौचालय पर पूर्व प्रधान द्वारा कब्जा किए जाने की खबर चलाने पर पत्रकार को मिली फोन पर जान से मारने की धमकी। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खंधेरिया खंझानपुर के मजरा पटियन पुरवा निवासी जेतेन्द्र कुमार पुत्र कमलेश सी न्यूज के पत्रकार है। गांव में बने चक मार्ग व सार्वजनिक शौचालय पर पूर्व प्रधान के पति ब्रजेश कुमार द्वारा कब्जे किए जाने की शिकायत किसान यूनिन ने डीएम से की थी उसी की खबर पत्रकार जितेंद्र कुमार ने अपने चैनल सी न्यूज पर चलाई थी।14 मार्च होली के दिन लगभग 2 बजे जितेंद्र के मोबाइल पर पूर्व प्रधान के चचेरे भाई सुनील कुमार पुत्र गोकरन ने खबर चलाने पर नाराजगी जाहिर




करते हुए गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी। जितेंद्र कुमार ने थानाध्यक्ष के के यादव से मिलकर शिकायत कर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने व सुरक्षा की मांग की है। कुछ दिन पूर्व विपक्षी अनिल कुमार पुत्र रामचरन, हरिराम पुत्र बालकृष्ण,संजय पुत्र श्रीकृष्ण, सचिन पुत्र श्रीकृष्ण ने खबर चलाने को लेकर घर के बाहर गाली गलौज भी किया था। इन लोगो से मुझे व मेरे परिवार को जान माल का खतरा है।

# शांति और सौहार्द के साथ खेली गई होली, एसपी नीरज जादौन ने कस्बे में पहुंचकर की मॉनिटिरिंग

स्वतंत्र प्रभात

**पिहानी** में शुक्रवार की दोपहर तक जमकर होली खेली गई। पुलिस प्रशासन इसको लेकर मुस्तैफ रहा।एसपी नीरज जादौन, एडिशनल एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ,सीओ प्रवीण कुमार यादव, कोतवाल विद्यासागर के साथ बाहरी पुलिस फोर्स कस्बे की सुरक्षा में डटा रहा होली का त्योहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय या विवाद की घटना सामने नहीं आई। होली में रंग खेलने के बाद दो बजे से रमजान जुमे की नमाज प्रशासन ने शांतिपूर्वक अदा करवाई। इसको लेकर प्रशासन अलर्ट मोड रहा। इन



दोनों त्योहारों को शांति प्रिय ढंग से मनाए जाने को लेकर पिहानी पुलिस प्रशासन ने कमर कस रखी थी। शुक्रवार की दोपहर हरदोई जिले के एसपी नीरज कुमार जादौन ने कस्बे में पहुंचकर कटरा बाजार, ब्लॉक रोड, कस्बा चौकी, बस स्टैंड के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को इससे संबंधित निर्देश भी दिए।

## फूफा के घर होली मिलने गए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां/सीतापुर** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के अंतर्गत फूफा के घर होली मिलने गए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खजान सिंह पुत्र रामसिंह निवासी धौकल गंज थाना रामपुर कला के पुत्र पिंकेश की हत्या का आरोप उनके पिता द्वारा लगाते हुए कोतवाली बिसवां मे मुकदमा दर्ज कराया है। खजान सिंह का कहना है कि मेरा पुत्र अपनी रिश्ते में लगने वाली बुआ के यहां




रौआपुर होली मिलने गया था। जहां उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के पिता खजान सिंह ने गांव के ही रोहित सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह,दर्शन सिंह पुत्र राम सिंह,शुभम सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह,वालमति शशि पत्नी रोहित सिंह,योगेंद्र पुत्र रघुराज सिंह पर कोतवाली बिसवां मुकदमा दर्ज कराया है। वही मृत युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता- डॉ संजय



**अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर पर मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है उक्त बातें डॉक्टर संजय कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियो से कही ।इस दौरान उन्होने आगे बोलते हुए कहा कि सरकार के मंशानुरूप केन्द्र पर गांव देहात से आए मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मै प्रयासरत हूं मरीजों को बेहतर ईलाज व अस्पताल के अंदर पर्याप्त दवाए उपलब्ध होने के कारण से पूरी दवा देने के लिए चिकित्सक में तैनात हर डॉक्टर. को दे रहे निर्देश की बाहर दवा मरीजों को कतई ना लिखी जाए, वहीं मरीजों ने बात करने पर बताया की अस्पताल में मिल रहा बेहतर इलाज।बदलते मौसम के चलते ह्क्ष में बढ़ रही मरीजो की संख्या अधीक्षक होने के बाद भी स्वयंम कर रहे ह्क्ष दिन भर में लगभग 200 से अधिक मरीजों को देखते है डॉक्टर संजय मीडिया से बात करते हुए डॉ संजय ने बताया की ह्क्ष बंद होने का कोई नहीं समय जबतक मरीज आते तब चलती है ह्क्ष डॉक्टर की मेहनत और उनकी कार्यशैली से से क्षेत्रीय लोग कर रहे प्रशंसा।

### आज भाजपा के नये जिलाध्यक्ष का होगा ऐलान

**ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय, पर्यवेक्षक प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह की उपस्थिति में बैठक में करेंगे नए जिलाध्यक्ष की घोषणा**




**गौरीगंज, अमेठी।** भाजपा के नये जिलाध्यक्ष की घोषणा आज रविवार 16 मार्च को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर की जाएगी। जिलाध्यक्ष की घोषणा एक बैठक में किया जाएगा।बैठक लेने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल व पर्यवेक्षक प्रदेश मन्त्री शिवभूषण सिंह मौजूद रहेंगे।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक अपराह्न 1 बजे होंगी। बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चो के जिलाध्यक्ष व महामंत्री, जिले में निवास करने वाले राष्ट्रीय, प्रदेश और क्षेत्रीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि व प्रमुख कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।बैठक के अन्त में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल नये जिलाध्यक्ष की घोषणा करेंगे। इसके बाद नये जिलाध्यक्ष का स्वागत किया जाएंगा।

### नशे में दिव्यांग रेलवे ट्रैक पर की आत्महत्या

**अलीगढ।** थाना सिविल लाइन इलाके के जमालपुर पुल के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात दिव्यांग युवक नशे की हालत में पहुंच गया। जिसकी ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि युवक की पहचान न होने के कारण पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि पुलिस अक्सर इस ट्रैक से लोगों को हटाती रहती है। फिर भी लोग इस ट्रैक पर पहुंचने से बाज नहीं आते हैं और हादसे हो जाते हैं।

### बसपा को मजबूत बनाने हेतु प्रभारी नियुक्त

**अलीगढ़।** बसपा सुप्रीमों अध्यक्ष मायावती ने अलीगढ़ मंडल में संगठन को सशक्त और गतिशील बनाने के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम ने बताया कि विजेंद्र सिंह विक्रम, अरविंद कुमार आदित्य, राजवीर सिंह, अनिल बघेल को अलीगढ़ मंडल का प्रभारी बनाया गया है।

नौशाद अली और पूर्व एमएलसी विजय सिंह को भी मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अलीगढ़ जिला प्रभारी हरेंद्र कुमार सिंह और गजराज सिंह विमल होंगे। अलीगढ़ शहर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी विनोद कुमार, प्रकाश गौतम, बरौली विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी मानवेंद्र सिंह मोंटू, दिनेश बघेल, कोल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी संजय कोठारी, राजेंद्र सिंह निडर होंगे।

# पूरे सोहगौरन के तीन होनहार युवाओं ने बढ़ाया जनपद का मान संस्था प्रबंधक ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी अन्तर्गत विकासखंड हैदरगढ़ के गांव पूरे सोहगौरन सुबेहा निवासी अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं अथक प्रयास से अरुण तिवारी के होनहार सुपुत्र सुधांशु तिवारी ने टैक्स असिस्टेंट पद पर चयनित होकर एवं जगदीश तिवारी के होनहार सुपुत्र आनन्द तिवारी तथा शशिभाल तिवारी के होनहार सुपुत्र शिवदत्त तिवारी ने उ.प्र.पु.मे कांस्टेबल पद पर चयनित होकर परिवार सहित पूरे जनपद का नाम रोशन किया है जिससे पूरे जनपद मे खुशी का माहौल है और लोग शुभकामनाएं दे रहे हैं वहीं यह खबर सुनकर सामाजिक कार्यों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट। योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक गांव भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी ने पूरे सोहगौरन सुबेहा पहुंचकर सुधांशु तिवारी,आनन्द तिवारी एवं शिवदत्त तिवारी को परिवारजनों की उपस्थिति मे बतौर संस्था प्रबंधक श्री राधाकृष्ण प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया एवं उज्वल भविष्य की कामना की उक्त अवसर पर डा.अशोक तिवारी सोहगौरा, अरुण तिवारी, आदर्श तिवारी, राम चन्द्र तिवारी, शशिभाल तिवारी, राजेश ओझा एवं सचिन तिवारी भी उपस्थित रहे सभी लोगों ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद व्यक्त किया किया।

# अबीर गुलाल उड़ा जमकर नाचे पुलिसकर्मी

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जनपद के थानों के साथ-साथ एसएसपी के बंगले और पुलिस लाइन में जमकर अबीर, गुलाल उड़ा। होली के गीतों पर नाचते हुए पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। पुलिसकर्मियों ने पुलिस लाइन में जमकर होली खेली। पुलिस लाइन में फायर बिग्रेड की गाड़ी से भी पुलिसकर्मियों को पानी की बौछारो से सराबोर किया गया। पुलिस कर्मियों ने जमकर अबीर, गुलाल उड़ाया और एक दूसरे को होली के रंग लगाकर होली की बधाई दी।

पुलिस लाइन में होली के मौके पर पुलिस कर्मियों की होली के लिए अधिकारियों ने बड़ा आयोजन किया। यहां जमकर अबीर, गुलाल उड़ा और डीजे की थाप पर नाचते हुए पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को होली के रंगों से सराबोर किया। पुलिस लाइन में होली खेलते एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक व सीओ तृतीय ने पुलिस कर्मियों से गले मिलकर बधाई दी। यहां तक कि पुलिस लाइन में स्पेशल बुलाई गई फायर बिग्रेड की गाड़ी से भी डीजे की थाप पर नाच रहे पुलिसकर्मियों को पानी की बौछारो से सराबोर किया गया।



एसएसपी आवास पर नाचते पुलिसकर्मी

# महर्षि दधीचि कुंड पर महाआरती, व आतिशबाजी का हुआ भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रिख (सीतापुर)** तीर्थ पुरोहित हितकारी संस्थान मिश्रिख तीर्थ द्वारा आयोजित कार्यक्रम, अलौकिक महाआरती व इनामी आतिशबाजी का शुभारंभ आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस आयोजन में साधु-संतों ने प्रतिभाग करके पूरे माहौल भक्तिमय बना दिया। हर तरफ आरती की गूंज सुनाई दे रही थी। परिक्रमार्थी हाथ जोड़े बस आरती में ही लीन थे। महाआरती के बाद जय श्रीराम के नारे लगाए गए। उसके बाद परिक्रमार्थियों के स्वागत में आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी का नजारा देखने के लिए हर कोई उत्सुक दिखाई था। एक घंटे तक जमकर आतिशबाजी हुई। दधीचि कुंड पर हर तरफ पटाखों की ही ध्वनि सुनाई दे रही थी। जिसमें तीन आतिशबाजों ने अपना अलग अलग आइटमों का प्रदर्शन दिखाया।

प्रथम स्थान पर, आतिशबाज कमाल अहमद निवासी सीताकुंड 3 मिश्रिख , पुरस्कार 11 हजार 2 तीसरा स्थान आतिशबाज नूरमोहम्मद नैमिषारण्य सीतापुर 3 हजार दूसरा स्थान मकसूद अली कस्ता लखीमपुर ने प्राप्त किया। जिनको 5 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसके बाद परिक्रमार्थी अपने घरों को रवाना हो गए। परिक्रमार्थी इस संकल्प के साथ घर रवाना हुए कि अगले बरस पूरी आस्था के साथ इस परिक्रमा में शामिल होने जरूर आएगे। एक सप्ताह से यहां के बाग बगीचों में साधु संत टिके हुए थे। महाआरती के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्या डा. प्रियंका मौर्य , विधायक रामकृष्ण भार्गव, 84 कोसीय परिक्रमा समिति के अध्यक्ष महंत नारायण दास जी महाराज सचिव संतोषदास खाकी जी महाराज बजरंगी विमल मिश्र सचेतक चौरासी कोशी परिक्रमा, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा, क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे, कोतवाल अरविंद सिंह, ईओ प्रियंका मिश्रा, तीर्थ पुरोहित हितकारी संस्थान के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री ऋषभ मिश्रा, आयोजक प्रथम मिश्रा आदि मौजूद रहे। विधायक राम कृष्ण भार्गव ने सभी से आग्रह किया कि सभी लोग यातयात का पालन करे और सुरक्षित रहे मोटर साइकिल पर हमेशा हेलमेट का उपयोग अवस्य करें।

# ईको की टक्कर से बाइक सवार मीडियाकर्मी की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र में धनीपुर और नौरंगाबाद क्षेत्र में होली खेल कर अपने गांव से अलीगढ़ लौट रहे बाइक सवार मीडिया कर्मी में ईको सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर से मीडिया कर्मी को मौत हो गई। मीडिया कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई।

मीडिया कर्मी शैलेंद्र कुमार शर्मा होली पर पनैठी की ओर स्थित अपने गांव सेहौर थाना अकराबाद से होली खेलकर अलीगढ़ लौट रहे थे। लगभग तीन बजे ईको सवार ने धनीपुर मंडी और नौरंगाबाद के बीच बाइक सवार मीडिया कर्मी शैलेंद्र कुमार को टक्कर मार दी। उनको राहगीरों द्वारा मलखान सिंह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनके शव को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि ईको सवार ने इससे पहले एक अन्य बाइक को भी टक्कर मारी है, जिसमें भी दो हताहत हुए हैं। ईको कार का पता नहीं चल पाया है।



मृतक का फाइल फोटो

# जानलेवा हमले के दो आरोपी पकड़े

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना टप्पल पुलिस टीम ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या के प्रयास में वांछित दो शातिर गिरफ्तार कर दनके कब्जे से दो अवैध देशी तमंचे बरामद किये हैं। वादी पवन कुमार पुत्र भूपेन्द्र निवासी ग्राम रसूलपुर थाना टप्पल पर विपक्षीगण कुलदीप पुत्र ज्ञानेन्द्र व प्रशान्त उर्फ छोटू पुत्र सुदेश निवासीगण ग्राम रसूलपुर थाना टप्पल ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिससे वादी के दाहिना हाथ घायल हो गया ।

प्रभारी निरीक्षक टप्पल के नेतृत्व में थाना टप्पल पुलिस टीम ने जानलेवा हमले में वांछित कुलदीप पुत्र ज्ञानेन्द्र ,प्रशान्त उर्फ छोटू पुत्र सुदेश निवासीगण ग्राम रसूलपुर थाना टप्पल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाजौता मानपुर मार्ग पर रसूलपुर की पुलिया के करीब से मय दो अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया है।




पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी

# श्री नृसिंह भगवान रथ यात्रा समिति के द्वारा भव्य नृसिंह भगवान रथ यात्रा का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवां (सीतापुर)** होली महापर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आर एस एस जिला प्रचारक सुरेंद्र के निर्देश में श्री नृसिंह भगवान रथ यात्रा समिति के द्वारा भव्य नरसिंह यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ कस्बे में स्थित नरसिंह धाम मंदिर में समिति के अध्यक्ष महंत मनीश शर्मा ने सर्वप्रथम प्रार्थना व आरती करके किया। मंदिर प्रांगण में मौजूद लोगों ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाया और होली की बधाईया दी। आर एस एस जिला प्रचारक सुरेंद्र कहा कि हिंदुओं के सभी पर्व आनन्द और समरसता के पर्व है।होली का पर्व हिंदुस्तान में ही अपितु विदेशों में भी बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का पर्व समस्त जाति धर्म पंथ संप्रदाय के लोग मिल जुल कर मनाते है। यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हो तहसील नगर के मुख्य बड़े चौराहे पर, सब्जी मंडी, रायगंज चौराहा,जहांगीराबाद चौराहा, सेठगंज, मगरहिया बाजार, हजीरा, पोस्टर चौराहा होते हुए नगर के ऐतिहासिक मंदिर पत्थर शिवाला पर आकर समाप्त हुई। यात्रा का जगह जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र फूलों की होली व यात्रा के दौरान तीन जगहों पर मटकी फोड़ का आयोजन रहा।

पहली मटकी मगरहिया बाजार में तथा दूसरी नगर के बड़े चौराहे पर तीसरी पोस्टर चौराहे पर होलीयारों के द्वारा फोड़ी गई। इस अवसर पर समिति के पधाधिकारी व स्वयं सेवकों सहित सैकड़ों बिसवां व ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# ताबड़ताड़ गोलियों की बौछार कर युवक की हत्या

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र के शाहजमाल के तेलीपाड़ा में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर हत्यारे फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

तलीपाड़ा का रहने वाला 25 वर्षीय आरिश पुत्र राशिद रोजा रखे हुए था वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था कि तभी कुछ युवक बाइक पर आए और आरिश पर एक के बाद एक आठ-नौ गोलियां चला दीं। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाके में सनसनी फैल गई। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है। मृतक आरिश तीन बेटों में बड़ा था। बेटे की हत्या से परिवार में मातम छा गया है।

युवक को गोली मारने की सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रही है। वीडियो में दिख रहा है कि दो लोग खड़े हैं, उनमें से एक बैठने की कोशिश करता है, तभी दो बाइक पर सवार युवक वहां रूके। युवकों ने एक व्यक्ति पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सड़क पर गिरने के बाद भी हमलावरों ने गोली मारीं। हमलावर गोली मार कर बाइकों पर सवार होकर फरार हो गए।

# नाचते समय विद्युत करंट से युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना गौंडा क्षेत्र के गांव अदू की नगरिया में होली के उत्सव में एक युवक डीजे पर नाचने के दौरान करंट की चपेट में आ गया। युवक को आनन-फानन जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गांव अदू नगलिया में होली का उत्सव धूमधाम से मनाते हुये डीजे पर युवा रंगों में सराबोर होकर नाच रहे थे। वहीं संदीप कुमार (24) पुत्र टीकम सिंह भी नाच रहा था। डीजे को चलाने के लिए बिजली की केबल युवाओं के ऊपर से गुजर रही थी, जिसमें कट लगा हुआ था। इसी दौरान संदीप का हाथ इसी तार के कट से छू गया और वह करंट की चपेट में आकर वहीं गिर गया।

विद्युत विभाग द्वारा बिजली काट दी गई जब जाकर युवक को तार से अलग किया गया। परिजन उसे उपचार के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आने पर रोना बिलखना शुरू हो गया। शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। संदीप तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और स्नातक कर रहा था।

# दिन भर रंग और गुलाल की धूम शाम को हुआ होली मिलन

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक और खुशियों से भरा रंगों का त्योहार है। हालांकि, समय के साथ त्योहार मनाने के तरीके बदल गए हैं, फिर भी कई स्थानों पर इसे पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। दिन भर होली के हुरियारे गली मोहल्ले में धूम धाम मचाते हुए देखे गए।

वही शाम को प्रशासन द्वारा होली मिलन समारोह नुमाइश मैदान में सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक संगठनों के मिलकर सभी को आपस में गले मिलकर शुभकामनाएं दीं ।

होली दो दिन तक चलने वाला पर्व है। पहले दिन होलिका दहन किया जाता है, जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है, और दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है।

पौराणिक कथा के अनुसार, असुर राजा हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को यह वरदान था कि आग उसे नहीं जला सकती। उसने अपने भतीजे प्रह्लाद, जो भगवान विष्णु का भक्त था, को जलाने की योजना बनाई। लेकिन अग्नि में बैठने पर होलिका स्वयं जल गई, जबकि प्रह्लाद सुरक्षित बच गया। तभी से होलिका दहन की परंपरा चली आ रही है। अगले दिन लोग रंग-गुलाल खेलकर, मिठाइयां बांटकर और संगीत-नृत्य के साथ इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाते हैं।



होली मिलन में भाग लेते आरएसएस कार्यकर्ता

# नल में विद्युत करंट आने से बालिका की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना गोंडा क्षेत्र के गांव रुदायन उर्फ तारापुर में एक परिवार की होली की खुशियां उस समय काफूर हो गई, जब एक बालिका घर के नल में उतरे करंट की चपेट में आ गई। आनन-फानन बालिका को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव रुदायन उर्फ तारापुर निवासी प्रमोद कुमार के घर होली होने के कारण परिवार के सभी लोग एकत्रित थे। बच्चे-बड़े सभी होली में व्यस्त थे। प्रमोद के घर के अंदर नल लगा है, जिसमें मोटर लगी हुई है। दोपहर करीब 12 बजे प्रमोद की पुत्री रियांशी (9) होली खेलने के दौरान पानी भरने के लिए नल के पास पहुंच गई। इसी दौरान नल में अचानक करंट उतर आया और बालिका उसमें चिपक कर बुरी तरह से घायल हो गई।बालिका को नल से चिपका देख परिवार के लोगों की चीख निकल गई। परिजनों ने बिजली बंद कर उसे करंट से दूर किया। उपचार के लिए निकटवर्ती चिकित्सक के पास लेकर भागे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत से परिवार में मातम छा गया और दूसरे बच्चे भी सहम गए। शाम को परिवार ने बालिका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रियांशी तीन भाई-बहनों के बीच दूसरे नंबर की बेटी थी।

# लखनऊ कमिश्नरेट के थाना विभूति खण्ड में पुलिस की दबंगई, अधिवक्ताओं को बंधक बना कर मारा पीटा पिलाई पेशाब

**● ... राजधानी लखनऊ के थाना विभूति खण्ड की पुलिस ने अधिवक्ताओं पर अभद्र भाषाओं का किया प्रयोग**

**.... पीड़ित अधिवक्ता का आरोप विभूति खण्ड की पुलिस ने पिलाई पेशाब।**

**..... अधिवक्ताओं ने मामला गंभीर होने पर आधा दर्जन पुलिसकर्मियों पर दर्ज कराया संगीन मुकदमा।**

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखण्ड थाने में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं को बंधक बनाकर पीटने का एक मामला प्रकाश में आया है। अधिवक्ता ने तहरीर देकर आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

**यह है पूरा मामला**

शुक्रवार सायं तकरीबन 6 बजे के आस पास थाना विभूतिखण्ड लखनऊ में सौरभ वर्मा एडवोकेट को जानकारी मिली कि कुछ अधिवक्ताओ (शिवम पान, शुभम यादव व अभिषेक सिंह) को थाना-विभूतिखण्ड में बंद करके मारा-पीटा जा रहा है। इस सूचना पर जब थाने पहुंचा तो वहा मौजूद पुलिस वाले वाकई अधिवक्ताओ को मारपीट रहे थे कुछ पुलिस वाले जिनमें से पंकज कुमार सिंह, जौदी (अपठनीय), इरफान, योगेन्द्र सिंह सेंगर, शुभम त्यागी, अनुज कुमार सुहैल खां कुछ तीन-चार कांस्टेविल व सिविल ड्रेस मे पुलिस वाले व कुछ ऐसे पुलिस वाले थे जो कि अपने नाम से नेमप्लेट हटा लिये थे संदीप कुमार मौर्य व अमित यादव सिपाही आदि थे। उक्त सभी लोगो ने हम लोगो को पकड कर बुरी तरह मारना पीटना शुरु किया गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुये कहने लगे कि तुम्हारी वकालत गा... में घुसा दूंगा। उक्त सभी लोग मारते-पीटते हुये हम सभी लोगो की कीमती चीजे पर्स सोने की चेन आदि सभी से छीन लिया। फिर सबने एक स्वर में कहा कि इन सभी वकीलो को पकडो इन सबको आज अपनी पेशाब पिलायेंगे। उक्त सभी लोगों ने लाकप में ही हम लोगो पर पेशाब किया। जिससे हम कुछ अधिवक्ताओ के मुंह पर पेशाब चली गई उक्त लोग यह भी कह रहे थे कि हमने कई वकीलो की गा... मारकर जज बना दिया है। इतना सब करने के बाद पुलिस वाले ने कहा कि अब तुम सभी अपने अपने घर से पैसे मंगवा कर लाओ सबसे पचास-पचास हजार रुपये लेकर छोड़ेगे। अन्यथा सबके विरुद्ध फर्जी मुकदमें लिखकर जेल भेज देंगे। जूनियर अधिवक्ता एव साथी राहुल पाण्डेय ने अध्यक्ष सेन्ट्रल बार को सूचित किया तब वह मौके पर कई अधिवक्ताओं के साथ पहुंचकर हम लोगो को छुड़वाया। पुलिस वालो ने थाने के कई फुटेज उस समय के डिलीट कर दिये है। फिलहाल पुलिस अमानवीय कृत्य का मुकदमा दर्ज हो गया है। अब देखना है कि मामले में निष्पक्ष विवेचना होती है या मामले को रफा दगा कर दिया जाएगा।



## आईएमए कानपुर में होलिका दहन व खेली गई फूलों की होली

● -जनता से बाजार की चीजें न खाने का किया आह्वान





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** दिनांक 13 मार्च को होली के शुभ अवसर पर आईएमए भवन परेड में होलिका दहन एवं फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन आई.एम.ए. भवन की छत पर रात्रि 8:00 बजे किया गया। जिसमें आई.एम.ए. कानपुर के सदस्यों ने एवं उनके परिवारजनों ने हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया होली के गीत गाए और उन पर नृत्य करके होलिका दहन एवं फूलों की होली का आनंद लिया। इस अवसर कई सदस्यों ने नृत्य और गायन की प्रस्तुति दी साथ ही सोनू शिवांगी नृत्य मंडली के कलाकारों ने श्री कृष्ण रासलीला की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

आई.एम.ए. कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने आए हुए सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों का स्वागत किया और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। आई.एम.ए. कानपुर के सचिव डॉ. विकास मिश्रा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं एवं आमजन मानस को ऑर्गेनिक रंगों से होली खेलने का आग्रह किया साथ ही सभी से अनुरोध किया कि बाजार के खोए की जगह घर के बने खोया से ही गुजिया बनाने और ज्यादा तला भूंजा चीजों का सेवन न करें स्वस्थ और सुरक्षित होली मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा लूथरा सांस्कृतिक सचिव एवं डॉ. अंतरा देबरॉय संयुक्त सांस्कृतिक सचिव ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. नीलम मिश्रा चेयरमैन सांस्कृतिक सब कमेटी एवं डॉ चंद्रा निहलानी उपाध्यक्ष एवं इंचार्ज सांस्कृतिक सब कमेटी का प्रमुख योगदान रहा।

इस अवसर पर कानपुर नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हरिदत्त नेमी भी सपरिवार मौजुद रहे एवं पूजा के पश्चात होलिका दहन किया। इस अवसर पर डॉ दीपक श्रीवास्तव वित्त सचिव, डॉ अनुराग मेहरोत्रा, डॉ अमित सिंह गौर, डॉ रोली मोहन, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ देबज्योती डेब्रॉय, डॉ सौरभ लूथरा, डॉ प्रीति निगम, डॉ क्षमा शुक्ला, डॉ कमल धवन, डॉ जुगनू सिंह, डॉ अविजित, डॉ संगीता आर्य, डॉ अनन्या बोस, डॉ अनीता गौतम, डॉ शुभि वरयानी, डॉ राशि मिस्त्र, डॉ अमृता सहा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने पत्नी व प्रशासनिक अफसरों के साथ खेल होली





● -"रंग बरसे भीगे चुनर वाली" गाने पर जम कर हुआ डांस

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी रश्मि सिंह एवं पुत्र सागर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गुलाल लगाकर होली खेली उन्होंने कर्मचारियों के साथ रंग बरसे भीगे चुनर वाली गीत पर डांस भी किया। इस अवसर पर, जिलाधिकारी ने कानपुर वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्यौहार है, मेलजोल, हिंदुस्तानियत और मानवता का त्यौहार है। उन्होंने सभी कानपुर वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आज अपने सरकारी आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जमकर होली खेली। होली मिलन समारोह में जनपद के आला अधिकारियों के साथ-साथ उनके परिजनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को होली की असीम बधाइयां दी। समारोह में जिलाधिकारी की पत्नी रश्मि सिंह व पुत्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार,एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, एसडीएम सदर रितु प्रिया एसडीएम बिल्हौर रश्मि लाम्बा, समेत जनपद के अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डीएम ने पत्नी और बेटे संग खेली होली, दी बधाइयां



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सपरिवार अपने आवास पर होलिका दहन कर जनपद वासियों को होली पर्व की बधाई दी। समस्त जनपदवासियों को शांतिपूर्ण ढंग से होली खेलने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि होली परस्पर प्रेम, और सौहार्द का त्योहार है इसे सभी लोग हंसी खुशी से मनाएं। जिलाधिकारी की पत्नी ने उनको रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी के बेटे भी उनके साथ थे। डीएम ने प्रशासनिक अफसरों के साथ खूब जमकर होली खेली और होली के गानों पर डांस भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम और सौहार्द का पर्व है इसको सभी लोग प्रेम भाव के साथ मनाएं।

### बिल्हौर पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** थाना बिल्हौर, पुलिस ने बलात्कार के एक आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। धारा 64 ( 1 ) /351 (2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जीशान कुरेशी पुत्र अनीस कुरेशी निवासी मोहम्मद सईयद बाड़ा कस्बा थाना बिल्हौर कानपुर नगर को चण्डाली हाइवे पुल के नीचे से पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री उम्र 20 वर्ष के साथ जबरजस्ती बलात्कार करने तथा घर बताने पर भाई को जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाने पर दिनांक 13 मार्च को मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिसके बाद पुलिस द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए टीम गठित कर अभियुक्त उपरोक्त की तलाश की गयी तथा अंदर 24 घंटे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### शराब के नशे में साइकिल सहित नहर में गिरा युवक, मृत्यु

**कानपुर।** ककवन थाना क्षेत्र के वासुक निवादा गांव में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। थाना ककवन अंतर्गत सीएचसी ककवन से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उद्घा निवासी राजेश कुमार कश्यप का शव अस्पताल में रखा गया है।स्थानीय पुलिस द्वारा प्राथमिक जांच में घटनास्थल का निरीक्षण एवं चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की गई, जिससे ज्ञात हुआ कि मृतक राजेश निकट देशी ठेका से शराब लेकर नशे की हालत में साइकिल से घर जा रहा था। छोटी नहर की पुलिया पर रेलिंग न होने के कारण वह पक्की नहर में गिर गया और उसकी साइकिल भी उस पर गिर गई, जिससे वह उठ नहीं सका।करीब 20-25 मीटर दूर बैठे चश्मदीदों ने उसे बाहर निकाला एवं पहचान कर परिजनों को सूचित किया। गंभीर चोटों के कारण स्थानीय लोगों व परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी ककवन भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।अब तक की जांच से कोई आपराधिक घटना नहीं प्रतीत होती, यह प्रथम दृष्टया एक दुर्घटना का मामला है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिक ने आप्राकृतिक दुष्कर्म का लगाया आरोप

**जौनपुर** जफराबाद स्थानीय थाना क्षेत्र के अहमदपुर के एक आठ वर्षीय बालक वसीम ने अपने ही पड़ोसी 18 वर्षीय युवक बुद्धु पुत्र जहीरूद्दीन पर आप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए बताया कि होली के दिन समय लगभग 12 बजे युवक ने उसको बहला फुसलाकर उसको एकांत में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया, प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक अपने नानी के घर रहता है और घटना के बाद उसने अपने परिजनों को जाकर जानकारी दी, तो परिजनों ने जफराबाद थाना में प्रार्थना पत्र दिया तथा इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष जफराबाद से पूछे जाने पर उन्होंने जानकारी न होने की बात कही।

### दो दिन से लापता व्यक्ति की गोमती नदी में मिली लाश



**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला अर्जन निवासी अल्ताफ अहमद पुत्र अब्दुल गफ्फार ई रिक्शा चला कर अपना और अपने घर वालों का पेट पालता था। बीते दो दिन से घर से लापता था, जिसकी तलाश उसके परिजन दो दिन से कर रहे थे। उक्त व्यक्ति की तलाश करते करते जब घर वाले थक हार गए तब उन्होंने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। तड़के शाम को सद्भावना पुल के नीचे उक्त व्यक्ति की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंच पुलिस वालो ने व्यक्ति की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की खबर उसके परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभाग के लिए सल्तनत बहादुर महाविद्यालय के बच्चे हुए रवाना




**बदलापुर/जौनपुर** राष्ट्रीय युवा महोत्सव गंगटोक सिक्किम में प्रतिभाग करने के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय से चयनित स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के साथ कार्यक्रम अधिकारी हुए रवाना।ज्ञातव्य हो कि प्रतिभागियों में 2 स्वयं सेविका श्रेया मौर्या तथा काजल उपाध्याय सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर ,तथा 2 स्वयं सेवक राहुल पटेल और आलोक प्रजापति बयालसी पी0जी0 कॉलेज जलालपुर के साथ उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 एम0 ए0 अंसारी सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर भी उपस्थित रहे। समस्त टीम को सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुनील प्रताप सिंह, प्रबंधक शश्याम सिंह एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामना देते हुए मंगलमय यात्रा के लिए बधाई दी।

### रूद्रपुर में पुलिस व होलियारों के बीच विवाद, थाने पर हंगामा

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर में समय सीमा के बाद डीजे के धुनों पर डांस करने और मना करने पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने को लेकर होली मना रहे होलियारों और पुलिस टीम के बीच झड़प हो गई। मामला बढ़ता देख सीओ अंशुमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। जिसमें कुछ लोगों को चोट आयी। घटना के बाद उपनगर में होली मना रहे लोग इकट्ठे हो गए और कोतवाली गेट पर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी पर मुकदमा दर्ज करने और उन्हें सस्पेंड करने की मांग भी की। हालांकि उच्च अधिकारियों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जुम्मे की नमाज को देखते हुए 1 बजे के बाद होली ना मनाने की सूचना प्रसारित की गई थी बावजूद इसके थाने के बगल में कुछ युवा डीजे पर डांस कर रहे थे और जमकर होली खेल रहे थे। पुलिस के मना करने पर वे उलझ गए और हूटिंग करने लगे। कानून व्यवस्था बिगड़ते देख पुलिस ने बल प्रयोग कर दिया। जिसमें कुछ लोगों को चोट लगी। थाने पर प्रदर्शन के दौरान उपनगर के गणमान्य लोगों ने उग्र युवाओं की भीड़ को समझा बूझाकर शांत कराया। इस संबंध में बात करने पर कोतवाली पुलिस ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती करनी पड़ी।

### सोमवार को आयोजित होगा होली मिलन समारोह

**महराजगंज।** नौतनवां रतनपुर ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व में सोमवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने कार्यक्रम में ब्लाक के सभी कर्मचारियों व स्थानीय पत्रकार समेत सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को समयानुसार प्रतिभाग करने की अपील की है।

### नहाते समय नदी में डूबने से बालिका की मौत

**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगपरी के टोला लमतिया निवासी सुग्रीव यादव की बारह वर्षीय बालिका मैना होली के दिन गांव से कुछ दूरी पर नदी में नहाते समय नदी में डूबने से बालिका की मौत हो गई । नदी में डूबी बालिका का शव बाहर निकाला गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ओमकार कुशवाहा का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही।

## सपा कार्यालय कानपुर में मनाई गई कांशीराम जयंती



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर शनिवार।** मान्यवर कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीगण और फंटल अध्यक्षों की बैठक सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद जी की अध्यक्षता में सपा कार्यालय मे सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया की मान्यवर कांशीराम जी भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किया।

उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति (डीएस4, 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की स्थापना की। एक बार अटल बिहारी वाजपेयी ने कांशीराम को राष्ट्रपति बनाने का ऑफर दिया। कांशीराम ने कहा राष्ट्रपति क्या, मैं तो प्रधानमंत्री बनना चाहता हूं। यानी कांशीराम को कोई बरगला नहीं सकता था। कांशीराम पहली बार लोकसभा 1991 मे इटावा से चुनाव लड़कर पहुंचे थे जिसमे नेता जी श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी ने भरपूर मदद और मेहनत कर चुनाव जिताया था। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, दीपक खोटे, शादाब आलम, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, अकील अहमद, मंनप्यारे वाल्मिक, इशरत इराकी, उमाकांत यादव, रमेश कुशवाह,अजित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जफराबाद में रेलवे क्रॉसिंग का बूम टूटा, यातायात प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर,जफराबाद** रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह एक बड़ी लापरवाही सामने आई, जब रेलवे फाटक (बूम) क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के कारण रेलवे मार्ग और सड़क यातायात दोनों प्रभावित हुए, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**कैसे टूटा रेलवे फाटक?**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के दौरान एक भारी वाहन चालक ने जल्दबाजी में बैरियर पार करने की कोशिश की, जिससे बूम को नुकसान पहुंचा और वह टूटकर गिर गया। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर वाहन चालक रेलवे फाटक खुलने से पहले ही जबरन निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे ऐसे हादसे होते हैं।

**यातायात प्रभावित, रेलवे कर्मियों ने संभाला मोर्चा**

फाटक टूटने के कारण क्रॉसिंग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। रेलवे कर्मियों ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए अस्थायी रूप से व्यवस्था बनाई और रेलवे प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने बूम की मरम्मत शुरू कराई, जिससे कुछ समय बाद यातायात सामान्य हो सका।

**रेलवे प्रशासन ने की अपील-** रेलवे अधिकारियों ने वाहन चालकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और जल्दबाजी न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग पर लापरवाही बरतने से न केवल रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचता है, बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।

**स्थानीय लोगों की मांग ङ्क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों-** स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि रेलवे क्रॉसिंग पर सख्ती बढ़ाई जाए और ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाए जो नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसके अलावा, फाटक पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और गेटमैन की सतर्कता बढ़ाने की भी मांग की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।



**रेलवे विभाग की ओर से क्या कहा गया?**

रेलवे विभाग ने कहा है कि जल्द ही टूटे बूम की मरम्मत पूरी कर ली जाएगी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल, इस घटना से यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा, लेकिन रेलवे प्रशासन के प्रयासों से स्थिति सामान्य कर दी गई।

## होली और जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न, प्रशासन की सतर्कता रही प्रभावी



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर, 14 मार्च 2025-** जनपद में रंगों का महापर्व होली और धार्मिक आस्था से जुड़ी जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिसका पूरा श्रेय जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सतर्कता को जाता है।


**प्रशासन ने रखी कड़ी नजर, ड्रोन कैमरों से की गई निगरानी-** होली और जुम्मे की नमाज को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन पहले से ही मुस्तैद था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

**पुलिस बल रहा अलर्ट, अफवाहों पर रखी गई पैनी नजर-** पुलिस ने प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ा दी थी। साथ ही, सोशल मीडिया पर भी विशेष मॉनिटरिंग की गई, ताकि किसी तरह की अफवाहें या भ्रामक जानकारी फैलने से रोकी जा सके। पुलिस एवं प्रशासन की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि लोग बेखौफ होकर अपने-अपने त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना सके।

**प्रशासन की अपील - शांति और सौहार्द बनाए रखें-** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक ने समस्त जनपदवासियों को होली एवं जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न होने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जौनपुर के लोगों ने प्रेम, एकता और सद्भाव का परिचय दिया है, जो अनुकरणीय है। उन्होंने नागरिकों से आगे भी शांति और भाईचारे का संदेश फैलाने की अपील की।

**जनपदवासियों ने जताया आभार-** शहरवासियों और गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन की मुस्तैदी और बेहतर व्यवस्था के लिए सराहना की। नागरिकों का कहना है कि पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा प्रबंधों के कारण हर कोई निश्चिंत होकर अपने पर्व को उल्लासपूर्वक मना सका। जौनपुर में प्रशासन और जनता के सहयोग से यह पर्व एक बार फिर शांति, प्रेम और उल्लास का संदेश देकर संपन्न हुआ।

## पांच वर्ष की मासूम बच्चियों ने रखा रोज़ा, कहा अल्लाह सबाब देगा





स्वतंत्र प्रभात

**शाहगंज(जौनपुर)** मुस्लिम समाज के चल रहे पवित्र माह रमज़ान में ऐसी खबरें आती रहती हैं जो सोचने पर विवश कर देती हैं की धर्म ही एक ऐसा है जो इंसान और ईश्वर को जोड़े रखता है।ऊर्जा देता है, ताकत देता है।और बात रमज़ान की हो तो बात ही कुछ अलग हो जाती है।आज पूरी दुनियां में मुस्लिम समाज रमज़ान के रोजे रख अपने नफ़्स पर काबू और इस महीने की फ़ज़ीलत का लाभ लेने को उतावला रहता है।चाहे बच्चें हो, जवान हो, बूढ़े हो सब के सब अल्लाह की इबादत में लगे हैं।इसी तरह तरह तहसील क्षेत्र के ग्राम जैगहा निवासी दिलशाद अहमद की पाँच वर्षीय पुत्री माहिरा और शाहगंज नगर के मोहल्ला शाहपन्जा निवासी दिलशाद मंसूरी की छह वर्षीय पुत्री आयत ने रोजे रख कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया।सबने कहा की खाना खा लो मगर दोनों मासूम के इरादे इतने नेक और मजबूत थे की गर्मी और भूख इनके हौसले के सामने नही टिक पाए जिसकी चर्चा चहुओर हो रही है।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मड़ियाहूं तहसील इकाई का गठन, रवि सिन्हा बने तहसील अध्यक्ष




स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर मड़ियाहूं** पत्रकारों के अधिकारों की सुरक्षा और संगठन की मजबूती के उद्देश्य से राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मड़ियाहूं तहसील इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से रवि सिन्हा को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**संगठन विस्तार पर विशेष जोर-** राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार, परिषद के जिला अध्यक्ष तामीर हसन शीबू की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रभारी शशिकांत मौर्य, जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला सचिव रवि कुमार केशरी और जिला विधि सलाहकार अमित तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में रवि सिन्हा को मड़ियाहूं तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही, तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।

नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार है- तहसील अध्यक्ष- रवि सिन्हा, उपाध्यक्ष- रोहित पटेल, आशीष मौर्या, सोनू गुप्ता, महामंत्री- अभिषेक पटेल, गंगेश निगम

**पत्रकारों के हितों की रक्षा होगी प्राथमिकता-** नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाना और उनके सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहना संगठन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिषद के सदस्य हर परिस्थिति में अपने पत्रकार साथियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

**संगठन विस्तार पर चर्चा-** बैठक में संगठन को मजबूत करने और पत्रकारों को एकजुट करने पर विशेष जोर दिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

**अध्यक्ष ने किया स्वागत-** बैठक के अंत में तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों, पत्रकार बंधुओं और जिले से आए वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत और आभार प्रकट किया। यह बैठक पत्रकार सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## पुलिस के सख्त पहरे में संपन्न हुई होली व जुमे की नमाज

स्वतंत्र प्रभात

होली के उल्लास में डूबा रहा पूरा जिला, खूब उड़े अबीर गुलाल



**खेतासराय(जौनपुर)।** जिला प्रशासन की कड़ी चौकसी और पुलिस के सख्त पहरे में होली का त्यौहार और जुमे की नमाज संपन्न हो गया। अति संवेदनशील इलाकों में भी पुलिस की सक्रियता का असर रहा कि परिंदा भी पर नहीं मार सका। वैसे एक दूसरे का कपड़ा फाड़ना होली का हुड़दंग करना यह जिले भर में चलता रहा। जनपद के अति संवेदनशील खेतासराय कस्बा, शाहगंज मड़ियाहूं में भी बहुत शांति के साथ त्यौहार संपन्न हुआ।

एसडीम शाहगंज राजेश चौरसिया, डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान, नायब तहसीलदार पीयूष सिंह , कस्बा लेखपाल विवेक ठाकुर, राहुल मौर्य व खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय भारी पुलिस बल के साथ पूरे दिन चक्रमण करते रहे। जुलूस के साथ भाजपा नेता जगदंबा प्रसाद पांडेय, नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, बृजनाथ जायसवाल, धर्मचंद गुप्त, संजीव गुप्ता, डॉ अमलेन्द्र गुप्ता, सपा नेता मोहम्मद असलम व रूपेश गुप्ता मोनू, सफ़र शेख पूरे सहयोग के लिए लगे रहे।

शुक्रवार को गांव और शहर हर तरफ होली का उल्लास रहा। हर उम्र के लोग होली खेलने में मशगूल रहे। होली खेलने पर लोग अपनी रंग बिरंगी फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर शेयर कर रहे थे।अपने मित्रों और रिश्तेदारों को लोग बधाई संदेश भी दे रहे थे। मछलीशहर, मुंगराबादशाहपुर कस्बों के अलावा बंधवा बाजार, मीरगंज, गरियांव, पवांरा, सुजानगंज, सतहरिया, खुटहन, सुईथाकला आदि बाजारों में जगह-जगह सड़कों भी रंगीन दिखी। होली को लेकर सबसे अधिक उत्साहित बच्चे रहें। एक दूसरे को रंग अबीर लगाने में कोई पीछे नहीं रहना चाहता था। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों पर रंग डालने के लिए बच्चे छतों और गलियों में पिचकारियों में रंग भर कर मुश्तैद रहते थे जैसे ही कोई बाइक सवार या साइकिल सवार सड़क से गुजरता था। उन पर बच्चे रंगों की बौछार कर देते थे। दिन चढ़ने के साथ ही फिजा रंग गुलाल से रंगीन होती गई। ग्रामीण और शहरी इलाकों में डी जे के साथ लोग नाचते गाते लोगों रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते आगे बढ़ रहे थे। दोपहर तक बाद लोग घरों से निकल कर एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर मिलते रहे यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। ग्रामीण इलाकों में शाम को जगह -जगह लोग ढोल मजीरे की धुन पर फाग, चइता, बेलवइया जैसे लोकगीतों का गायन कर रहे थे।लोक गीत का गायन होने वाले स्थानों पर लोग ठंडई भी पी रहे थे। चिप्स, पापड़ और गुझिया जो पहले से ही तैयार थी,को घर आने वाले लोगों की आवभगत में परोसी जा रही थी।

### मारपीट में युवक गंभीर घायल रेफर जिलामुख्यालय

**बदलापुर/जौनपुर-** नगर पंचायत बदलापुर अंतर्गत सरोखनपुर में शुक्रवार को होली के दिन हुई दो पक्षों में मारपीट में एक युवक गंभीर तौर पर घायल हो गया। जिसे उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। ज्ञातव्य हो कि सरोखनपुर निवासी 35 वर्षीय संजय सरोज को होली हुडदंग के दिन एक विशेष जाति लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में परिवारिक जन बदलापुर सरकारी हॉस्पिटल ले गये। जहां डाक्टरों ने गंभीर हालात देख जिला मुख्यालय रेफर कर दिया / जब इसकी जानकारी कोतवाली बदलापुर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ली गई तो उन्होंने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलती है तो केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व



**बरेली/क्योलड़िया।** रंगो का पर्व होली आपसी सौहार्दऔर भाईचारे के साथ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई लोगों ने एक दूसरे के रंग लगाकर अबीर गुलाल उड़ाया क्योलडिया थाना क्षेत्र में रंगों का पर्व होली क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्षेत्र के गांव क्योलडिया, बहर जागीर, भौआ बाजार, ठिरिया बन्नो जान समेत आदि गांव में सुबह से ही होली का पर्व मनाया गया लोगों ने एक दूसरे के रंग लगाकर अबीर गुलाल उड़ा कर त्यौहार मनाया गया छोटे ने बड़े के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया क्षेत्र में होली का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ लगातार क्षेत्र में मुस्तैद रहे शनिवार को पुलिस ने जमकर होली खेली और एक दूसरे के रंग लगाकर होली की मुबारकबाद दी।

### विधायक ने होली मिलन समारोह में आयोजित किया रंगारंग कार्यक्रम हुआ



**बरेली/नवाबगंज** विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने होली के पर्व पर एक सामूहिक आयोजन करके होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के तहत नगर से लेकर देहात तक के लोग सम्मिलित हुए यहां पर लोगों ने विधायक के साथ अमीर गुलाल वर्षा कर होली के पर्व का आनंद लिया और एक दूसरे को होली के पर्व की बधाई दी इस कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों को भी आमंत्रित किया गया था। जिसके तहत रह कार्यक्रम रोचक तरीके से संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में विधायक आर्य ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन नवाबगंज के अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय प्रभारी सुमित कश्यप गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय गंगवार सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर डॉक्टर ए के गंगवार भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### प्राचीन श्री दुर्गा माता मंदिर में होली मिलन समारोह हुआ संपन्न



**सिंगाही खीरी।** होली के अवसर पर कस्बे के प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह में सभी वर्ग के लोग पहुंचे एवं सभी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल का टीका लगा कर होली की शुभकामनाएं दीं।होली मिलन समारोह दुर्गा देवी मंदिर समिति के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह नगर के सम्मानित लोगों की उपस्थिति में हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पंडित राम गोपाल मिश्रा ने सभी को संबत पढ़कर सुनाया। इस दौरान डॉ एमआर सेठी, पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा,प0 सोनेलाल मिश्रा, उत्तम कुमार सोनी, प्रदीप पुरवार, रामकुमार जायसवाल, सुनील बत्रा सहित मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी व व नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मातम मे बदला होली का त्यौहार

**भीखमपुर।** मोहम्मदाबाद गांव में एक ही परिवार से होली के दिन दो मौतें हो गई।एक युवक पर छत का छज्जा गिरने से जबकि दूसरे चचेरे भाई की मौत बीमारी के चलते गुजरात राज्य में हुई। दोनों का पीएम कराया गया है।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। हैदराबाद के गांव मोहम्मदाबाद निवासी रामप्रसाद 48 सामने बने मकान के पास खड़े हुए थे।अचानक छत का छज्जा गंभीर घायल हो गए।इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर गए।वहीं इलाज के दौरान रामप्रसाद की मौत हो गई। घर में मृतक रामप्रसाद की पत्नी रामदेवी और पुत्री संजना हैं।परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल है।इसी घर में रामप्रसाद के चचेरे भाई आकाश 19 पुत्र राजाराम की मौत बीमारी के चलते होली वाले दिन हो गई।राजाराम के दो पुत्र थे। बड़ा पुत्र रामनरेश और छोटा आकाश था।आकाश गुजरात राज्य में कहीं मजदूरी करता था। वहां बुखार आने के बाद उसकी मौत हो गई।आकाश की माता राजरानी समेत सभी का रो रो कर बुरा हाल है।परिवार के दोनों चचेरे भाइयों की मौत होली के दिन होने से लोग परेशान हैं।दोनों मृतकों का पीएम कराया गया है।

# ग्रामीणों ने लगाये मानक बिहीन इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेल खुर्द के मजरा गांव सिरसी में प्रधान और सचिव मिलकर सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे है नकहा विकास खंड के ग्राम पंचायत बेलखुर्द मजरा सिरसी गांव में लाखों रुपए की लागत से करीब सौ मीटर से ज्यादा इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है यह कार्य पंचायत मित्रद्वारा ठेकेदारीप्रथा से कराये जाने के आरोप लगाए जा रहे है पंचायत मित्र ठेकेदारी करते देखे जा सकते है जिसमें हर स्तर पर मानको की अनदेखी की जा रही हैं खुलेआम धाधली कर सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है वही पंचायत सचिव से लेकर ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी इसको लेकर लापरवाह बने हुए है इतना ही नहीं हैंड पंप सालों से बंद पड़े हैं।

ग्रामीण लोग को पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो रहा है रिबोर और मरम्मत का लाखों रुपया निकाल लिया गया है जबकि हकीकत कुछ और वया कर रही हैं ग्राम पंचायत बेल खुर्द के मजरा गांव सिरसी में इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में बनाई जा रही फाउंडेशन में खुलेआम पीला इंटों का प्रयोग किया जा रहा है और जुडाई में भी भारी मात्रा में बालू का प्रयोग किया जा रहा है और इंटरलॉकिंग रोड के नीचे मिट्टी और पोला ईंटों की गिट्टी की कुटाई कराई जा रही है।

जो मांनको के साथ खिलवाड़ है कुल मिलाकर उक़्त गांव में बन रहे इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में हर स्तर पर मानक विहीन कार्य कार्य कराकर बड़ी धांधली की जा रही है और सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है और निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है परिणाम स्वरूप इंटरलॉकिंग रोड के निर्माणकार्य शासन की मशा के बिल्कुल विपरीत है फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही कुल मिलाकर मानकों की दुहाई देने वाले नकहा ब्लाक के अधिकारी इसमामले पर जानबूझकर अनजान बने हुए हैं जैसे उन्हें कुछ मालूम ही नहीं है अब देखना यह है होगा की मामले में कोई कार्यवाही की जाती है या ऐसे ही मामले को टाल दिया जाएगा खंड विकास अधिकारी नकहां ब्लॉक से लेकर जिले के उच्च अधिकारी कौन सी करवाई करते हैं या फिर प्रधान के संरक्षण मे सचिव से साठ गाँठ करके पंचायत मित्र ठेकेदारी करते रहेंगे। फिलहाल मामला जांच का विषय बना है।

# गंगा जमुनी तहजीब क्या होती है ये कोई बरोठा के लोगों से जाकर पूछें

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन खीरी–** जहाँ एक तरफ पूरे देश मे होली और जुम्मे की नमाज को लेकर असमंजस बना हुआ था प्रशासन भी बड़ी शक्ति से कम कर रहा था चारों तरफ पुलिस अपने दर डाले हुए बैठी थी लगातार सोशल मीडिया पर चल रहे संभल सीओ अनुज चौधरी के बयान से एक अलग ही माहौल बना हुआ था पर इन सब बातों का कोई भी प्रभाव नहीं देखने को मिला निघासन की ग्राम पंचायत बरोठा में गंगा जमुनी तहजीब की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली होली का कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ वही दूसरी तरफ मुस्लिम भाइयों ने समय से नमाज अदा की और रोजा इफ्तार के बाद तुरंत मुस्लिम भाइयों ने हिन्दू भइया को होली की शुभकामनाएं देने उनके घर पहुंचे और गुझिया व अन्य व्यंजनों का लिया स्वाद बुजुर्गो की माने तो उनका कहेना है कि यहा परम्परा गांव में सदियों से चली आ रही हमारे गांव में कभी भी हिंदू व मुस्लिम को लेकर विवाद उत्पन्न नहीं हुआ है हम लोगो के बीच नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता व कई बार ग्राम प्रधान स्वर्गीय शत्रोहन शुक्ला के द्वारा गांव के लोगों में सदभाव बनाने का कुशल नेतृत्व करते थे शुक्ला जी हर एक समाज के लोगो को अपना छोटा भाई मान करते थे उनके हर छोटे बड़े हक की लड़ाई भी लड़ा करते थे वही दूसरी तरफ हम सभी ग्रामीण भी उनको सम्मान देते थे।और उनके द्वारा बताई गई बातों को मानते थे। उसी परम्परा को आगे लेकर चल रहे उनके सुपुत्र अमर प्रकाश शुक्ला अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए हिन्दू मुस्लिम एकता की आज भी मिसाल पेश की मुस्लिम समुदाय के लोग रोजेदार इफ्तार करने के बाद तुरन्त अमर प्रकाश शुक्ला के पैतृक गाँव बरोठा में उनके आवास पर होली की बधाई शुभकामनाएं देने पहुंचे जहां हिन्दू मुस्लिम भाई एक दूसरे को गले मिलकर होली व रमजान की बधाई दी। गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की देखने में कुछ ऐसा मिला जैसा कृष्ण जी सुदामा से मिलने के लिए व्याकुल हो हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कुछ अलग ही देखने को मिली

**क्या कहते हे लोग**

1 अमर प्रकाश शुक्ला बरोठा का कहना हे कि हम सब लोगों को एक होकर रहना चाहिए जो हमारे पारंपरिक सद्भावना एक दूसरे के प्रति हमारे पापा व बाबा द्वारा चली आ रही उन्हीं को हम सब को साथ लेकर चलना चाहिए व आपने राष्ट के प्रीति अटूट प्रेम रखना चाहिए

2 धीरेन्द्र कुमार पांडे का कहना हे कि हम सब एक माता की सन्तान हे आपस में भाई भाई हे परिवार में अलग हो जाने से परिवार टूटता नहीं हे हम सब एक होकर रहेंगे हम सब आपस में भाई भाई है और सबसे बड़ी बात ना हम हिंदू हैं ना मुसलमान सबसे पहले हम एक इंसान हैं और इंसान एक दूसरे के काम आता ही है।

3 अरविंद कुमार शुक्ला का कहना हे हिंदी हमारी माता हे तो उर्दू भी हमारी मौसी हे मौसी का पुत्र भी हमारा भाई हुआ इस लिए हम सब एक हे एक दूसरे के त्योहारों को खुशी के साथ मनाते हे व एक दूसरे को आपस में त्योहारों की बधाई व शुभकामनाएं देते है।

### आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल,एक की हालत गंभीर



**भीखमपुर,** मोहम्मदी लखीमपुर मार्ग पर भीखमपुर कस्बा से सात सौ मीटर की दूरी पर ढढौरा गांव के पास आमने-सामने दो बाइकों के टकराने से तीन युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने दो घायल युवकों को 112 पीआरबी से सीएचसी मितौली भेज दिया जबकि गंभीर घायल युवक को परिजन प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। मितौली के नगरा गांव निवासी शिवम मिश्रा 30 पुत्र अखिलेश बाइक से मोहम्मदी से वापिस आ रहे थे। वहीं लखीमपुर की ओर से आ रहे थाना फूलबेहड़ के गांव वजीर पुरवा निवासी 19 वर्षीय पहलवान पुत्र बालकराम और लवकुश 16 पुत्र रामलखन बाइक से मोहम्मदी मार्ग पर ढढौरा गांव के पास दोनों की जोरदार भिड़ंत हो गई।जिसमें नगरा निवासी शिवम गंभीर घायल हो गया।जिसको परिजन इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लेकर गए जहां जवाब होने पर डाक्टरों ने लखनऊ भेज दिया।मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने पहलवान और लवकुश को इलाज के लिए 112 पीआरबी से मितौली सीएचसी भेज दिया।

# रंगों का पर्व होली बड़े शांति और सौहार्द पूर्वक संपन्न हुआ



स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**रंगों का पर्व होली प्रशासन की सूझबूझ और चौकसी के चलते बड़े ही शांतिपूर्वक संपन्न हुआ इस पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए यहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य का यह कृत्य सराहनीय रहा है उन्होंने होली और रमजान दोनों साथ-साथ होने पर जिले की पुलिस को इस तरह दुरुस्त रखा के कहीं पर भी कोई खुरा पाती अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सका इसके लिए उन्होंने समस्त थाना प्रभारी एवं क्षेत्राधिकार को संभावित वाले स्थान पर बैठकर करके पहनी नजर रखने का निर्देश दिया था।

जिसके तहत शहर से देहात तक कहीं पर भी किसी का अहित नहीं हुआ नहीं किसी को मनमानी करने का अवसर मिला इसी क्रम में नवाबगंज उप जिला अधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकार हर्ष मोदी ने भी समस्त थाना प्रभारी के साथ भ्रमण कर होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कड़ी मेहनत की जिसके चलते क्षेत्र में पूर्णता शांति बनी रही विकासखंड भदपुरा के गांव केला डाडी मेल लंबे समय से दो समुदायों के बीच चल रहे विवाद के तहत प्रशासन चिंतित था। प्रशासन की चौकसी के चलते गांव में पूरी तरह सौहार्द बना रहा है इसके लिए क्यों लड़ियां के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को लोगों ने बधाई दी।

# हिंदुओं ने धूमधाम से खेली होली वही मुसलमानों ने अदा की जुमे की नमाज



स्वतंत्र प्रभात

**निघासन खीरी.** जिले में एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। हिंदू भाइयों ने धूमधाम से होली खेली,तो मुस्लिम समाज ने दोपहर 2 बजे के बाद जुमे की नमाज अदा की। प्रशासन की कड़ी निगरानी और बेहतरीन रणनीति के चलते शहर से गांव तक त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी संकल्प शर्मा के कुशल नेतृत्व में जिलेभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक अमला थाना,तहसील और जिला मुख्यालयों पर पीस कमेटी की बैठकों के जरिए शांति का संदेश दे चुका था।पिछले कई दिनों से पुलिस और प्रशासन की ओर से लगातार फ्लैग मार्च निकाला गया,जिसका असर आज शानदार तरीके से दिखा। डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए थे,जिससे अनावश्यक शोर-शराबे और विवाद की कोई स्थिति नहीं बनी।शहर से लेकर गांव तक हर चौराहे,प्रमुख सड़कों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा रहा। प्रशासनिक अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर निगरानी करते रहे,जिससे पूरे जिले में होली का पर्व हंसी-खुशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। आपको बता दे सीओ ने निर्देशन मे पुलिस हर तरह से शांति व्यवस्था के लिये पीस कमेटी की बैठक की जिससे छेत्र मे चारो तरफ आज गंगा जमुना की तरह होली और नमाज शन्ति पूर्वक सम्पन्न हुई पुरे निघासन मे कही भी डीजे नहीं बजा लोगो प्रशासन की प्रसंसा की चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही।

# वाह रे पंचायत सचिव सरकारी पंचायत घर बंद करके अपने निजी पंचायत घर से चलाते हैं पंचायती राज

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** जनपद में 1167 ग्राम पंचायतों में मिनी पंचायत सचिवालय बने हैं लेकिन ग्राम पंचायत सचिव वहां से काम काम करने के बजाय अपने निजी कार्यालय से पंचायत के कामकाज निपटाते हैं जिससे ग्रामीण जनता वहां दौड़ती है कोई परेशानी उठानी पड़ती है पंचायत सचिवों ने सरकारी कंप्यूटर ऑपरेटर पंचायत सहायकों से काम लेने के बजाय अपने निजी कर्मचारी तैनात कर रखे हैं जो जनता से उनके परिवार रजिस्टर नकल जन्म प्रमाण पत्र आदि के लिए अवैध वसूली करते हैं पंचायती राज विभाग और जिला पंचायत राज अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं देते हैंजनपद लखीमपुर खीरी में 1167 ग्राम पंचायत में सभी में मिनी पंचायत सचिवालय बन चुके हैं कंप्यूटरों की खरीद की जा चुकी है लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर पंचायत सहायकों से काम नहीं लिया जा रहा है लेकिन उन्हें मानदेय दिया जा रहा है ग्राम पंचायत में पंचायत कार्यालयों का संचालन न होने के कारण ग्रामीण जनता ब्लॉकों के चक्कर काटती है और ब्लॉकों के आसपास बने पंचायत सचिवों के निजी कार्यालय में उनके निजी प्राइवेट कर्मचारियों के द्वारा शोषण का शिकार होती है। पंचायत सचिव ग्राम पंचायत की जनता को सीधे नहीं मिलते इसमें दोष ग्राम प्रधानों का भी है वह भी नहीं चाहते कि ग्राम पंचायत की जनता पंचायत स्वयं सचिव से संपर्क में रहे और ग्राम पंचायत अधिकारी भी अपने रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में नहीं जाते हैं जिस कारण सरकार की छवि धूमिल होती है जिला पंचायत राज अधिकारी भी निरीक्षण नहीं करते हैं ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी भी समय पर नहीं जाते हैं जिससे गांवों में सफाई कार्य भी अधूरा रहता है लखीमपुर ब्लाक के आसपास बने भवनों में ग्राम पंचायत सचिवों के कार्यालय निजी तौर पर संचालित होते हुए देखे जा सकते हैं यहां उनके निजी कर्मचारी काम करते हैं और अपने कार्यों के लिए आने वाली ग्रामीण जनता का खुलेआम शोषण करते हैं।

# एएमयू में छात्रों ने जमकर भारत माता के नारे लगाकर खेली होली

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ।** एएमयू में होली पर को इतिहास रचते हुये हिंदू ने पहली बार यूनिवर्सिटी के एनआरएससी हाल में जमकर होली खेलते हुये वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। एएमयू प्रशासन द्वारा इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

स्थानीय पुलिस के अलावा आरएएफ और पीएसी को तैनात किया गया था। इस हाल में होली मिलन समारोह की अनुमति को लेकर ही विवाद हुआ था। अखिल भारतीय करणी सेना और भाजपा सांसद सतीश गौतम के छात्रों के पक्ष में उतरने के बाद ही एएमयू प्रशासन ने होली खेलने की अनुमति दी थी।

यह पहला मौका था जब छात्रों ने एक तय स्थल पर होली मनाई है। वैसे, हमेशा की तरह यूनिवर्सिटी परिसर में भी छात्र-छात्राओं ने होली खेली। एएमयू में विधि के छात्र अखिल कौशल ने इसे एतिहासिक जीत बताया है। अखिल ने ही इस आयोजन की अनुमित मांगी थी, जिससे यूनिवर्सिटी प्रशासन ने नई परंपरार का हवाला देते हुए इन्कार कर दिया था। इसे लेकर 12 दिन तक विवाद चला था। इसके बाद ही एएमयू प्रशासन ने अनुमति दी थी। एनआरएसी हाल के परिसर में करीब 100 हिंदू छात्रों ने होली खेली। खूक रंग-गुलाल उड़ाया। छात्र नेता ने 80 किलो गुलाल, 20 किलो गुझिया, पांच किलो नमकीन और 150 पानी की बोतलों का इंतजाम किया था। छात्र नेता ने बताया कि एएमयू प्रशासन व एनआरसीसी प्रोवोस्ट की ओर से आयोजन में केई मदद नहीं मिली।

हाल के परिसर में चारों ओर पोस्टर जरूर लगवा दिए थे कि आप सीसीटीवी कैमरों की नजर में हैं। जबकि हेप्पी होली के पोस्टर लगवाने चाहिए थे। म्यूजिक सिस्टम लगाने की अनुमति भी नहीं दी। सीओ सिविल लाइन अभय कुमार पांडेय ने बताया कि एनआरएससी क्लब में छात्रों की होली शांति पूर्वक रही। छात्रों को ही हाल परिसर में होली खेलने की एएमयू प्रशासन ने अनुमति दी थी।

# धूमधाम से मनाया गया विजय महोत्सव

**● देर रात तक चलता रहा भजन कीर्तन सत्संग कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी।** मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर कल्कि अवतारी भगवान सदानंद धाम आश्रम डिमहौरा मिरवापुर में गत बुधवार को विजय महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था साथ ही रात्रि में जल रहे हजारों दीपों ने आश्रम परिसर को एक दीपावली सा माहौल बना दिया। सदानन्द तत्त्वज्ञान परिषद् के तत्वावधान में आश्रम पर चल रहे सत्संग कार्यक्रम में भगवान सदानन्द जी परमहंस के शिष्य भक्त तीरथराज जी ने कहा कि वास्तव में कर्म तीन प्रकार के होते हैं-- कुकर्म, सुकर्म और सत्कर्म । जो कर्म हमें नहीं करने चाहिये किन्तु दुष्प्रवृत्ति और स्वार्थवश हम कर रहे हों जैसे झूठ बोलना, चोरी-बेइमानी-धोखाधड़ी करना, हत्या करना, किसी को सताना आदि कुकर्म या पापकर्म हैं जिनकी अन्तिम उपलब्धि यातनाओं से युक्त नरक है । ऐसे कर्म जिन्हें हमें नैतिकता के आधार पर लोक-सेवार्थ करने चाहिये जैसे यज्ञ करना, धर्मशाला बनवाना, प्याऊ बनवाना, भूखों-गरीबों की सहायता करना आदि सुकर्म या पुण्यकर्म हैं जिससे स्वर्ग की प्राप्ति होती है । सुकर्म में स्थायित्त्व न होने के कारण पुण्य क्षीण होते ही स्वर्ग से धकेल दिये जाते हैं जबकि सत्कर्म का फल सदा-सर्वदा के लिये स्थायी होता है और वह है परमधाम (अमरलोक) की प्राप्ति । परमसत्य रूप परमात्मा-परमेश्वर-खुदा-गॉड-भगवान' को जान-देख परख-पहचान कर उन्हीं को समर्पित-शरणागत रहते हुये उन्हीं के लिये (भगवान के लिये) किये गये कर्म को सत्कर्म कहते हैं । महात्मा जी ने कहा कि कुकर्म-सुकर्म से मानव जीवन का मंजिल (मोक्ष) कभी भी प्राप्त नहीं हो सकता, मंजिल अथवा मोक्ष जब भी मिलेगा 'ज्ञान और सत्कर्म' से ही मिलेगा । 'कुकर्म और सुकर्म का सिद्धान्त पारिवारिक-सांसारिक जीवन जीने वालों पर ही लागू हो सकता है, सत्कर्मी पर नहीं, क्योंकि सत्कर्म का सिद्धान्त पृथक् और भिन्न होता है । पारिवारिक संकुचित बन्धनों को तोड़कर 'खुदा-गॉड-भगवान' रूप 'परमसत्य' के माध्यम से 'बसुधैव कुटुम्बकम्' यानी पृथ्वी के सारे प्राणी मात्रा ही हमारा परिवार है और हमारी पारिवारिक जिम्मेदारी धरतीवासी समस्त बन्धुजन के लिये समान है अर्थात् 'धर्म-धर्मात्मा-धरती' रक्षार्थ रहने-चलने वाला निष्काम सेवा भावी जीवन ही 'सत्कर्म' है। तीरथराज जी श्रोताओं को सम्बोधित करते हुये बताते हैं कि कोई भी यह सोच-समझ सकता है कि जो व्यक्ति पारिवारिक संकुचित स्वार्थ रूप बन्धनों से अपने को ऊपर उठाकर 'खुदा-गॉड-भगवान'रूप परमसत्य' के सिद्धान्त पर अपने जीवन को 'धर्म-धर्मात्मा-धरती' रक्षार्थ निष्काम सेवा भाव में रहने-चलने हेतु समर्पित- शरणागत कर या हो चुका हो, क्या उससे भी कुकर्म की कल्पना की जा सकती है ? नहीं ! कदापि नहीं! जिसकी सारी जिम्मेदारी 'खुदा-गॉड-भगवान' स्वयं ले चुका हो, वह भला पाप-कुकर्म क्यों करेगा ? अर्थात् नहीं कर सकता ! यदि किसी को ऐसा करता हुआ आभाष होता है तो यह उसका दृष्टिभ्रम, अज्ञानता और भ्रामकता ही हो सकती है । ईमान-सच्चाई से जाँच-परख करने पर निःसंदेह उपर्युक्त परिणाम ही सामने आयेगा ।भजन कीर्तन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा पश्चात भगवान की आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ और सैकड़ों लोगों ने भंडारा में प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संतोष जी,सरिस कुमार नेता जी, अमरजीत, अनूप कुमार, सरोज, त्रियुगी, कान्हा, सुरेश, नैंसी, आरती देवी, सहित दूर-दूर से आए सैकड़ों भगवान जी के भक्त सेवक शामिल हुए।

# होली के त्योहार पर बाजार में उमड़ी भीड़ जमकर की खरीदारी

स्वतंत्र प्रभात

**सम्पूर्णानगर- खीरी।** विधान केसरी होली के त्यौहार से एक दिन पहले कस्बे की बाजार में जमकर उमड़ी भीड़ लोगों ने खूब की खरीदारी रंग- गुलाल पिचकारी, मिठाइयों के साथ- साथ रेडीमेड कपड़ों व जूता चप्पलों की दुकान पर जबरदस्त रही भीड़ बाजार में उमड़ी भीड़ की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था में चरमरा गई लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। होली के त्यौहार को देखते हुए रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ उमड़ी ज्यादातर लोग कुर्ता पायजामा, रंग बिरंगी टी शर्ट की खूब खरीदारी की महिलाओं ने भी होली के दिन नए कपड़े पहनने के लिए सलवार सूट व नए-नए डिजाइनों की साड़ियों की भी जबरदस्त खरीददारी की कई दुकानदारों ने बताया कि होली के त्यौहार के अवसर पर पारंपरिक कपड़ों की ज्यादा मांग रही ।इसके अलावा रंग -गुलाल पिचकारी की दुकानों पर भी ग्राहकों की काफी भीड़ देखने को मिली ।इसके अलावा किराना स्टोर की दुकानों पर भी ग्राहकों की सुबह



से भीड़ उमड़ने लगी ।इसके अलावा मिठाई की दुकानों पर भी लोगों ने तरह-तरह की मिठाइयां नमकीन आदि की खूब खरीदारी की कस्बा के अलावा भानपुरी खजुरिया, बसही,सुमेर नगर,बमनगर आदि बाजारों में भी ग्राहकों की काफी भीड़ देखने को मिली।

# जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**● जनमानस की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता- उप जिलाधिकारी**

**राजस्व व जमीन प्रकरण शिकायत के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर स्थलीय मुआयना कर तैयार करें स्पॉट नोट-पुलिस उपाधीक्षक**



**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही 15 मार्च 2025-** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में उप जिलाधिकारी अरूण गिरि , तहसीलदार अजय सिंह,तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी भदोही , तहसीलदार संजय कुमार,तहसील औराई में उप जिलाधिकारी बरखा सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार एवं व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फ़रियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। सभी तहसीलों में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सुशासन आधारित लगायें गये विभिन्न कैम्पो- बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्नयन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क, जागरूकता हेतु लगाये गये। तहसील ज्ञानपुर में लगाये गये कैम्प का उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुयें उनके द्वारा लाभार्थियों को दी जाने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

उप जिलाधिकारी अरुण गिरी ने तहसील ज्ञानपुर के संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण करते हुए सुशासन को स्थापित किया। साथ ही आईजीआरएस में प्राप्त लोक शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाईन ''सर्विस डिलीवरी'' की सेवाओं में वृद्धि किया गया। उप जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। कानूनगो व लेखपाल को निर्देशित किया कि जमीन सम्बन्धी मामले में पुलिस टीम के साथ समन्वय व सहयोग बनाते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ ऐसे मामले होते है जो दो या तीन विभागों के मध्य संयुक्त रहता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस एक ऐसा सुअवसर होता है जहा पर एक ही दिन, एक ही निश्चित समय पर सभी जनपदीय अधिकारी उपस्थित होते है। अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुयें ऐसे सभी मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनता जनार्दन को अपने तहसील स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस द्वारा शासन त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। तहसील दिवस में आए जनता की समस्याओं का पुलिस व राजस्व अधिकारी संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए न्यायोचित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी तहसील भदोही ने समाधान दिवस में निर्देश दिया कि कानूनगो,लेखपाल द्वारा दूसरी बार पैमाइश या आख्या में पहले कुछ कहा गया बाद में कुछ और,अंतर निकल कर आ रहा है ,ऐसे सभी विवादित मामलों का तत्काल निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ समाधान करें नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए आवश्यकता पड़ी तो प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। राजस्व कर्मी गांव में जाकर स्थलीय मुआयना करते हुए निष्पक्ष व दबाव रहित होकर कार्य करें।

उप जिलाधिकारी औराई ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। उन्होंने जनपद में शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप सुशासन को निर्धारित समय सीमा में जनपदवासियों को अच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की बातो को गम्भीरता से अवश्य सुने। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि राजस्व व जमीन प्रकरण शिकायत के निस्तारण हेतु राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जॉच करते समय शिकायतकर्ता अथवा वहॉ पर उपस्थित व्यक्तियो के हस्ताक्षर अवश्य कराये तथा फोटोग्राफ्स भी सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग स्तर पर ही शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि के साथ शिकायत निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि प्राथमिक स्तर पर ही विकास खण्ड कार्यालय उप जिलाधिकारी कार्यालय व विभागाध्यक्ष द्वारा गुणवत्ता व संतुष्टिपरक समय-सीमा में शिकायतों का निस्तारण कर लिया जाय तो फरियादियों को जिलाधिकारी, मण्डलायुक्त व सीएम पोर्टल पर शिकायत करने की स्थिति ही नही आयेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उप जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील ज्ञानपुर में कुल 15 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें सेउप जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 05 शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों का ससमय व प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी के समक्ष कुल प्राप्त 16 में से 05 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 11 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। तहसील औराई में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत 12 में से 02का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष के लिए राजस्व व पुलिस टीम को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्राथमिक विद्यालय बाबू सराय का भ्रमण किया दो शिक्षामित्र अनुपस्थित पाई गई



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा आज दिनांक 15 मार्च 2025 को विकासखंड औराई में स्थित प्राथमिक विद्यालय बाबू सराय का भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक पूनम वर्मा एवं दो शिक्षामित्र उषा देवी व ममता सिंह बिना अवकाश के अनुपस्थित पाई गई दो सहायक अध्यापक निवेदिता विश्वास एवं रूबी सिंह अवकाश पर थी तथा अन्य कार्यरत अध्यापक उपस्थित पाए गए विद्यालय में प्रेषित समस्त धनराशियों के संबंध में संबंधित प्रधानाध्यापक से व्यय विवरण के संबंध में पूछा गया परंतु उनके द्वारा प्रेषित धनराशि से कोई कार्य नहीं कराया गया था तथा विद्यालय कैंपस में काफी गंदगी पाई गई व अभिलेखों का रखरखाव ठीक नहीं पाया गया शौचालय भी काफी गंदा एवं खराब स्थिति में पाया गया जिसके लिए संबंधित प्रधानाध्यापक को कड़ी चेतावनी के साथ नोटिस निर्गत करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्राप्त कर्मियों को दूर करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं

### पुलिस लाईन ज्ञानपुर प्रांगण में होली का रंगारंग आयोजन



**भदोही** पुलिस लाईन ज्ञानपुर प्रांगण में होली का रंगारंग आयोजन विशाल सिंह, जिलाधिकारी भदोही व श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही की अगुवाई में रंगों में सरवोर दिखे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी व पत्रकार बंधु सभी को अबीर-गुलाल लगाकर, मिष्ठान व गोझिया खिलाकर दी गई शुभकामनाएं अपने अधीनस्थ नियुक्त कर्मियों के प्रति समानता व प्रेम के भाव से खिल उठे सभी के चेहरे जनपद में त्योहारों के सकुशल सम्पन्न होने पर जनपदवासियों के सहयोग हेतु दिया गया धन्यवाद प्रतिवर्ष की भांति जनपदवासियों की होली सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत आज दिनांक 15.03.2025 को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा होली का रंगारंग कार्यक्रम पुलिस लाईन ज्ञानपुर प्रांगण में आयोजित किया गया। श्री विशाल सिंह, जिलाधिकारी भदोही व श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में जनपद के सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण व पत्रकार बंधु होली कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी लोगों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अबीर-गुलाल, रंग लगाकर तथा मिष्ठान व गोझिया खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही के अपने अधीनस्थों के प्रति समानता व प्रेम की भावना की सभी के द्वारा सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम के आयोजन से सभी कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जनपद में त्योहारों के सकुशल सम्पन्न होने पर जनपद वासियों के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया।

### खाना बनाते समय आग से झुलसी महिला शिक्षा मित्र हालत गंभीर

**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के मवैया गांव में उस समय अफरातफरी मच गई जब गांव की ही एक महिला खाना बनाते समय आग से झुलस गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी माधुरी देवी 56वर्ष पत्नी स्व.सूर श्याम जो कि कंपोजिट विद्यालय मवैया पर कार्यरत हैं होली के दिन घर में खाना बनाने के लिएं जैसे ही गैस पर लाइटर जलाई आग की चपेट में आ गई। बताते हैं कि गैस पहले से ही लीकेज था जो उक्त महिला समझ नहीं पाई और आग के चपेट में आ गई। महिला द्वारा शोर मचाने पर घर के साथ साथ पड़ोस के लोगों ने दौड़ कर आग बुझाई तब तक महिला काफी झुलस चुकी थी। परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम वाराणसी में भर्ती कराया गया है जहां इनका इलाज चल रहा। बताते हैं कि माधुरी देवी गांव में ही स्थित कंपोजिट विद्यालय मवैया पर शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत हैं।

# होली पर्व व जुम्मे की नमाज शकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न



**● दर्जन भर चार पहिया वाहनों से गश्त करती दिखी पीएससी बल के साथ स्थानीय पुलिस**

**स्वतंत्र प्रभात**

**चुनार, मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र में रंगों का पर्व होली व जुम्मे की नमाज सकुशल व सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। स्थानीय पुलिस टीम एवं पीएससी दल थाना क्षेत्र के कस्बा, सरैया सिकंदरपुर, अदालपुरा, जमुई, कैलहट, बहरामगंज , सीखड सहित सभी जगहों का भ्रमण मुस्तैदी से करती दिखाई दी। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सुश्री मंजरी राव , प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य, अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव, कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा, अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह, चकगंभीरा चौकी प्रभारी शेषधर सिंह, कजरहट चौकी प्रभारी विजय प्रताप सिंह, निरीक्षक नागेंद्र सिंह, नरेंद्र यादव, यादव दिलीप सिंह हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह रविंद्र सिंह, सुमित सिंह, विनय राय कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह सहित स्थानीय पुलिस और पीएससी दल मुस्तैदी से तैनात रही।

# भदोही में हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत

**स्वतंत्र प्रभात**




**भदोही।** ऊंज थाना क्षेत्र के बनकट खास गांव में घास काटने गई दो महिला शनिवार क़ो हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने गई जिससे एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरी महिला भी चपेट में आ गई लेकिन ईलाज के बाद उसकी हालत स्थिर है। जानकारी के मुताबिक ऊंज थाना क्षेत्र के बनकट खास निवासी बसंत लाल की पत्नी बुनेला देवी और ब्रह्मादीन की पत्नी फोटो देवी घास काटने गई थी। घास काटकर बाहर निकलते ही खेत के मेड़ के ऊपर चढ़ते ही महिलाएं लटक रहे हाईवोल्टेज तार की चपेट में आ गई। जिससे बुनेला देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी महिला भी करेंट के चपेट में आ गई लेकिन ईलाज के बाद उसकी हालत स्थिर है। मृतका क़ो दो बेटे और दो बेटी है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि नीचे लटक रहे तार क़ो ठीक करने के लिए विभाग के लोगों से कई बार कहा गया लेकिन कोई कार्यवाही न हुई और शनिवार क़ो एक महिला की हाईवोल्टेज करेंट की चपेट में दर्दनाक मौत हो गई।

# कायस्थों ने दिखाई एकजुटता, ऐतिहासिक होली मिलन समारोह

**स्वतंत्र प्रभात**



**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा विंग ने शनिवार को चित्रकूट में एक ऐतिहासिक होली मिलन समारोह और कायस्थ महासम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें कायस्थ समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार से राजनीतिक हिस्सेदारी की जोरदार मांग की। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर उनके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उत्थान के लिए जरूरी कदम उठाने की अपील की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन एशिया के सबसे बड़े कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. सुशील सिन्हा के साथ प्रदेश अध्यक्ष संतोष निगम, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी कुश श्रीवास्तव, तथा अन्य विशिष्ट अतिथि जैसे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष डॉ. इंद्र सेन श्रीवास्तव, श्याम चंद्र, अतुल सक्सेना, चंद्रप्रकाश खरे आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता केके माथुर ने की। समारोह में कायस्थ समाज के लोगों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया। खोह के पास सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया, इसके बाद वे सभी एक साथ कामतानाथ जी के दर्शन के लिए गए। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्रों और बुजुर्गों का सम्मान किया गया, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग के योगदान को सराहा गया।

इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कायस्थ समाज की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत करना था। डॉ. सुशील सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कायस्थ संगठनों को एकजुट होना चाहिए और वे चाहते हैं कि हर जिले में कायस्थ पाठशाला का भवन, विद्यालय और धर्मशाला हो, जिससे समाज का उत्थान हो सके। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंद्र सेन श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज वह कौम है जिसने देश को संस्कृति और सभ्यता दी, लेकिन फिर भी आज भी समाज मुख्यधारा से हाशिए पर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर हम एकजुट नहीं होंगे तो हमें हमारी हिस्सेदारी कभी नहीं मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व एमएलसी प्रत्याशी कुश श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और कायस्थ पाठशाला समाज की महिलाओं के लिए विधवा पेंशन, बुजुर्गों के लिए वृद्धा पेंशन और स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ देने का काम कर रही है। चित्रकूट के युवा अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में चित्रकूट के हर गांव से एक घर से एक सदस्य और शहर के सभी परिवारों के सदस्य शामिल हुए हैं। इस विशाल आयोजन में समाज के सभी वर्गों को एक साथ देखा गया, जो समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करता है।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ और कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ भोजन किया। इस मौके पर लगभग एक हजार से भी अधिक लोग मौजूद थे, जिनमें प्रमुख रूप से अतुलकांत खरे, विष्णुकांत खरे, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, भरत श्रीवास्तव, शैलेंद्र निगम, नवनीत निगम, प्रिया निगम, धीरज श्रीवास्तव, रविप्रकाश श्रीवास्तव, वंदना, विपुल, साकेत, मोनिका, वर्षा, अश्वनी श्रीवास्तव, रोहित खरे, दीपक श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, अनुज निगम, गोविंद श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, गोविंद, सगुन, रवि आदि लोग शामिल थे। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में सरकार से राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं, जिससे आने वाले समय में कायस्थ समाज का विकास और मजबूती सुनिश्चित हो सके।

# ग्रामीण इलाकों में शौचालय निर्माण के लिए करें आवेदन

**स्वतंत्र प्रभात**




**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2014 से आरंभ की गई। योजना सभी परिजनों खासकर महिलाओं को इज्जत घर घर पर उपलब्ध कराते हुए कई वर्षो से खुले में शौच करने की प्रथा को बंद कराया। जिससे गांव की खुले में शौच की परंपरा बदली और गंदगी से मुक्ति मिली।ग्राम पंचायतों में संचालित यह योजना परिवार के विघटित होने पर शौचालय न होने की दशा में अपने पंचायत सचिवालय में लाभार्थी उपस्थित होकर शौचालय हेतु आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने बताया कि पात्र लाभार्थी को पंचायती राज विभाग द्वारा 12000 रुपए की धनराशि अनुदान प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है। लाभार्थी से अपेक्षा है कि व्यक्तिगत धनराशि लगाते हुए स्थाई और टिकाऊ शौचालय बनाते हुए गांव की स्वच्छता में अपना योगदान दें। अनुदान की धनराशि 6000 रुपए की दो किस्तों में दिए जाने का प्रावधान है। जनपद प्रतापगढ़ में व्यक्तिगत शौचालय के लक्ष्य से अधिक लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। सत्यापन के उपरांत 15334 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है।शेष 13000 रुपए को प्रथम किस्त की धनराशि दिए जाने की कार्यवाही चल रही है।

# बसपा संस्थापक कांशीराम व पूर्व सांसद हरिकेवल प्रसाद की मनाई जयंती

**स्वतंत्र प्रभात**



**देवरिया।** सपा कार्यालय पर कांशीराम की जन्म जयंती मनायी गयी साथ ही साथ सपा के पूर्व सांसद स्व0 हरिकेवल प्रसाद कुशवाहा जी की भी जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव व संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। उपस्थितजनों ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की कांशीराम साहब पिछडों, दलितों व अल्पसंख्यकों के मुखर आवाज थे, दलित चेतना का जो कार्य मान्यवर कांशीराम साहब ने किया वह असाधारण कार्य था जो सामान्य व्यक्ति सपने मे भी कल्पना नहीं कर सकता। उन्होंने उस समय दलित चेतना का बीडा उठाया जिस समय सामंतवादी व्यवस्था के खिलाफ चूं करना भी दुरुह व चुनौती भरा कार्य था पर बिना भय के उन्होने इस कार्य को पूरे प्राण प्रण से किया उनकी ताकत को कमजोर करने के लिए सामंतवादी सोच के लोगों ने कुछ उठा नही रखा। नेताजी ने उनके प्रत्येक संघर्ष मे उनका साथ दिया व पहली बार उन्हे सांसद बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दिया जिसके फलस्वरुप इटावा से सांसद निर्वाचित हुए। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांशीराम व हरिकेवल के विचारों को आत्मसात कर जिस प्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए परिवार को मजबूत करने का संकल्प लिया उसी मार्ग पर चलकर समाजवादी पार्टी शोषितो, वंचितों के हक की लडाई लडने को संकल्पित है। के सपनों का पूरा करने के लिए हमे 2027 मे सपा सरकार बनानी होगी।

बैठक में कुशीनगर के सपा जिलाध्यक्ष शुकुरुल्लाह अंसारी के आसमयिक निधन पर शोक सभा कर गहरा दुख प्रकट किया गया। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि एक बहुत ही अपने मजबूत साथी को आज हम लोगों ने खो दिया जिनकी कमी हमेशा पार्टी को खलेगी। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी। बैठक में विजय यादव, हृदयनरायण जायसवाल, जयराम राजभर, बेचूलाल चौधरी, उदय प्रताप यादव, रंजना भारती, धर्मेन्द्र सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# कांशीराम के जयंती पर कांग्रेस कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रतापगढ़।** भारतीय राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा महान समाज सुधारक कांशीराम जी का जन्म-जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इंदिरा भवन, अंबेडकर चौराहा, प्रतापगढ़ पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया और कांग्रेस कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की प्रखर आवाज, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बहुजन नायक कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें नमन है। त्रिपाठी ने कहा कि कांशीराम ने अपने विचारों और सामाजिक आंदोलनों के जरिये सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों को नई ऊंचाई दी। उनके विचार पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। संगोष्ठी में मुख्य रूप से निवर्तमान कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, राम रतन तिवारी,सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, राधे श्याम दूबे, रियाज सुलतान, शहजाद सलमानी, अरबाज आलम,नगर प्रभारी संजय इश्तियाक,बेलाल अहमद,रामधन यादव,राम मनोहर, मीरा देवी, आदि उपस्थित रहे।

# अवैध तमन्चा के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा संतोष कुमार सिंह को मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त दुर्गेश उर्फ कन्हैया त्रिगुनाइत पुत्र धर्मेन्द्र त्रिगुनाइत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत राकू त्रिगुनाइत की बगिया ग्राम उदई शाहपुर के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियक्त की निशानदेही पर अवैध एक देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 69/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।



# वरौत में सो रही महिला की गला रेतकर हत्या, फैली सनसनी

स्वतंत्र प्रभात





**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र में एक महिला की धारदार हथियार से हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही महिला के पिता और भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, हंडिया के बरौत कस्बे में घर के अंदर सो रही महिला (32) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। गले पर ताबड़तोड़ वारकर उसे मौत के घाट उतारा गया। महिला की शादी 15 साल पहले हुई थी।

हंडिया के सिंहापुर निवासी उसका पति मुंबई में रहकर काम करता है। वह अपने तीन बच्चों के साथ पिछले कई साल से मायके में ही रहती थी। 11 वर्षीय बेटी ने बताया कि रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए थे।

सुबह 6:00 के करीब नींद खुलने पर वह कमरे में गई तो वहां मां खून से लथपथ हाल में मृत पड़ी मिली। उसका यह भी कहना है कि कपड़े अस्त व्यस्त हाल में थे। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और फिर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। एसीपी हंडिया सुनील कुमार सिंह का कहना है कि महिला के अपने भाइयों से रिश्ते ठीक नहीं थे। जमीन को लेकर भी कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। उधर, पूछताछ के लिए पुलिस ने महिला के पिता और उसके भाई को भी हिरासत में लिया है।

संवाददाता पूजा यादव की रिपोर्ट के अनुसार घटना रात की है। पीड़िता, कई महीने से मायके में बच्चों के साथ रह रही थी। घटना को अंजाम देकर आरोपियों ने कमरे का दरवाजा खुला ही छोड़ दिया था। पुलिस रात में ही पहुंच कर, फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्कॉट को बुलाया और जांच पड़ताल किया।

पुलिस चौकी बरौत कस्बा के लोहा मंडी स्थित मृतिका राधा यादव पत्नी राजाराम यादव उम्र लगभग 38 वर्ष निवासिनी धोबहा सिंघापुर अपने मायके में अपने दो बच्चे रागिनी यादव 12 वर्ष शुभम 10 वर्ष के साथ रहती थी। जहां पति राजाराम नासिक में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। विवाहिता की गला रेत कर हत्या कर दी गई। वहीं सूत्रों के अनुसार मृतका के तीन भाइयों से जमीनी विवाद चल रहा था। वही 15 वर्ष पहले मृतका की शादी राजाराम के साथ हुई थी। राजाराम के पहली पत्नी के एक 15 वर्ष का बेटा भी है जो राधा के साथ ही रहता। वहीं मृतका के पिता कडेदीन यादव ने हंडिया पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है।

## तीन बाद भी नही हो सकी युवक की शिनाख्त

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र में तीन दिन हाइवे किनारे पीपी टाउन के समीप अज्ञात युवक का शव मिला था। पुलिस ने युवक की शिनाख्त के काफी प्रयास किए। लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं हुई। पुलिस 72 घंटे बीत जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराएगी। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास के लिए आसपास के क्षेत्र में प्रधानों से संपर्क किया। मृतक की जानकारी के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर उसका फोटो पोस्ट किया। इसके बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। युवक की उम्र 35 वर्ष के लगभग है। मृतक युवक हल्की पीले रंग शर्त , सहाफ पेंट पहने है। उसके हाथ पर जीएनबी लिखा है। हत्यारो ने किसी अन्य स्थान पर हत्या कर फेका गया है और हत्यारे उसकी तलासी लेकर कोई कागज उसकी जेब नही छोड़ा है। थाना पर प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# डॉ. ममता सिंह का निधन, चिकित्सा जगत में शोक!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। मृदु स्वभाव और प्रशासनिक क्षमता की धनी डॉ (ब्रिगेडियर) ममता सिंह का 14 मार्च को निधन हो गया। डॉ ममता सिंह मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में पैथालॉजी विभागाध्यक्ष और प्राचार्य भी रह चुकी हैं। उनके निधन पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रशासन और सभी डॉक्टरों ने शोक जताया है। 15 मार्च को सुबह दारागंज घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

डॉ. ममता सिंह ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और एमडी (पैथोलॉजी) की शिक्षा प्राप्त की थी। इसी संस्थान में फैकेल्टी और बाद में विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग के रूप में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं।उन्होंने 24 सितंबर 2003 से 10 मई 2005 तक प्राचार्य के रूप में कॉलेज का नेतृत्व किया। अपने अनुशासन, दूरदृष्टि और शिक्षा के प्रति समर्पण से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उनके योगदान को वरिष्ठ चिकित्सक आज भी याद करते हैं। वर्तमान में डॉ ममता सिंह दरभंगा कालोनी स्थित अपने आवास में रह रही थीं। उनकी तीन बेटियां हैं। पति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है।



मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्य प्रो. वत्सला मिश्रा ने कहा कि डॉ. ममता सिंह न केवल एक कुशल शिक्षिका और प्रशासक थीं, बल्कि एक आदर्श मार्गदर्शक और अनुशासित नेतृत्वकर्ता भी थीं। उन्होंने मेडिकल शिक्षा और शोध को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका जाना चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी स्मृतियां सदैव हमारे साथ रहेंगी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की कामना की।

# नैनी में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप!

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** मामा भांजा तालाब के समीप शनिवारकी सुबह दूध पहुंचाने वाली एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। उसका शव ग्राहक के दरवाजे पर पड़ा हुआ था। सिर फट गया था, जिससे काफी खून निकल रहा था।

मृतिका के परिजनों का कहना है कि उसे घर के अंदर मार कर बाहर फेंक दिया गया है, जबकि आरोपी का कहना है कि उसके अर्ध निर्मित मकान के ऊपर से पिओपी गिरने से उसका सिर फट गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर तनाव को देखते हुए कई थाने की पुलिस और अधिकारी पहुंच गए हैं। नैनी थाना क्षेत्र के चकदेवानंद निवासी विजय भारतीय की 55 वर्षीय पत्नी लीलावती देवी मामा भांजे के तालाब के समीप रहने वाले राधेश्याम तिवारी के आवास पर प्रतिदिन सुबह दूध पहुंचाने का काम करती थी। रोज की तरह शनिवार की सुबह भी वह दूध देने गई थी। आरोप है की मकान मालिक ने उसकी हत्या कर दी। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ




छेड़खानी की गई। विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी गई।

सूचना पर परिजन जब पहुंचे तो उसके पहले ही दो पुलिस वाले वहां मौजूद थे। जिन्होंने बताया कि उनके पहुंचने पर आरोपी घर पर पड़ा खून पानी डालकर धो रहा था। इसके बाद पुलिस मृतिका को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका ले गई, जहां चिकित्सको ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। जानकारी होते ही बड़ी संख्या पर गांव वाले इकट्ठा हो गए, इसके बाद आरोपी और उसका परिवार अपने आप में कमरे के अंदर बंद कर लिया। सूचना पर एसीपी करछना, नैनी और औद्योगिक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। सुबह 8 . 30 की घटना है अभी भी आरोपी परिवार वाले कमरे के अंदर बंद है। नैनी पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पीओपी सिर पर गिरने से महिला की मौत हुई है। वहीं ग्रामीणों के हंगामा करने पर पुलिस वाले उसे लेकर कमरे के अंदर चले गए, तभी से आरोपी और उसका परिवार कमरे के अंदर ही बंद है।

# मऊआइमा में होली को लेकर मारपीट ।एक दारोगा सहित चार सिपाही लाइन हाजिर

स्वतंत्र प्रभात



जिले के मऊ आइमा के कटरा दयारामपुर में होलिका दहन को लेकर दो समुदायों में जमकर विवाद हो गया। विवाद के बाद हंगामा शुरू हो गया। गांव के ही भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सरोज ने आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने उन्हें और उनके साथी सतीश चंद्र से विवाद शुरू कर दिया। मना करने पर मारपीट करते हुए लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीट किया। वहीं जब इस घटना की शिकायत करने के लिए थाने पहुंचे तो पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई न करते हुए भुक्तभोगियों को लॉकअप में बंद कर दिया। जिसके बाद मामला गंभीर हो गया और स्थानीय भाजपा नेताओं ने थाने का घेराव कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर डीसीपी गंगा नगर और एसीपी मौके थाने पहुंच गए। इस दौरान अधिकारियों ने भाजपा पदाधिकारियों को शांत कराया। डीसीपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि दरोगा आनंद वर्मा व आरक्षी समीर, जामवंत सिंह और सुधीर कुमार को मामले में लाइन हाजिर कर दिया है। उधर, धर्मेंद्र की तहरीर पर 6 नामजद व 15 अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# भाजपा संगठन में किस का चलेगा दलबल, पता चलेगा आज या कल!

- कल हो सकती है मथुरा के जिला व महानगर अध्यक्ष की घोषणा

चुनाव अधिकारी मथुरा आकर कल करेंगे घोषणा

स्वतंत्र प्रभात




भाजपा के पुष्पांजलि उपवन स्थित जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते सह चुनाव अधिकरी संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, महिपाल सिंह तरकर आदि

**मथुरा।** कहने को तो भाजपा संगठनात्मक चुनाव को उत्सव के रूप में मना रही है, लेकिन जोर आजमाइश ऐसी की कोई किसी तरह की कसर छोड़ने को तैयार नहीं है। जनपद में जिला व महानगर अध्यक्ष पद के लिए 72 कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन चुनाव अधिकारी को सौंपे थे। काफी दिनों से जिले के पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इंतजार कर रहे हैं। पार्टी संगठन ने घोषणा की है कि होली के बाद सभी जिलों के पदाधिकारी जनपद मुख्यालय में पहुंचकर हो घोषणा करेंगे। रविवार को पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर दो बजे एक संयुक्त बैठक कर महानगर व जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कई ऐसे भी रेस में शामिल हैं जो पूर्व में दिग्गज रह चुके हैं एवं उन्होंने नामांकन भी नहीं किया है। जनप्रतिनिधि भी अपने करीबी को अध्यक्ष बनाकर सियासी रसूख दिखाना चाहते हैं। इसके लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगा चुके हैं। पार्टी ने बीते लोकसभा चुनाव में आए परिणाम के बाद आगामी चुनावों को देखते हुए पार्टी अध्यक्षों की नियुक्ति में काफी मंथन किया है। सत्ताधारी पार्टी होने की वजह से भाजपा में दावेदारों को कमी नहीं है। इसलिए जातिगत फैक्टर के साथ साथ पार्टी हर पहलू पर गौर कर रही है। जिला चुनाव अधिकारी नबाब सिंह नागर महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा मथुरा में 16 मार्च की प्रातरू पहुंच जाएंगे। शनिवार को जिले व महानगर के सभी सहचुनाव अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें सहचुनाव अधिकारी संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, महिपाल सिंह तरकर, सत्यपाल चौधरी ने बताया कि सभी जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ मोर्चा पदाधिकारी, जिले में निवासी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं क्षेत्र के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि भी आमंत्रित रहेंगे। सहचुनाव अधिकारी महानगर के मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने बताया प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सभी जिले से जुड़ेंगे। जिसके लिये प्रदेश कार्यालय में एक टास्क केन्द्र रहेगा जहां से मॉनीटर किया जायेगा।

# होली पर पथराव में कई घायल, 32 के खिलाफ एफआईआर

- पथराव में एक पक्ष से आठ लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात



पुलिस की गिरफ्त में पथराव के आरोपी।

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव बाटी में होली का रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से खूब ईट पत्थर फिंके। पथराव में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों में आठ एक ही पक्ष के हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया। पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक पक्ष के राहुल निवासी बाटी की तहरीर के आधार पर करीब 32 लोगों के खिलाफ करीब 10 धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। गुल्ला उर्फ कृष्णकुमार पुत्र रघुनाथ, उम्र करीब 38 वर्ष, दिनेश पुत्र बिहारीलाल उम्र करीब 19 वर्ष, प्रदीप पुत्र बिहारीलाल उम्र करीब 20 वर्ष, राजू पुत्र विजयपाल उम्र करीब 38 वर्ष, संतोष पुत्र करन सिह उम्र करीब 25 वर्ष, चन्द्रपाल पुत्र भिक्कीराम उम्र करीब 30 वर्ष, बन्टू पुत्र शिवराम उम्र करीब 32 वर्ष, करन पुत्र हरवीर उम्र करीब 20 वर्ष, मानवेन्द्र पुत्र हेमराज उम्र करीब 38 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम बाटी थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया गया है। पथराव के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। तनाव की स्थिति देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। गांव बाटी निवासी राहुल पुत्र सुरेशचंद्र ने बताया कि वह अपने साथी रोहित, हरदेश, रणवीर, धर्मेंद्र शिवा, हरिशचंद्र, बसंत व देवेंद्र के साथ अपने जानकर कपिल पुत्र रामबाबू पुजारी के घर गुलाल लगाने जा रहे थे। तभी रास्ते में कुछ लोगों ने लोहे की रोड, डंडा, लाठी, ईट पत्थर व फरसा से पीछे से हमला कर दिया। जिसमें वह अपने साथियों के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी धमकाते हुए गाली गलौज करते हुए चले गए। घटना में ईट पत्थर फेंकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। एसपी सिटी ने बताया थाना जैंत क्षेत्र के गांव बाटी में होली का रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर पथराव होने लगा। जिसमें एक पक्ष से कई लोग घायल हो गए। इस मामले में एक पक्ष से राहुल की तहरीर के आधार पर 32 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# समता फाउंडेशन ने काशीराम जयंती पर निकाला मार्च

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद बहुजन नायक कांशीराम के 91 वें जन्म दिवस पर बहुजन एकता मार्च का आयोजन 15 मार्च 2025 दोपहर तीन बजे क्रांतिकारी साथी अजय सनवाल जी के नेतृत्व में कृष्णा नगर बिजली घर से प्रारंभ होकर पातीराम मंदिर, अंबेडकर कॉलोनी, राधिका बिहार, मंडी समिति चौराहा, महेंद्र नगर मुख्य बाजार होते हुए डॉ. अंबेडकर पार्क इंद्रपुरी पर सभा के रूप में विसर्जित हुआ जिसका उद्घाटन हेमा यादव समाज सेविका एवं गुलशन कुमार पार्षद बहुजन समाज पार्टी द्वारा किया गया। मार्ग में अनुयायियों ने मार्च में शामिल लोगों का साफा बांधकर पुष्प स्वागत किया। इस दौरान अजय सनवाल संयोजक, राजवीर सिंह अध्यक्ष भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी, लक्ष्मण आनंद, संरक्षक रमेश सैनी, श्रीमती हेमा यादव, विक्रम बाल्मीकि, फतेह सिंह प्रधान, दिनेश संवर, अशोक कुमार, सिद्धांत भाटिया, संजय सैनी, ओमपाल सैनी, विवेक कुमार, उत्कर्ष सिंह, कृष्ण दिवाकर अमित दिवाकर, दिवाकर जी मानिकचंद दिवाकर, जितेंद्र दिवाकर, बलराज शेखर जाटव उदल भैया, संजय बीडीसी, आकाश बाबू, चित्रसेन मौर्या, राजेश कुमार, नेत्रपाल, सुनील, आंसू, नरेश कुमार, लविनिमेश बौद्ध, आदि उपस्थित रहे।

# विरोध के अधिकार को दबाने की मानसिकता ने जोर पकड़ा तो लोकतंत्र के लिए दुखद दिन होगा

स्वतंत्र प्रभात

**बॉम्बे हाईकोर्ट।** एक महत्वपूर्ण आदेश में, बॉम्बे उच्च न्यायालय की गोवा पीठ ने कहा है कि नागरिकों के विरोध करने के मौलिक अधिकार को 'कमजोर' या 'दबाने' की मानसिकता यदि जोर पकड़ती है, तो यह लोकतंत्र के सबसे दुखद दिनों में से एक होगा।मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और महेश सोनक की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को केवल आंदोलन को दबाने के लिए अभियोजन शुरू नहीं करना चाहिए, जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक हिस्सा है, कम से कम तब तक जब तक यह हिंसक न हो जाए।

न्यायाधीशों ने 12 मार्च को पारित आदेश में कहा, ÷लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा रहे आंदोलनों को दबाने के लिए अभियोजन शुरू नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि लोग कानून को अपने हाथ में नहीं लेते या हिंसा में लिप्त नहीं होते या सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाते। संविधान का अनुच्छेद 19(1)(बी) शांतिपूर्वक और बिना हथियारों के एकत्र होने के अधिकार की गारंटी देता है।÷

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि इस मौलिक अधिकार के प्रयोग पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, लेकिन दंडात्मक कानूनों के तहत अपराध गठित करने के लिए आवश्यक तत्वों से रहित अस्पष्ट आरोपों के आधार पर ऐसे अधिकार को कमजोर या दबाया नहीं जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति सोनक द्वारा लिखे गए आदेश में कहा गया है, ÷विरोध करने के संवैधानिक अधिकार और दंडात्मक अभियोजन के बीच की रेखा को धुंधला होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि यह मानसिकता जोर पकड़ती है, तो यह लोकतंत्र के लिए दुखद दिन होगा।÷

पीठ ने क्षेत्रीय राजनीतिक दल रिवोल्यूशनरी गोअन्स पार्टी (आरजीपी) के दो सदस्यों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिन पर 6 जनवरी, 2021 को 300 लोगों के साथ वालपोई शहर में एक पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

अभियोजन पक्ष का कहना था कि आरजीपी के अध्यक्ष तुकाराम परब ने पार्टी के एक सदस्य रोहन कलंगुटकर के साथ मिलकर वालपोई पुलिस स्टेशन के बाहर करीब 300 लोगों का नेतृत्व किया, जो शहर में प्रस्तावित आईआईटी का विरोध कर रहे थे। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि भीड़ ने पुलिस के खिलाफ नारे लगाए और उनके ÷नेताओं ने पुलिस स्टेशन वालपोई के परिसर में घुसने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और परिसर के अंदर सरकारी कर्मचारियों को और




अधिक चोट पहुंचाने की धमकी देते हुए उनसे नाकाबंदी बनाए रखने की अपील की।"

तदनुसार, परब और कलंगुटकर दोनों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 143 (अवैध सभा), 145 (तितर-बितर होने के आदेश के बावजूद अवैध सभा में बने रहना), 147 (दंगा), 341 (गलत तरीके से रोकना), 186 (लोक सेवक को उसके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालना), 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग करना), 120- बी (आपराधिक साजिश) को धारा 149 (अवैध सभा के सदस्यों का प्रतिनिधिक दायित्व) के साथ पढ़ा जाए, के तहत मामला दर्ज किया गया।

हालांकि, पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य, एफआईआर और आरोपपत्र में आरोपित अपराधों को स्थापित करने में विफल रहे।जहां तक धारा 149 के तहत आरोप का सवाल है, न्यायाधीशों ने कहा, ÷धारा 149 आईपीसी को लागू करने के लिए एक सामान्य गैरकानूनी वस्तु की उपस्थिति और साझाकरण आवश्यक है। केवल उपस्थिति ही पर्याप्त नहीं है। एफआईआर/शिकायत में आरोपों के अनुसार, हम संतुष्ट हैं कि कोई अपराध नहीं किया गया है, और याचिकाकर्ता के अभियोजन को आगे जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।÷ इन टिप्पणियों के साथ, पीठ ने एफआईआर और उसके बाद दाखिल आरोपपत्र को रद्द कर दिया।

## गौर पूर्णिमा पर चंद्रोदय मंदिर में महाभिषेक दर्शन को उमडी भीड

चैतन्य महाप्रभु श्रीकृष्ण का प्रेम संकीर्तन अवतारः चंचलापति दास

**फूलों की होली, छप्पन भोग, हरिनाम संकीर्तन एवं महाभिषेक रहा आकर्षण का केन्द्र**

**मथुरा।** ब्रजमंडल की विश्व प्रसिद्ध होली महोत्सव के मध्य फाल्गुन मास की पूर्णिमा (गौर पूर्णिमा) को गौड़ीया वैष्णव सम्प्रदाय के प्रवर्तक, श्रीधाम वृन्दावन के प्राकट्यकर्ता चौतन्य महाप्रभु के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में गौरांग महाप्रभु की 539 वीं जयंती पर मंदिर प्रांगण में फूल बंगला, छप्पन भोग, पालकी उत्सव, महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। भाव समझाते हुए कहा कि श्री चौतन्य महाप्रभु के प्राकट्य का वर्णन श्रीमद् भागवत के (11.5.32) में वर्णित है। जो वहिरंग में गौर और अंतरंग में कृष्ण है। जो श्री राधा भाव में प्रविष्ठ हैं, श्री शचीनंदन श्रीगौर सुंदर को कलियुग में बुद्धिमान पुरूष संकीर्तन प्रधान यज्ञ के द्वारा प्रसन्न करते हैं। कलियुग में भगवत प्राप्ति हेतु संकीर्तन ही मूल विधि बतायी गयी है। श्री चौतन्य महाप्रभु निरंतर श्रीकृष्ण के अनुसंधान में रहते हैं। जिनके अंग नित्यानंद और अद्वैत महाप्रभु हैं। जिनके अश्रित श्रीवास जैसे शुद्ध भक्त हैं। जिनका अस्त्र हरिनाम संकीर्तन है। जिनके अंगों की कान्ति पीत अर्थात गौर वर्ण है। वहीं कृष्ण चौतन्य महाप्रभु के रूप में अवतरित हुए। चंद्रोदय मंदिर के नवीन प्रांगण में आयोजित गौर पूर्णीमा महामहोत्सव के दौरान भक्ति से भाव विभोर होकर भक्त अपने आराध्य को निरंतर निहारते रहे। इस कार्यक्रम में मथुरा, आगरा, लखनऊ, दिल्ली, गुरूग्राम, जयपुर, हरियाणा एवं ग्वालियर और मुरैना सहित अन्य जिलों भक्त परिकर उपस्थित हुए।

# 'हारे रे रसिया घर चले, जीत चलीं ब्रजनारि'

- दाऊजी मंदिर के हुरंगा में चरम पर पहुंचा होली का उल्लास

हुरंगा देखने को देश विदेश से पहुंचे लोग, अद्भुत था नजारा

पुलिस प्रशासन की व्यवस्था रही चाक चौबंद











दाउजी के हुरंगा के चि.।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मथुरा। ब्रज की होली का अद्भुत रंग बलदेव में विश्व प्रसिद्ध श्री दाऊजी महाराज के आंगन में बरसा। हुरंगा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर भीड़ ही भीड़ नजर आई। भगवान बलभद्र को मल्ल विद्या का गुरू माना जाता है। भगवान बलभद्र के आंगन में हुई होली में भी यह दिखा। गोकुल की छडी मार, नंदगांव बरसाना की लठामार होली से अलग यह होली की मस्ती अपने चरम पर थी। हुरियारिनों ने हुरियारों के कपडों का फाड कर उनसे कोडे बनाए और हुरियारों पर बरसाना शुरू कर दिया। मंदिर के पट खुलते ही बलदेव जी को भैया श्री कृष्ण से होली खेलने का निमंत्रण दिया गया। दोपहर में राजभोग के बाद दोनों भाइयों के प्रतीक दो झंडे श्री ठाकुर जी की आज्ञा से मंदिर के मध्य में उपस्थित हुए। ढप पर रसियाओं का गाना हुआ। इधर सेवायत पांडेय वर्ग की वधुएं एवं ग्वाल बालों ने हाथों में बाल्टी लेकर खूब नृत्य किया। हुरियारों के समूह मंदिर प्रांगण में भरे टेसू के रंग को पिचकारियों और बाल्टियों में भर भरकर हुरियारिनों और दर्शकों पर डालने लगे। सतरंगी गुलाल और गुलाब के फूलों की बरसात के बीच हुरियारिनों ने भी हुरियारों के कपड़े फाड़ डाले। फटे कपड़े से बनाए गए पोतनों से हुरियारिनों ने हुरियारों की जमकर पिटाई की। इस दौरान हुरियारिनें यह भी भूल गई कि सामने उनके जेठ हैं या देवर। कई बार तो एक ही हुरियारे पर कई कई हुरियारिनें टूट पड़ीं। तड़ तड़ाहट और चर-चर की आवाज मंदिर में साफ सुनाई दे रही थी। इस अद्भुत होली को देखने के लिए देश विदेश से हजारों श्रद्धालु दाऊजी पहुंचे। मंदिर प्रांगण में खेली जाने वाली इस होली का यहां व्यापक रूप देखने को मिलने की वजह से इसे हुरंगा कहा जाता है। सबसे पहले मंदिर प्रांगण में इकठ्ठा हुई हुरियारिन और हुरियारों ने बलदाऊ जी के मुख्य भवन की परिक्रमा की। जैसे ही मंदिर के मुख्य भवन के अन्दर से ऊंची केसरिया झंडी बाहर प्रांगण में आई होली का रंग बरसने लगा। झंडा न मिलने पर हुरियारे हारी रे गोरी घर चली, जीत चले ब्रजबाल गाकर उन्हें उकसाते। हुरियारिनें भी दूने उत्साह के साथ झंडे की और लपकी और उसे छीन लेती हैं। हारे रे रसिया घर चले, जीत चलीं ब्रजनारि गाकर हुरियारिनों ने अपनी इस जीत का जश्न मनाया। इसी बीच नफीरी, ढोल, मृदंग की धुन पर चल रहा फाग गीत और रसिया गायन परिसर में मौजूद सभी भक्तों को रस से सराबोर कर रहा था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युवा अधिवक्ता गौरव की संदिग्धावस्था में मौत

**प्रतापगढ़।** युवा अधिवक्ता गौरव सिंह का शव शनिवार को सुबह सात बजे मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नौहर हुसैन पुर गांव निवासी अधिवक्ता गुलाब सिंह के बड़े बेटे गौरव सिंह 25 वर्ष का शव कंधई थाना क्षेत्र के वीरमऊ माधोपट्टी के समीप सड़क के किनारे बने अंत्येष्टि स्थल के पास संदिग्धावस्था में मिलने से लोगों में कौतूहल पैदा हो गया है।आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।मौके पर पहुंचे परिजनों ने निजी वाहन से इलाज के लिए मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ ले गए जहां चिकित्सकों ने गौरव सिंह को मृत घोषित कर दिया।परिजनों के अनुसार होली के दिन भोजन करके गांव में होली खेलने के लिए कह कर घर से निकले थे लेकिन बाद में मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।अधिवक्ता गुलाब सिंह के दो बेटों में बड़ा बेटा गौरव पिता के साथ जिला मुख्यालय कचेहरी में प्रैक्टिस कर रहे थे।छोटा बेटा विभु सिंह महाराष्ट्र के पूना शहर में रहकर एलएलबी की तैयारी कर रहा है।इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि इस प्रकरण की कोई जानकारी नहीं है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### ऑटो ने बाइक सवार दरोगा को रौंदा

**अलीगढ़।** थाना लोधा इलाके के क्षेत्र करसुआ पर बाइक सवार दारोगा को तेज रफ़्तार ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में थाना लोधा पर तैनात बुजुर्ग दारोगा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दरोगा रमाकांत को पुलिस के द्वारा आनन फानन में जिला अस्पताल मलखान सिंह लाया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत होने के चलते मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### नशेड़ियों ने पुलिस गश्ती टीम पर किया हमला, दरोगा की वर्दी फाड़ी..



होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सख्त नजर आई ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो जाए. लेकिन, पटना के मनेर स्थित खासपुर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों की टोली ने पुलिस गश्ती टीम पर हमला कर दिया है. इसमें कई पुलिसकर्मी गंभीर रुप से जख्मी हो गए. इस घटना में मनेर थाना के एक दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए. इसके अलावा दरोगा की वर्दी फाड़ने का भी मामला सामने आया है।

**दो गिरफ्तार**

इस घटना में संलिप्त दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जबकि 10 लोगों को नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज किया गया है. सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि खासपुर के पास मनेर थाना के दरोगा विवेक कुमार यादव और अन्य पुलिसकर्मी होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए गश्ती कर रहे थे. इस दौरान पुलिस टीम ने खासपुर बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा के पास हो हंगामा कर रहे नशेड़ियों को करते देख उनको समझा बुझाकर हटाया। लेकिन, इसमें से कुछ नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया और पुलिस टीम के साथ मारपीट करने लगे. इस मारपीट में आरोपियों ने दरोगा विवेक कुमार यादव की वर्दी भी फाड़ दी गई. जिसमें दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए।

### होली के दिन टाटा-रांची हाईवे पर धू-धू कर जला कोयला लदा हाइवा

**सरायकेला-खरसावां** जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में होली के दिन टाटा-रांची नेशनल हाईवे पर एक हाइवा में आग लग गयी. बीच सड़क पर हाइवा धू-धू कर जलने लगा. कोयला लदे हाइवा में अचानक आग लगने के बाद ड्राइवर ने किसी तरह से कूदकर जान बचायी. एनएच -33 पर शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे हुई कोयला लदे हाइवा में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी. देखते ही देखते हाइवा पूरी तरह से आग की लपटों में घिर गया. इस बीच, ड्राइवर ने किसी तरह हाइवा से कूदकर अपनी जान बचायी. घटना के बाद टाटा-रांची मार्ग पर कुछ देर के लिए वाहनों का आवागमन पूरी तरह से रुक गया. जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी. इसके बाद दमकल की गाड़ी पहुंची और हाइवा में लगी आग को बुझाया. हाइवा चांडिल स्टेशन के रेलवे यार्ड से कोयला लेकर कांड्रा की तरफ जा रहा था. तभी चांडिल गोल चक्कर के ओवरब्रिज के पास हाइवा में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी. हाइवा का मालिक मृत्युंजय सोनी उर्फ नुनकू है. वह चांडिल डैम रोड आदर्श कॉलोनी का निवासी है।

# 40 दिवसीय होली महोत्सव का समापन

**● बरसाना के लाडली मंदिर में निकला राधाजी का डोला**

**फूलों से सजे डोले के दर्शनों को उमड़े भक्त**

**सेवायतों की अविवाहित कन्याओं ने की राधा जी का आरती**



मन्दिर परिसर में स्थित सफेद छतरी में विराजमान होकर दर्शन देते युगल सरकार।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बरसाना में होरी चली अपने बाप कैं, कछु दिनन ओर हू रहौ हरि होरी, पद के साथ शुक्रवार को राधारानी की नगरी के विश्व प्रसिद्ध लाडलीजी मंदिर में चल रहे चालीस दिवसीय होली महोत्सव का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर वृषभान नंदनी ने मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकलकर मन्दिर परिसर में स्थित सफेद छतरी में विराजमान होकर अपने देश के कौने कौने से पधारे लाखों भक्तों पर अपनी कृपा का सागर उड़ेल कर सभी को निहाल कर दिया। भक्तों ने युगल सरकार के फूलों से सजे सुंदर डोले का पुष्प वर्षा करके जयकारे लगाते हुए स्वागत किया।

ब्रज के प्रमुख तीर्थ स्थल बरसाना में बंसत पंचमी से प्रारंभ हुए 40 दिवसीय होली महोत्सव के समापन के अवसर पर शुक्रवार की शाम साढे चार बजे लाडलीजी मंदिर के गर्भ गृह से लाडलीजी का विभिन्न किस्मों के फूलों से आकर्षक सजे डोले की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। डोले को मंदिर के सेवायत युवक अपने हाथों में उठाकर जगदीश गोस्वामी के निर्देशन में लेकर चल रहे थे।

भक्तों द्वारा मंदिर की छत्तों से खड़े होकर पुष्पों की वर्षा कर रहे थे। रास्ते में खड़े श्रद्धालुओं के टोल ही नहीं पुलिसकर्मी भी पुष्पों की वर्षा कर रहे थे। डोले को सेवायतों ने मंदिर परिसर में बनी सफेद छत्तरी में विराजमान किया। वहीं गोस्वामी जनों के द्वारा मुखिया रामभरोसे गोस्वामी के निर्देश में महोत्सव की समापन समाज गायन प्रस्तुत किया। जिसमें होरी चली अपने बाप कैं और कछु दिनन ओर हू रहौ हरि होरी जैसे संयुक्त स्वरों में प्रस्तुत किया गया। अंत में जीवैगो सो खेलेगौ फाग और ढप धर दै यार गई परकै की पद के साथ हो होली की धमारों के गायन का समापन हो गया।

## होली पर बिगडा मौसम का मिजाज, वर्षा से गेहूं की फसल खेतों में बिछी

**● जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बंद रही कई घंटे विद्युत आपूर्ति**

**कई जगह गिरे विद्युत खंभे, घरों पर लगे टीन शेड गिरे**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** होली की देर शाम आंधी और वर्षा ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दीं। आंधी से जिलेभर की बिजली आपूर्ति कई घंटे के लिए बंद कर दी गई। सुरीर, टैंटीगांव क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के तीन खंभे गिर गए। वहीं जनपद में कई गांव कस्बों के कई घरों में लगे टिनशेड एवं छप्पर उड़ गए। गेहूं एवं सरसों की फसलों में भारी नुकसान हो गया है। रात्रि में वृंदावन, छटीकरा, जैंत, चौमुहां, सुरीर क्षेत्र में करीब 20 मिनट तक तेज वर्षा से जलभराव हो गया। आवागमन प्रभावित हो गया। शीत हवा चलने से लोगों को ठंड का अहसास होता रहा। शुक्रवार की सुबह आसमान में बादल छाए रहे। कुछ देर बाद मौसम साफ हुआ तो होली की मस्ती छाई। देर शाम करीब सात बजे के बाद आसमान में फिर से बादल छा गए। महानगर शहरी क्षेत्र में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। लेकिन, कुछ मिनट बाद मौसम साफ हो गया। लेकिन, शीतल तेज हवा से लोगों को ठंड का अहसास होता रहा। कल शाम को जनपद के बरसाना, नंदगांव, कोसीकलां, छाता, खायरा, आजनौंख, पिसावा, करहला, सीह, पलसों, नींवगांव, सुरीर, टैंटीगांव एवं अन्य इलाकों में आंधी के साथ वर्षा हुई। इससे टैंटीगांव एवं आसपास क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के तीन खंभे गिर गए। इससे अंधेरा हो गया। मांट एवं फरह क्षेत्र में भी तेज हवा के साथ वर्षा हुई। रात्रि आठ बजे वृंदावन, छटीकरा, जैंत एवं चौमुहां क्षेत्र में तेज हवा के साथ तेज वर्षा हुई। करीब 20 मिनट तक हुई तेज वर्षा से निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वर्षा के कारण आवागमन प्रभावित हो गया। सड़क किनारे वाहन खड़े हो गए। वर्षा बंद होने के बाद ही लोग गंतव्य के लिए निकले। आंधी व वर्षा से किसानों की धड़कनें बढ़ गईं। वर्षा व तेज हवा से खेतों में खड़ी गेहूं, जौ एवं सरसों की फसल में नुकसान की आशंका जताई जा रही है। शुक्रवार की देर शाम तेज हवा के साथ वर्षा होने पर अनहोनी की आशंका को लेकर जिले के सभी फीडरों से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। तेज हवा के चलते कई खंभों के जंपर जल गए। वर्षा बंद होने के बाद जंपरों को जोड़कर लाइन को चालू किया गया। करीब आधा घंटे तक बिजली आपूर्ति बहाल की गई। फरह क्षेत्र में भी तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। हवा से फसलें खेतों में बिछ गईं।

# गया में पोखरा में मछली मारने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, दो युवक घायल

**● गया- जिले के आंती हरिजन टोला के पोखरा में मछली मारने को लेकर शनिवार हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई**

स्वतंत्र प्रभात

**गया, श्रीनिवास-** जिले के आंती हरिजन टोला के पोखरा में मछली मारने को लेकर शनिवार हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई. इसमें दो युवक घायल हो गए. घायल युवक आंती गांव के मो. तारिक एवं दिनेश पासवान है. घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

**घटनास्थल पर पहुंची क्यू. आर.टी. टीम**

इसके बाद तत्पश्चात घटना स्थल पर टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह के अलावा मो.आकिब आलम, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, मो.हसनैन, मो.सगीर, पुण्यदेव यादव, उत्तम कुमार सहित अन्य लोग पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई. दोनों पक्षों के लोगों ने वार्ता के बाद मिलजुल कर आपसी सौहार्द में होली मनाने का निर्णय लिया. ये सब चल ही रहा था कि उसी बीच गया से जिला पदाधिकारी डॉ एस एम त्यागराजन के निर्देश पर क्यू. आर.टी. टीम आ गई और उक्त स्थल पर पुनः जांच कर शांति व्यवस्था होने के बाद लोग वापस गए।

**घायलों को इलाज के लिए कराया गया भर्ती**

घायल युवक मो.तारीक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच एवं दिनेश पासवान को रफीगंज के निजी क्लीनिक में



पहुंचाया गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पोखरा में मछली मारने के लिए एक पक्ष के लोग गए तो दूसरे पक्ष के लोगों ने मना किया. इस पर दोनों आपस मे उलझ गए और मारपीट होने लगी. जिसकी सूचना थानाध्यक्ष को मिली तो वे पुलिस बल के साथ पहुंचे एवं फ्लैग मार्च कराया. गांव जाने वाली सभी सड़क पर पुलिस के जवानों को मुस्तैद कर दिया. बताया जा रहा है कि पूर्व से जमीन को लेकर विवाद है, जिसके कारण यह झड़प हुई. दोनों में किसी पक्ष की ओर से शिकायती आवेदन थाना पुलिस को नहीं दिया गया।

## झारखंड का तापमान 39 डिग्री के पार, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो समेत इन जिलों में चल रही लू, इस दिन हो सकती है बारिश

**● झारखंड में गर्मी अभी से प्रचंड हो गयी है. अधिकतम तापमान 39 डिग्री को पार कर गया है. जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो समेत कई जिलों में लू चल रही है. मौसम विभाग ने कुछ जिलों में बारिश का अनुमान जताया है**

स्वतंत्र प्रभात

**झारखंड** का उच्चतम तापमान 39 डिग्री के पार पहुंच गया है. जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद समेत कई जगहों पर उष्ण लहर यानी लू चल रही है. मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, गढ़वा, पलामू और धनबाद जिले में कहीं-कहीं हीट वेव चल रही है. 16 मार्च 2025 को भी इन जिलों में लू का असर देखा जायेगा. मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि इस भीषण गर्मी से लोगों को राहत कब मिलेगी. रांची के मौसम केंद्र के मुताबिक, 19 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

**2 दिन में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की होगी वृद्धि**

मौसम विभाग ने बताया है कि 17 मार्च को भी आंशिक बादल छाये रहेंगे. हालांकि, इस दिन मौसम शुष्क रहेगा. 18 मार्च को आसमान साफ रहेगा. मौसम वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होगी. इसके बाद अगले 3 दिन तक इसमें कोई बदलाव नहीं होगा. मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 39.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया. सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेंटीग्रेड खूंटी में दर्ज किया गया।

**16 और 17 मार्च को रांची में छाये रहेंगे आंशिक बादल**

मौसम विभाग ने बताया है कि 16 और 17 मार्च को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं. हालांकि, दोनों दिन मौसम शुष्क रहेगा.18 मार्च को आसमान साफ रहेगा. 19 मार्च को राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे, लेकिन बारिश होने की संभावना नहीं है. मौसम विभाग ने कहा है कि 19 मार्च को पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में कहं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**हीट वेव से बचने के लिए क्या करें**

दोपहर में 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में घर से बाहर निकलने से बचें।

पर्याप्त पानी पीयें और जितनी बार संभव हो पानी पीयें, भले प्यास न लगी हो।

हल्के रंग के और ढीले-ढाले हल्के सूती कपड़े पहनें. धूप में बाहर जा रहे हैं, तो छाता,



टोपी, जूते-चप्पल का जरूर इस्तेमाल करें. आंखों की सुरक्षा के लए चश्मा लगायें।

यात्रा करते समय अपने साथ पानी जरूर रखें।

शरीर में पानी कम करने वाले पेय पदार्थों शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स से बचें।

हाई प्रोटीन वाले भोजन न करें. बासी भोजन करने से बचें।

अगर बाहर काम करना है, तो टोपी या छाते का इस्तेमाल करें. सिर, गर्दन, चेहरे और खुले अंगों को एक नम कपड़े से ढककर रखें।

बच्चों और पालतू जानवरों को पार्क किये गये कार में अकेला न छोड़ें।

अगर आपको बेहोशी लग रही है या आप खुद को बीमार महसूस कर रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर के पास जायें।

ओआरएस, लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पी, छाछ आदि का इस्तेमाल करें. ये सभी चीजें शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करतीं हैं।

मवेशियों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।

अपने घर को ठंडा रखें. पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें।

पंखे का इस्तेमाल करें, गीले कपड़े पहनें और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करें।

# वृंदावन में निभाई गई हुरंगा की प्राचीन परंपरा

**● दुसायत मोहल्ला में हुआ प्राचीन हुरंगे का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** वृंदावन स्थित दुसायत मोहल्ला में ठाकुर अन्तर्यामी महाराज के आशीर्वाद से प्राचीन हुरंगे का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं एवं पुरुषों के साथ साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा जमकर हुरंगा खेला गया प्राचीन मान्यताओं के अनुसार हुरंगा ब्रज क्षेत्र में मनाया जाने वाला एक अनोखा और जीवंत त्यौहार है जो होली के बाद मनाया जाता है इस प्राचीन हुरंगे में शामिल महिलाएं हुरियारिन लहंगा चुन्नी पहनकर और हाथ में छडी रूपी लाठियां लेकर पुरुष हुरियारो के ऊपर प्रेम भरी लाठियां बरसाती है वहीं पुरुष भी महिलाओं की लाठियों से अपना बचाव



वृंदावन में होली की प्राचनी परंपरा निभाते लोग।

करते हैं यह मनमोहक दृश्य अद्भुत एवं अविस्मरणीय होता है जिससे वहां का माहौल आनंदमय हो जाता है वही इसके साथ-साथ बाहर से आए हुए श्रद्धालुगण भी इस हुरंगे में शामिल होकर खेलते हुए नजर आते हैं इसके साथ-साथ युवा बच्चे एवं युवा पीढ़ी भी इस आयोजन में बड़ चढकर हिस्सा लेते हैं इस भव्य हुरंगे के आयोजन को देखने के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं वही इस प्राचीन हुरंगे की प्रथा कई वर्षों से चली आ रही है। इस हुरंगे में रवि शर्मा, जितेंद्र सिंह राणा, विजय पाल सिंह नूतन बिहारी पारीक, घनश्याम चौधरी, महावीर ठाकुर कुल्लो शर्मा, कुंवर चकलेश्वर सिंह, शरद माठोंलिया, कुंवर हरेन्द्र सिंह, कुंवर कृष्णा सिंह, दीपक राजपूत, रोहित सैनी, राहुल ठाकुर, कन्हैया ठाकुर आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बिहारः मुंगेर ज़िले में एएसआई की मौत, पुलिस ने अब तक क्या-क्या बताया?

स्वतंत्र प्रभात

**बिहार** के मुंगेर ज़िले में होली पर हुए हंगामे को शांत कराने गए एएसआई संतोष कुमार सिंह की मौत हो गई. मुंगेर के एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पुलिस ने एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या के मुख्य अभियुक्त गुड्डू यादव को गिरफ़्तार कर लिया है।

शनिवार को सैयद इमरान मसूद ने बताया कि इस मामले में अब तक कुल चार लोगों की गिरफ़्तारी हुई है. इनमें से एक का नाम गुड्डू यादव है, जिसे एएसआई संतोष सिंह की हत्या का मुख्य अभियुक्त बताया जा रहा है। इससे पहले बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया था कि संतोष कुमार सिंह की शुक्रवार को क़रीब तीन बजे रात को इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

मुंगेर के एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि इस मामले में गुड्डू के दो भाइयों को भी गिरफ़्तार कर लिया गया है. एसपी ने बताया, "गुड्डू यादव की निशानदेही पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस टीम जा रही थी. इसी दौरान पुलिस टीम की गाड़ी एक पेड़ से टकरा गई. इसमें



पुलिसकर्मी घायल हो गए. इस बीच गुड्डू यादव ने पुलिसकर्मी की बंदूक लेकर उसे जवानों पर तान दी और भागने की कोशिश की।" एसपी ने बताया, "उसको एसएचओ ने चेतावनी दी. लेकिन, जब वह नहीं माना तो पुलिस ने आत्मरक्षा में फ़ायर किया. इस दौरान गुड्डू के पैर में एक गोली लगी है।" इस बीच, मुंगेर में शहीद हुए एएसआई संतोष कुमार सिंह को बिहार पुलिस के डीआईजी राकेश कुमार, डीएम अविनाश कुमार और एसपी सैयद मसूद ने पुष्पांजलि दी है।

**"मामले में सात नामजद अभियुक्त"**

एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया, "पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 पर सूचना मिली कि नंदलालपुर गांव में रणवीर कुमार का परिवार शराब पीकर हंगामा कर रहा है।" एसपी ने बताया, "सूचना के सत्यापन के लिए एएसआई संतोष कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके़ पर पहुंचे थे. मौके पर पहुंचने पर रणवीर कुमार नाम के एक व्यक्ति और उनके पूरे परिवार ने एकजुट होकर इन पर हमला कर दिया। "

"इनके सिर पर वार किया गया, उन्हें गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से पटना के लिए रेफ़र कर दिया गया।" "इस मामले में सात नामजद अभियुक्त हैं. बाकी सब अज्ञात हैं. यह घटना मुंगेर के मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के तहत घटी है।"

# रातोंरात भारत की सबसे अमीर महिला बनीं ये लेडी, नीता अंबानी को छोड़ दिया पीछे

**● एचसीएल ग्रुप के संस्थापक शिव नादर की बेटी रोशनी नादर रातोंरात अंबानी फैमिली यानी नीता अंबानी से भी अधिक अमीर महिला बन गई. इसका कारण यह है कि शिव नादर ने रोशनी नादर को अपनी की करीब 47 फीसदी हिस्सेदारी दे दी है. इससे उनकी कुल संपत्ति में रातोंरात बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज की गई**

स्वतंत्र प्रभात

एचसीएल ग्रुप के फाउंडर शिव नादर की बेटी रोशनी नादर रातोंरात भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स के अनुसार, रोशनी नादर ने अपने पिता से एचसीएल का 47% हिस्सा हासिल किया है. इसके बाद वह एचसीएल की सबसे बड़ी शेयर होल्डर बन गई. इस हिस्सेदारी के बाद रोशनी नादर न केवल एशिया की सबसे अमीर महिला बन गई, बल्कि वह दुनिया की 5वीं सबसे अमीर महिला भी बन गई हैं.

**रोशनी नादर की बढ़ती संपत्ति**

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, रोशनी नादर की कुल संपत्ति 35.9 अरब डॉलर (करीब 31,30,31,34,67,080 रुपये) हो गई है. यह संपत्ति मिलने के बाद उन्होंने मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी और दूसरी महिला उद्योगपतियों जैसे सावित्री जिंदल और अजीज प्रेमजी को भी पीछे छोड़ दिया है. हालांकि, अंबानी और अदाणी परिवार की संपत्ति रोशनी से कहीं अधिक है, लेकिन वह उनके बाद तीसरी सबसे अमीर शख्सियत बन गई हैं।

**रोशनी नादर का एचसीएल से जुड़ा सफर**

रोशनी नादर ने 2020 में एचसीएल टेक्नोलॉजीज की कमान संभाली और भारत की पहली महिला बनीं, जो किसी लिस्टेड आईटी कंपनी की अध्यक्ष बनीं. एचसीएल टेक्नोलॉजीज में उनके योगदान ने कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. इसके अलावा, उन्हें वामा दिल्ली की 12.94% हिस्सेदारी और एचसीएल कॉर्प की 49.94% हिस्सेदारी मिली, जिससे उनकी संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ।



**रोशनी नादर का करियर**

रोशनी नादर का करियर पत्रकारिता से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने सीएनएन और स्काई न्यूज जैसे बड़े मीडिया हाउस में काम किया. बाद में वह अपने पारिवारिक व्यवसाय एचसीएल में शामिल हो गई. रोशनी नादर एक ट्रेंड शास्त्रीय संगीतकार भी हैं और वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण में गहरी रुचि रखती हैं. 2018 में उन्होंने अपने पति शिखर मल्होत्रा के साथ "द हैबिटैट्स ट्रस्ट" की स्थापना की, जिसका उद्देश्य जैव विविधता और प्राकृतिक आवासों की रक्षा करना है।

**रोशनी नादर की सामाजिक पहल**

रोशनी नादर शिव नादर फाउंडेशन की ट्रस्टी हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में काम करता है. यह संस्था आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करती है, जिससे उनकी सफलता समाज के लिए प्रेरणा बनती है।

## झारखंड में होली का त्योहार संपन्न, 10 हजार से अधिक पुलिस वालों ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

**झारखंड में भारी सुरक्षा के बीच होली का त्योहार शनिवार को संपन्न हो गया. गिरिडीह के अलावा होली के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई. राज्य में 10 हजार अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी**

स्वतंत्र प्रभात

**झारखंड** में रंगों का त्योहार होली छिटपुट घटनाओं के बीच पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. भारी संख्या में सुरक्षा बलों की मौजूदगी में लोगों ने इस त्योहार को मनाया. शुक्रवार और शनिवार को लोगों ने होली खेली. एक-दूसरे को रंग और अबीर लगाकर होली की बधाई दी. बूढ़े, बच्चे, जवान सब रंग में सराबोर रहे. दूसरी तरफ, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी लोगों के त्योहार को खास बनाने में जुटे रहे. कई जिलों में वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जमकर होली खेली. होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए 10 हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गयी थी. 6 जिलों में में विशेष चौकसी बरती गयी. इसलिए गिरिडीह जिले में होली के जुलूस पर पथराव के बाद हुई आगजनी और हिंसा की घटना को जल्दी ही नियंत्रित कर लिया गया

**6 जिलों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम का था निर्देश**

पुलिस मुख्यालय ने राजधानी रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका में सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने के पहले ही निर्देश दे रखे थे. शुक्रवार से ही लाठी बल से लेकर जिला पुलिस और होमगार्ड के जवान तक को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया था. 10 हजार अतिरिक्त जवानों में एक कंपनी आरएपी, 3 कंपनी रैफ और 2 टीयर गैस पार्टी रांची को मिला था. 500 होमगार्ड और 1190 लाठी बल के जवान भी थे।

**गिरिडीह में सीआरपीएफ, रैप और टीयर गैस पार्टी थी तैनात**

जमशेदपुर में सीआरपीएफ की एक कंपनी, एक टीयर गैस पार्टी के अलावा अतिरिक्त जवान, गिरिडीह में एक कंपनी सीआरपीएफ और एक कंपनी रैप के अलावा एक टीयर गैस पार्टी और अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी थी. हजारीबाग में भी एक कंपनी सीआरपीएफ और एक कंपनी रैप के जवान के अलावा अतिरिक्त जवानों को ड्यूटी पर लगाया गया था।

**24 जिलों में 4000 से अधिक होमगार्ड के जवान थे तैनात**

पलामू जिले में एक कंपनी सीआरपीएफ के जवानों के साथ-साथ अतिरिक्त जवानों को भी तैनात किया गया था. लोहरदगा और दुमका में एक-एक कंपनी सीआरपीएफ के अलावा अलग से अतिरिक्त जवान सुरक्षा में तैनात किये गये थे. सभी जिलों के एसपी को कुल मिलाकर करीब 400 लाठी बल प्रदान किया गया था. राज्य के 24 जिलों में 4000 से अधिक होमगार्ड के जवान तैनात थे।

**सबसे अधिक पुलिस बल की तैनाती रांची में**

रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका में सुरक्षा को लेकर विशेष चौकसी बरती जा रही थी. इन जिलों में सबसे अधिक फोर्स तैनात किये गये थे, क्योंकि इन जिलों में पर्व-त्योहार के मौके पर तनाव या अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहती है. इन जिलों में अलग से जिला पुलिस और होमगार्ड के अलावा सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया था. सबसे अधिक पुलिस बल की तैनाती रांची जिले में की गयी थी।

**गिरिडीह के अलावा कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं**

गिरिडीह जिले के अलावा किसी और जिले से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. गिरिडीह जिले के घोड़थम्बा ओपी क्षेत्र में 2 समुदायों के बीच होली जुलूस के दौरान विवाद हो गया. इसी दौरान जुलूस पर पथराव कर दिया गया. कई दुकानों में आग लगा दी गयी. कई वाहन जला दिये गये. हालांकि, पुलिस ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया. अब उपद्रवियों की तलाश की जा रही है।

# बदरंग सियासत और जुमा की नमाज बनाम होली का रंग

जुमा साल में 52 बार आता है, लेकिन होली सिर्फ एक बार. मुसलमान रंग-गुलाल को बुरा मानते हैं, तो उन्हें घर में ही रहना चाहिए. अगर बाहर निकलें, तो रंग सहन करें. यही वह बयान है जिसको लेकर यूपी ही नहीं देश भर में धमाल मचा हुआ है। न सिर्फ सियासतदान इस बयान को लेकर दो खेमों में बंट गए हैं संभव के सीओ अनुज चौधरी के बयान को उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ के दोहराने के बाद होली और रमजान को लेकर जबरदस्त बयानबाजी शुरू हुई है.इस बयानबाजी ने सामुदायिक चेतना को आहत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है होली का रंग और रमजान के जुमे की नमाज एक साथ सम्पन्न कराना चुनौती है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश में प्रशासन अलर्ट पर है।कम से कम 13 जिलों में मुस्लिम समाज ने जुमे की नमाज का वक्त बदला है। सैकड़ों मस्जिदों को रंग से बचाने के लिए तिरपाल से ढका गया है।प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी ही और स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गए हैं।

इसी बीच इस मामले पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी प्रतिक्रिया दे दी है।चार बार यूपी की मुख्यमंत्री रह चुके मायावती ने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संभल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बल्कि इन्हें कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मायावती ने कहा कि इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं है। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मायावती ने पोस्ट के जरिये कहा कि जैसा कि मालूम है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है। जिसे मद्देनजर रखते हुये उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा।

उधर इस मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस नेता उदित राज आदि ने जिस तरह अनुज चौधरी के खिलाफ बयान देना शुरू किया जाहिर है कि उसकी प्रतिक्रिया तो होनी ही थी. उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार और महाराष्ट्र तक बयान वीर बिलों से बाहर आ गए जिस तरह की जहरीली बयानबाजी हो रही है उससे सबसे ज्यादा नुकसान उन मुस्लिम धर्मगुरुओं का हुआ है जिन लोगों ने शांति का रास्ता दिखाया. विपक्ष इसे भारत की धार्मिक स्वतंत्रता और मुसलमानों के खिलाफ इस तरह बता रहे हैं कि जो शांतिपूर्ण लोग हैं वो भी रेडिकल हो जा रहे हैं. जब हमारे देश के कुछ नेता इस बयान पर राजनीति करके इसे मुसलमानों के खिलाफ बताने में जुटे हैं, ठीक उसी समय कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहा है कि वो अनुज चौधरी के बयान में कुछ भी गलत नहीं मानते और वो होली के दिन जुमे की नमाज़ का समय बदलने के लिए तैयार हैं।

इस मुद्दे को लेकर तमाम सियासतदान हाथ सेंकने के लिए बयानबाजी करने लगे। यूपी के एक विधायक ने यहां तक कह दिया कि होली के रंग से अगर दिक्कत है मुस्लिम समुदाय को तो उनके लिए अस्पतालों में अलग वॉर्ड भी बनवाना चाहिए. आखिर जिसका धर्म रंग नहीं बर्दाश्त कर पा रहा है वो हिंदुओं के साथ किस तरह अस्पतालों में इलाज करवाएंगे. इसी तरह के बयान उत्तर प्रदेश के एक मंत्री रघुराज सिंह का भी आया कि जिन लोगों को होली के रंगों से दिक्कत है वो लोग बुरके की तरह का एक तिरपाल बनवा कर ओढ़ लें. बिहार के एक विधायक ने कहा मुस्लिम लोग उस दिन घर से बाहर ही न निकलें. बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल का कहना है कि अगर बाहर निकलना जरूरी हो, तो उन्हें 'कलेजा बड़ा' रखना होगा, क्योंकि होली के दौरान कोई रंग लग सकता है जिसे उन्हें सहन करना चाहिए. उन्होंने आगे कहा, %जुमा साल में 52 बार आता है, लेकिन होली सिर्फ एक बार. मुसलमान रंग-गुलाल को बुरा मानते हैं, तो उन्हें घर में ही रहना चाहिए. अगर बाहर निकलें, तो रंग सहन करें.

इस सारे प्रकरण की शुरुआत तब हुयी जब शांति समिति की बैठक में सम्भल पुलिस के सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने केवल यही कहा था कि जुमे की नमाज़ साल में 52 बार पढ़ी जाती है और होली का त्योहार साल में एक बार मनाया जाता है. इसलिए जिन मुसलमानों को होली के रंगों से दिक्कत है, वो अपने घरों से उस दिन बाहर ना निकलें और अपने घरों पर रहकर ही जुमे की नमाज़ करें. कितनी सीधी बात थी. इस बात को तिल का ताड़ बना दिया गया. सीधी सी बात थी कि होली हर महीने और हर हफ्ते नहीं आती है. ऐसे मौके पर मुस्लिम समुदाय को खुद आगे आकर ये पहल करनी चाहिए थी. तमाम मुस्लिम धार्मिक नेताओं ने इस संबंध में सौहार्द बढ़ाने वाला बयान दिया भी. कई क्लैरिक्स ने तो जुमे की नमाज का टाइम भी बदलने की पहल की. लेकिन इस मुद्दे पर फिरकापरस्त नजरिया रखने वाले सियासतदानों को मौके की तलाश पूरी हो गयी और उन्होंने बयान के पक्ष विपक्ष में हो हल्ला मचा कर रंगों के त्योहार को बदरंग करना शुरू कर दिया।

आपको बता दें कि लखनऊ में ईदगाह मस्जिद के इमाम और इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के सदर ने ऐलान है कि 14 मार्च को जुमे की नमाज़ दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर नहीं बल्कि दो बजे पढ़ी जाएगी. इसी संस्था ने देश की दूसरी मस्जिदों से भी ये अपील की है कि वो हिन्दुओं के साथ अपने भाईचारे को कायम रखते हुए जुमे की नमाज़ के समय को आगे बढ़ा सकते हैं और ऐसा करने से नमाज़ का महत्व कम नहीं होगा. ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने भी देश के सभी इमामों से जुमे की नमाज़ को देर से पढ़ाने की अपील की है. और मुसलमानों से ये भी कहा गया है कि वो होली के दिन दूर की मस्जिदों में नमाज़ पढ़ने के लिए ना जाएं और स्थानीय मस्जिदों में ही जुमे की नमाज़ को अता करें और इसे ही असली धर्मनिरपेक्षता और भाईचारा कहते हैं।




उत्तर प्रदेश के संभल में होली के जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली 10 मस्जिदों को तिरपाल से ढका गया है। इसमें शाही जामा मस्जिद भी शामिल है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने कहा कि दोनों समुदायों के बीच समझौता होने के बाद होली जुलूस के पारंपरिक मार्ग से लगे धार्मिक स्थल ढके रहेंगे।ज्ञात हो कि संभल की जामा मस्जिद में मंदिर होने को लेकर विवाद चल रहा है।

शाहजहांपुर में 67 मस्जिदों पर तिरपाल लगाई गई है और जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली मस्जिदों में जुमे की नमाज का समय बदला गया है। जुलूस वाले मार्ग तैनाती के लिए दूसरी जगहों से 1,000 अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया है।इसके अलावा जौनपुर, मिर्जापुर, ललितपुर, औरैया, लखनऊ, मुरादाबाद, उन्नाव, बरेली, अयोध्या समेत कई जगहों पर जुमे की नमाज का वक्त आगे बढ़ाया गया है, ताकि जुलूस खत्म होने के बाद नमाज अदा की जा सके। पुलिस टीमें संवेदनशील इलाकों में लगातार फ्लैग मार्च कर रही हैं। बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गश्त की जा रही है और भीड़ को काबू करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

किसी भी भड़काऊ सामग्री या फर्जी खबरों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया की भी निगरानी की जा रही है। पुलिस टीमें सार्वजनिक स्थानों और वाहनों के अंदर शराब पीने को रोकने के लिए औचक निरीक्षण कर रही हैं।

बहरहाल इस सारे प्रकरण के मूल में वह प्रतिकार भी कहीं न कहीं उभार ले रहा है जो एक आजादी से पहले साढ़े आठ सौ साल के विधर्मी राज के दौरान बहुसंख्यकों की भावना को लगातार आहत करने की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है आजादी के बाद बनी मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति वाली सरकार के राज मे एक समुदाय को कानून की अवमानना कर मनमानी करने का भरपूर अवसर दिया गया जिसके चलते एक समुदाय के लोगों द्वारा खुद को कानून से ऊपर मानकर व्यवहार किया जाता रहा। अब दक्षिण पंथी राष्ट्रवादी विचारों की सरकारों के सत्ता में आने के बाद बहुसंख्यक समाज अपने समान लोक अधिकार आस्था और श्रद्धा के मुद्दे पर एक जुट होकर खड़ा हो रहा है यह शोषणकारी और तुष्टिकरण वाली राजनीति के लिए सहन करना कठिन है और यही एक वजह है कि कुछ सियासतदान रंगो में भीगने की नसीहत देने के स्थान पर रंगों से परहेज करने और साझी संस्कृति को बदरंग करने की जुगत कर रहे हैं लेकिन आम आदमी इस सियासत को जान चुका है और किसी उकसावे मे आने वाला नही है अतः रंग भी खेलेंगे और शांति पूर्वक जुमा की नमाज भी होगी।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

## संजीव-नी।




प्यार के इतने हमने रंग डाले हैं।

उनके तो अंदाज ही निराले हैं
प्यार में कितने जख्म पाले हैं।

मौज करते हैं यह मांग मांग कर
यह जवान हाथ पैर वाले हैं।

जिंदगी की उमंगो के परिंदे
कुछ आधे गोरे कुछ काले हैं।

मौत तो आसान हो गई लेकिन
जिंदगी के कितने पड़े लाले हैं।

बादलों का आता-पता भी नहीं
सुखी नदियां हैं खुश्क नाले हैं।

उनकी दोस्ती का अंदाज़ जुदा है
हमने तो आस्तीन में सांप पाले हैं।

उनका खिल उठा चेहरा संजीव
प्यार के इतने हमने रंग डाले हैं।

**संजीव ठाकुर**

# नशे में लड़खड़ाती नई पीढ़ी

### होली में दुगनी हुई नशीले पदार्थों की खपत।

देश में इस बार होली के अवसर पर कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। इस बार होली में लगा कि पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। होली के अवसर पर युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं और होली में शराब गांजा भांग ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने लगे हैंद्य नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगभग दुगनी हो गई है। नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है

देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते। केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।




अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्टीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्टीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।

**संजीव ठाकुर,**

# संपादकीय

## था बहुत शोर कि ग़ालिब के उड़ेंगे पुर्जे




और मुल्क में होली भी हो गयी और जुमे की नमाज भी लेकिन ग़ालिब के पुर्जे नहीं उड़े। ग़ालिब ने खुद लिखा था

था बहुत शोर कि ग़ालिब के उड़ेंगे पुर्जे
देखने हम भी गए पै ये तमाशा न हुआ

अब ग़ालिब तो औरंगजेब नहीं है जो उनका नाम लेना कुफ्र माना जाये ,ग़ालिब का नाम लेने वालों का कमबख्त यूपी में इलाज भी नहीं किया जा सकता। क्योंकि ग़ालिब न अबू आजम हैं और न आदित्यनाथ योगी । ग़ालिब एक आम हिंदुस्तानी थे, ठीक उसी तरह जैसे करोड़ों दूसरे मुसलमान हिंदुस्तानी हैं। होली पर पहली बार देश में जुमे की नमाज को लेकर हौवा खड़ा किया गया । मस्जिदों पर परदे तान दिए गये । लगा कि जैसे मुल्क में अनहोनी होने वाली है ,लेकिन कुछ नहीं हुआ। होली भी मस्ती के साथ खेली गयी और जुमे कि नमाज भी खुलूस के साथ अता की गयी। शाहजहांपुर में लाट साहब की सवारी निकाली गयी। इस सवारी के ऊपर मुसलमानों ने फूल बरसाए। सम्भल में भी कुछ नहीं हुआ ,हालाँकि वहां सीओ अनुज चौधरी को सूबे की सत्ता ने हीरो बना दिया। मुमकिन है कि आने वाले दिनों में वे यहां से कोई चुनाव भी लड़ जाएँ।या अजय देवगन कोई नई फिल्म बना दें

होली पर रंगों ने अपना असर दिखाया और रंग में भंग करने कि कोशिश करने वाले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना रंग दिखाया । उन्होंने होली पर भी गोरखपुर में सियासी भाषण दिया। आखिर योगी जी आसानी से न सुधर सकते हैं और न बदल सकते हैं। वे बकौल ग़ालिब

इस सादगी पे कौन न मर जाए ऐ खुदा,
लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं।

बिना हाथ में तलबार लिए केवल जुबान की कैंची से खूरेजी करने अले अकेले योगी जी नहीं हैं। मुल्क में बहुत से रंगरेज हैं जो अपने वाने से दिखते कुछ और हैं ,लेकिन होते कुछ और हैं। लेकिन इस मुल्क का अवाम पहचानता सभी को है। प्रतिक्रिया भी करता है। मुझे लगता है कि ऐसा शुरू से होता आया है और आगे भी होता रहेगा। इस मिटटी के सौहार्द का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। मुग़ल आये और चले गए। अंग्रेज आये और चले गये । कांग्रेस आयी और चली गयी । इसी तरह भाजपा आई है और चली जाएगी एक दिन ,किन्तु न हम हिन्दू कहीं जाने वाले हैं और न मुसलमान। हमें इसी धरती पर रहना है। अब भारत जैसे मजबूत मुल्क को बांटना आसान नहीं है। इसकी कल्पना न योगी को करना चाहिए और न मोदी को। हेमंत विस्वा सरमा को भी अब ये ख्वाब देखना छोड़ देना चाहिए। देश को कांग्रेस विहीन करना या देश को मुसलमान विहीन कर खालिस हिन्दू राष्ट्र बनाना नामुमकिन है।

ख़ुशी की बात ये है कि मुसलमानों ने योगी जी कि योजना को फेल कर दिय। ग्वालियर हो या जयपुर सभी जगह जुमे कि नमाज का वक्त आगे-पीछे कर टकराव पैदा करने कि कोशिशों को नाकाम कर दिया गया। मुमकिन है कि योगी मानसिकता के लोग इसे अपनी जीत समझ रहे हों ,लेकिन है उनकी हार। साम्प्रदायिकता ने इतिहास में कभी कोई जंग नहीं जीती । न अतीत के औरंगजेब ने और न वर्तमान के औरंगजेब ने। औरंगजेब हर युग में हारते आये हैं और हारते रहेंगे। इस देश की जनता बहुत समझदार है। जानती है कि मुद्दों पर बहस करने के बजाय मुर्दों पर बहस करने का असल मकसद क्या है ? इसी समझदारी की वजह से अल्लामा इकबाल को कहना पड़ा था -

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तान हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी ,ये गुलसितां हमारा

सोते -जागते हिन्दू- हिन्दू चिल्लाने वालों को समझ लेना चाहिए कि चाहे आप कोई बाबरी ढांचा ढहा दो या किसी कब्र को खोदने का इरादा कर लो ।, समरसता टूटने वाली नहीं है। ये समरसता अलग ही ईंट-गारे से बनी है। इसे किसी एक ने नहीं बनाया । इसे हमारे पुरखों ने बनाया है। इसे तोड़ने का ख्याल भी अपने पुरखों के साथ गद्दारी है। मिर्जा ग़ालिब तभी तो कह गए कि -

आह को चाहिए इक उम्र असर होते तक,
कौन जीता है तेरी ज़ुल्फ़ के सर होते तक।

साम्प्रदायिकता की जुल्फ कभी सर होने वाली नहीं है। हमारे यहां हज्जाम ऐसी उलझी जुल्फों को काट फेंकते हैं। वक्त की कैंची यही काम करती आयी है । आगे भी करेगी। आप देखेंगे कि जैसा हिंदुस्तान हमारे पूर्वजों ने हमें सौंपा था ,ये वैसा ही रहेग। यहां राम-रहीम को अलग करना नामुमकिन है। यहां राम लला हों या कृष्ण महाराज उनके कपडे न योगी जी सिलते थे और न सिलेंगे । उनके कपडे मुसलमान ही सिलते थे और वे ही सिलेंगे। हमारे विग्रह हमारे नेताओं कि तरह तंगदिल नहीं हैं । वे कभी मुसलमानों के हाथों से बने कपडे पोशाकें पहनने से इंकार नहीं करने वाले।

आप सभी को होली और रमजान की बधाइयाँ,मुबारकबाद देते हुए मेरा मश्विरा है कि हमारे बीच में यद कोई ऐसा आदमी हो जो योगी आदित्यनाथ को मिर्जा ग़ालिब के लिखे शेर पढ़वा सके ,तो बात बन जाय।योगी जी शायद यूपी के मुसलमानों को सताना बंद कर दें। ग़ालिब कह गए हैं कि -

यही है आज़माना तो सताना किसको कहते हैं,
अदू (शत्रु) के हो लिए जब तुम तो मेरा इम्तहां क्यों है।

आज चूंकि बहुत से घरों में अखबार नहीं आया होगा इसलिए मौक़ा है कि आप इस आलेख को बार-बार पढ़ें और मित्रों कोभी पढ़वायें। शायद कुहासा छंटने में कुछ मदद हो सके।

**राकेश अचल**

## मनमानी का लोकतंत्र, हर कोई परम स्वतंत्र



भारत में लोकतंत्र अब मनमानी का पर्याय बन चुका है। यदि सत्ता प्रतिष्ठान आपके हाथों में है तो आप जो जी में आये कर सकते हैं । न 'लोक' आपका हाथ पकड़ सकता है और न 'तंत्र ' । यानी लोकतंत्र में परम स्वतंत्र होने की आजादी इस देश की सियासत को वर्ष 2104 के बाद पूरी तरह से मिल चुकी है। 2014 से पहले ये आजादी आंशिक रूप से कांग्रेस के पास थी। जो सत्ता प्रतिष्ठान से बाहर हैं वे ही अब परतंत्र हैं ,क्योंकि उनका लोक ,उनका तंत्र अब बीमार हो चुका है।

अपनी बात के समर्थन में मेरे पास एक नहीं अनेक तथ्य हैं , तर्क हैं, दुर्भाग्य ये है कि आज के लोकतांत्र में न तथ्य काम आ रहे हैं और न तर्क। तर्कों का मुकाबला कुतर्कों से हो रहा है और तथ्यों का समाना झूठ से। देश में पहली बार हुआ है कि भाजपा शासित राज्यों में सत्ता प्रतिष्ठान ने होली के मौके पर इबादतगाहों को कपडे या तिरपाल से ढंक दिया है। इबादतगाहें ढंकने की शुरुवात एक परम सभ्य प्रदेश से हुई जिसके मुखिया एक सन्यासी हैं ,लेकिन सत्ताधीश हैं। उन्होंने संविधान की परवाह किये बिना इबादतगाहों को ढंकने का फरमान जारी कर दिया और मशीनरी ने आनन-फानन में मस्जिदों को ढंक दिया। ये कार्रवाई संविधान का मखौल है ,लेकिन योगी बाबा को न राष्ट्रपति ने रोका और न प्रधानमंत्री ने। वे रोकते भी कैसे ? दोनों खुद योगी कि अनुयायी हैं। योगी से ही ' बंटोगे तो कटोग' का नारा उधार लेकर उसकी पैरोडी बनाते हैं। कहते हैं 'एक रहोगे तो सेफ ' रहोगे।

भाजपा की सरकारें एक दूसरे से प्रेरणा लेती रहतीं है। योगी ने इबादतगाहें ढंकवाई तो मध्यप्रदेश की सरकार कहाँ पीछे रहने वाली थी । मध्यप्रदेश के पढ़े-लिखे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी योगी की नकल करते हुए अपने यहां इबादतगाहों को ढंकने का फतवा जारी कर दिया। परम स्वतंत्र ,' न सर पर कोई' इसी को कहते हैं। अब चूंकि सत्तारूढ़ दल में कोई अल्पसंख्यक विधायक है नहीं ,और होता भी तो वो इस कार्रवाई का विरोध नहीं कर पाता और विपक्ष के विरूद्ध को विरोध माना नहीं जाता। विपक्ष की परवाह कौन करता है ?

दुनिया में ये नए तरह का बहुसंख्यक आतंकवाद है। लोग रंगों से खुश होने के बजाय भयभीत हैं। अल्पसंख्यकों को को भगवा रंग आतंकित कर रहा है तो बहुसंख्यकों को हरे रंग से चिढ हो रही है। अल्पयंख्यक अब बहुसंख्यकों को आतंकवादी समझ रहे हैं और बहुसंख्यक, अल्पसंख्यंकोंको आतंकवादी मान बैठे हैं। मान क्या बैठे हैं उनसे आतंकियों जैसा बर्ताव भी करने लगे हैं। नफरत केवल रंगों से ही नहीं है। नफरत भाषा तक जा पहुंची है। तमिलनाडु सरकार ने तो भारतीय रूपये के प्रतीक चिन्ह को ही बदल डाला है। नामुराद तमिलनाडु सरकार नहीं समझना चाहती कि भारतीय रूपये पर तमिल पहले से दर्ज भाषा है।आपको बता दें कि भारतीय नोट पर 17 भाषाएं मुद्रित होती हैं. इंग्लिश और हिंदी सामने की तरफ होती हैं तो नोट के पीछे की तरफ 15 भाषाएं दर्ज होती हैं। दुर्भाग्य ये है की भारतीय संविधान में किसी भी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा नहीं मिला और देश में 22 भाषाएं बोली जाती हैं. ऐसे में इन सभी भाषाओं को नोट पर प्राथमिकता दी गई है। एक देश, एक चुनाव का नारा देने वाली सरकार भी भारत कि लिए एक भाषा पर अम्ल नहीं कर पायी। जो भाषाएं नोट पर छपी होती हैं उनमें हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृति, तमिल, तेलगु और उर्दू शामिल हैं। इसके साथ ही 2000 रुपए के नोट पर ब्रेल लिपि भी छपी होती थी जिससे उन लोगों को आसानी हो जो देख नहीं सकते हैं, लेकिन ये नोट भी हमारी सरकार ने बंद करा दिया।

कहने का आशय ये है कि न भाजपा सरकार को संविधान की परवाह है और न तमिलनाडु सरकार को। दोनों नफरत के मामले में एक जैसे है। तमिलनाडु सरकार को हिंदी भाषा से चिढ है तो भाजपा की राज्य सरकारों को अल्पसंख्यक मुसलमानों से नफरत है। नफरत के इस माहौल में न संविधान सुरक्षित है और न लोकतंत्र। लेकिन इसकी चिंता किसी को नहीं है। सब अपना-अपना उल्लू सीधा करने में लगे हैं। गन्दी सियासत इसी को तो कहते हैं। मुझे आशंका होती है के आने वाले दिनों में भाषायी नफरत कि चलते कहीं दक्षिण वाले अपना नोट खुद न छाप लें या फिर वोटों की राजनीति कि चलते हमारी केंद्र सरकार खुद अलग-अलग प्रदेशों कि लिए अलग-अलग भाषा के नोट छपने पर मजबूर न हो जाये।

सवाल ये है कि जो सरकार अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा सकती है, जो सरकार अयोध्या में राम मंदिर बनवा सकती है, जो सरकार महाकुम्भ से लाखों करोड़ रूपये कमा सकती है। वो मस्जिदों को ढंकने से नहीं रोक सकती क्या? क्या उस सरकार के पास इतनी ताकत नहीं है कि वो भारतीय रूपये का प्रतीक चिन्ह बदलने वाली तमिलनाडु सरकार को बर्खास्त कर दे?

होली के मौके पर इस मुद्दे पर यदि आप होली मन से विचार करें तो ही बात बनेगी अन्यथा अब न सियासत 'होली' बची है और न राष्टीयता की पाकीजगी महफूज रह गयी है। आज का दिन मेरे लिए नियमित लिखने वाले हिंदी के धुरंधर लेखक स्वर्गीय वेद प्रताप वैदिक को याद करने का दिन भी है। आज ही के दिन उन्होंने देवलोक गमन किया था। उनके ही तरह मै भी बिना कोई अवकाश लिए पिछले पांच साल से लिखता आ रहा हूँ बिना किसी अपेक्षा के। वैदिक जी के प्रति विनम्र श्रृद्धांजलि।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आवारा कुत्ते के काटने से करीब बीस घायल



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के करीब दर्जनों ग्राम पंचायतों में कुत्ते के काटने से करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायल रतनपुर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में आए दिन आवारा कुत्तों के आतंक से स्थानीय लोग परेशान हैं तो वहीं बीते शुक्रवार व शनिवार को दर्जनों ग्राम पंचायतों में करीब दो दर्जन लोगों को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायल इलाज के लिए रतनपुर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों द्वारा रेवीज इंजेक्शन का डोज देकर घायलों का इलाज किया गया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते दो दिनों में कुत्ते के काटने से करीब दो दर्जन लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज किया गया है।

### पड़ोसी पर अश्लील हरकत व धमकी का आरोप

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पड़ोसी पर अश्लील हरकत व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। महिला ने परसामलिक पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाई है कि बीते शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गई थी। इस दौरान सुनसान पाकर गांव निवासी पड़ोसी दुष्कर्म करने की नीयत से अश्लील हरकत करने लगा। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तब तक आरोपी किसी से कुछ नहीं बताने व जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

### सीवान में मिला नवजात शिशु का शव, जांच में जुटी पुलिस

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुठहवा गांव के दक्षिण सीवान में स्थित एक पोखरी के पास शनिवार की दोपहर एक मृत नवजात शिशु का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि बच्ची किसकी थी इसकी शिनाख्त नही हो पाई है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के लुठहवा गांव से दक्षिण सीवान में एक पोखरी के पास कपड़े में लपेटकर फेंकी गई एक नवजात मृत शिशु को शनिवार की दोपहर में सीवान में खेती का काम करने जा रहे ग्रामीणों ने देखा तो अवाक रह गए। ग्रामीणों ने मृत नवजात शिशु की सूचना परसामलिक पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### गोरखपुर, उत्तर प्रदेश- होली और जुम्मे की नमाज का अनूठा संगम, दिखा गंगा-जमुनी तहजीब का रंग



**ख़जनी।** गोरखपुर, उत्तर प्रदेश- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर में होली और जुम्मे की नमाज का एक अनूठा संगम देखने को मिला। हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और फूलों की होली खेली। जुम्मे की नमाज और होली एक ही दिन होने के कारण, नमाज का समय दो घंटे आगे बढ़ा दिया गया था। नमाज के बाद, जब नमाजी मस्जिद से बाहर निकले, तो उन्होंने होली खेल रहे हिंदू समुदाय के लोगों पर फूलों की वर्षा की। हिंदू समुदाय के लोगों ने भी गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह घटना सांप्रदायिक सौहार्द और एकता का प्रतीक है। यह दर्शाती है कि विभिन्न धर्मों के लोग शांति और सद्भाव के साथ एक साथ रह सकते हैं, जुम्मे की नमाज और होली एक ही दिन होने के कारण, नमाज के बाद, नमाजियों ने होली खेल रहे हिंदू समुदाय के लोगों पर फूलों की वर्षा की ,हिंदू समुदाय के लोगों ने भी गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह घटना सांप्रदायिक सौहार्द और एकता का प्रतीक है।

# सड़क हादसे में हुई दो की मौत, कई घायल

**● एक तरफ होली की धूम तो वहीं दूसरी तरफ कई घरों में पसरा मातम का माहौल**

स्वतंत्र प्रभात





**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में शुक्रवार को एक तरफ जहां होली की धूम रही तो वहीं दूसरी तरफ कई घरों में मातम का माहौल रहा।होली की धूम में अलग-अलग हुई सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई तथा दर्जनों लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रतनपुर सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवघट्टी निवासी सुनील यादव (25) पुत्र रमेश यादव, मोनू वर्मा (20) पुत्र रामवृक्ष वर्मा, सैय्यद अली (24) पुत्र रोजन अली परसामलिक क्षेत्र के निपनिया गांव में सुनील यादव के ससुराल होली खेलने गए थे। होली खेलने के बाद बाईक से शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे घर जा रहे थे। परसामलिक थाना क्षेत्र के बघेला नाले से पश्चिम बेलभार गांव के सामने मोड़ पर पहुंचे ही थे कि बाईक अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क से करीब 20 फीट नीचे चली गई। बाइक जाकर एक अर्जुन के पेड़ में जाकर टकरा गई जिसमें सुनील यादव की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से तीनों को रतनपुर लेकर गई जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया और मोनू वर्मा व सैय्यद अली की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी क्रम में नौतनवा नगरपालिका वार्ड नम्बर 21 पुरानी नौतनवां निवासी भोला चौधरी (61) पुत्र जंगली, रामवेलास (65) पुत्र बलदेव, विशुनु (36) पुत्र हनुमान बरगदवा थाना क्षेत्र में एक रिस्तेदारी में गए थे। देर शाम आटो से घर वापस लौटते समय परसामलिक थाना क्षेत्र के सेखुआनी चौराहे से पूरब यूपी बड़ौदा बैंक के पास अनियंत्रित होकर आटो पलट गई जिसमें तीनों गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से रतनपुर सीएचसी भेजा जहां से तीनों की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन अस्पताल से ले जाते समय भोली चौधरी की मौत हो गई वहीं रामवेलास व विशुनु का इलाज चल रहा है जो जिन्दगी और मौत से जूझ रहा है।

इसी क्रम में सोनौली कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय सोनौली निवासी कमलेश (25) पुत्र सुरेन्द्र व नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हथिअहवा निवासी नितेश (20) पुत्र रामबचन बाईक हादसे में गम्भीर रूप से जख्मी हुए थे जिन्हे रतनपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया जिनका इलाज गोरखपुर मेडिकल कालेज में चल रहा है। इसके साथ ही करीब दो दर्जन लोग जख्मी होकर आए जिनका रतनपुर सीएचसी पर प्राथमिक उपचार हुआ। इस सम्बन्ध में परसामलिक थानाध्यक्ष उमेश कुमार का कहना है कि सड़क हादसे में सुनील यादव की मौत हो गई थी। अग्रिम कार्यवाही के लिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

स्वतंत्र प्रभात



**पनियरा/महराजगंज।** पनियरा थाना अंतर्गत मुजुरी पनियरा मार्ग पर होली के दिन दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें शनिवार को इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार होली के दिन सुबह ग्राम सभा औरहिया निवासी भाजपा के मुजुरी मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गिरी अपनी बाइक से अकेले किसी मित्र से मिलने मुजुरी से पनियरा जा रहे थे और दुसरी तरफ ग्राम सभा अनन्तपुर मोथहीं के रायपुर टोला निवासी गोविंद पासवान उम्र लगभग 27 वर्ष अपने बाइक से बड़े भाई राजकुमार पासवान के साथ मुजुरी जा रहे थे कि मुजुरी पनियरा मार्ग पर कौवाठोढ के पास आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक के चालक बुरी तरह से घायल हो गए। जब कि गोविंद पासवान के बाइक पर बैठे उनके भाई राजकुमार पासवान को मामुली चोटें आई थीं। आस पास के लोगों ने घटना के तत्काल स्थानीय पुलिस व एम्बुलेंस को दिया। एम्बुलेंस के पहुंचने के बाद दोनों गम्भीर रूप से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा ले जाया गया जहां डाक्टरों ने तत्काल मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां गोबिंद पासवान के परिजनों ने सूचना पाकर पहुंचे और गोबिंद को सीटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। मृतक की शादी अभी 15 माह पूर्व निरमा पासवान से हुआ था। गोबिंद पासवान ज्यादा दिन से दुबई में काम करता था। शादी के कुछ दिन बाद दुबई गया था और लगभग 25 दिन पूर्व आया था। मृतक गोविंद तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पनियरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतु भेज दिया है और परिजनों के तहरीर पर पनियरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर मुजुरी मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गिरी की स्थिति गम्भीर बनी हुई है और मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# गोला तहसील सभागार में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, 23 मामलों में मात्र दो का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

**गोला बाजार गोरखपुर।** गोला तहसील सभागार में शनिवार को शासन के रोस्टर के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम प्रशांत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उनके सहयोग में नायब तहसीलदार जय प्रकाश , प्रकाश सिंह ने फरियादियों की पीड़ा को सुना। इस समाधान दिवस पर तहसील के बरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनिवास पांडेय एवम गणेश शंकर भारती ने एक आवेदन देता हुए कहा कि गोला तहसील तिराहे सेहोकर गुजरने वाले राम जानकी मार्ग पर हम लोगो का आवास है।रामजानकी मार्ग का चौड़ीकरण व सड़क के दोनों किनारों पर नाला निर्माण का कार्य आरम्भ है। हम लोगो के दरवाजे पर ठेकेदार द्वारा महीनों हो गया दस फिट गहरा नाला निर्माण के लिए गढ्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है। नाला का पक्का कार्य निर्माण कार्य नही कराया गया। जिससे हम लोगो को सड़क से आवास तक जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तत्काल बिभाग को कार्यवाही करने के लिए आदेशित करे जिससे समस्या का समाधान हो सके।

अधिवक्ता रामलखन राय ने एक प्रार्थना देते हुए कहा कि हमारे गांव भैंसाव में एक पागल कुत्ते ने आतंक मचा रखा है।वह कुत्ता पूरा दिन और रात गाँव मे दौड़ लगा रहा है।उसके डर से सभी लोग भयभीत है। किसी को भी किसी भी समय अपना शिकार बना सकता है। उस पागल कुत्ते की ब्यवस्था कराना जन हित मे सख्त जरूरी है।इस समाधान पर फरियादियों का टोटा बना रहा। समाधान दिवस पर कुल 23 मामले आये जिसमे दो मामलों का निस्तारण हुआ। इस समाधान दिवस पर राजस्व निरीक्षक रमेश पांडेय, अशोक गुप्ता, आपूर्ति बाबू कृष्ण कुमार यादव, लल्लन प्रसाद अनिल राय सहित अन्य विभागों से लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर के डोडो गांव में सदियों पुरानी परंपरा, होली पर खुलता है नया पंचांग

स्वतंत्र प्रभात


नए पंचांग सुनने बैठे ग्रामीण

**गोरखपुर** जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र के खजनी क्षेत्र के ग्राम सभा डोडो में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार, हर साल होली के दिन दोपहर के बाद नया पंचांग खोला जाता है। इस वर्ष भी, गांव के आसपास और डोडो निवासी मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी के आवास पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पंचांग खोला गया। पंडित सुग्रीव मिश्रा ने नए पंचांग के माध्यम से वर्ष भर के लाभ-हानि और वर्षा के औसत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष होलिका का नाम 'कालयुक्त' है, जो 6 महीने बाद बदलकर 'सिद्धार्थ' हो जाएगा। नए संवत 2082 में मध्यम वर्षा का अनुमान है।पंडित मिश्रा ने यह भी बताया कि सामाजिक रक्षा और कल्याण के लिए इस काल युक्त संवत्सर का प्रयोग पूरे वर्ष संकल्प में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्रूर संवत्सर होने पर भी जो ईश्वर की शरण में रहेंगे, उन्हें अभयदान मिलेगा। सूर्य की उपासना से जातकों को उचित फल मिलेगा। उन्होंने सभी से अपने आराध्य देवी-देवताओं का स्मरण करते हुए सुंदर कार्य करने का आह्वान किया। पंचांग के अनुसार, धार्मिक कार्यों से लाभ और समाज में यश की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक बालमुकुंद मणि त्रिपाठी, रामअजोर शुक्ल, रामप्रीत मणि त्रिपाठी, चन्द्र भूषण मणि त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, रघुबंश मणि त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी, रामनयन मणि त्रिपाठी, जयकरन गौड़, रामगति गौड़, रामदरस प्रसाद, रामजी पासवान, राजमन प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सदस्य आलोक गुप्ता मृतक दुर्ग विजय प्रजापति के घर पहुच कर किया आर्थिक मदद

**● मानवता को कभी ना भूले - आलोक गुप्ता**

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर, 15 मार्च।** मानव शिक्षा सेवा संस्था के संस्थापक एवम वार्ड संख्या 46 के जिला पंचायत सदस्य आलोक गुप्ता मृतक दुर्ग विजय प्रजापति के घर पहुंच कर पीड़ित एवम असहाय परिजनों से मिल संवेदनाएं व्यक्त कर 11000 का आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर आलोक गुप्ता ने कहा इस परिवार का खोया हुआ हिस्सा तो हम वापस नहीं ला सकते।लेकिन इस दुःख के घड़ी में एक भाई और बेटे के रूप में हर संभव मदद करेंगे। वहीं उन्होंने कहा हमें मानवता को कभी नहीं भूलना चाहिए और ऐसे परिवार की हमेशा मदद करनी चाहिए।

प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला उपनगर के वार्ड संख्या 19 भीखीमगंज के रहने वाले दुर्ग विजय प्रजापति( 45 ) की दक्षिण अफ्रीका में मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने से अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई दुर्ग विजय प्रजापति प्रवासी मजदूर के रूप में एक महीने पहले दक्षिण अफ्रीका में कमाने गए थे। जब इस घटना क्रम के बारे में ज़ब समाज सेवी आलोक गुप्ता को पता चला। मृतक दुर्ग विजय के घर से पहुंच परिजनों का हाल जाना तथा 11000 का चेक दे की आर्थिक मदद की।

**परिवार की स्थिति-** दुर्ग विजय प्रजापति के परिवार में पत्नी सहित पांच बच्चे हैं जिसमें बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है तथा मृतक दुर्ग विजय प्रजापति के पत्नी बिंदु के कंधों पर इस लाचारी में चार मासूम नाबालिक बच्चों की जिम्मेदारियों का भार आ गया है इन मासूम नाबालिक बच्चों एवं घर की जिम्मेदारी का भार दुर्ग विजय प्रजापति पर था। लेकिन अब वह इस दुनिया में नहीं रहे। वही इस मौके पर पत्नी ने आलोक गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा योगी जी हमारे बच्चों की मदद करें।

### गोरखपुर में होली की रात मजदूर की ईंट से कूचकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर-** होली के पावन पर्व पर गोरखपुर के रामगढ़ताल इलाके में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक मजदूर की ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कन्हई निषाद के रूप में हुई है, जो महेवा स्थित एक मकान की देखरेख का काम करता था। घटना की जानकारी के अनुसार, होली की रात लगभग 12 बजे एक अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में वहां पहुंचा और कन्हई निषाद से गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उस व्यक्ति ने ईंट से कन्हई निषाद के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ताल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। इस घटना से इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। यह घटना होली के पावन अवसर पर एक दुखद दाग है और समाज में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

# एस बी टी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व

**● सभी के जीवन में रंग, उमंग और खुशियां लेकर आए होली- माहेश्वरी**

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** जिले के बखरा क्षेत्र में स्थित एस बीस्र टी पब्लिक स्कूल में रंगों का उल्लास और उमंग का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। विद्यार्थियों ने होली के पर्व को मनाते हुए एक-दूसरे के साथ रंग खेला और खुशी का इज़हार किया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर, रंगों में डूब कर इस दिन को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ होली खेली और एक दूसरे के चेहरे पर रंग लगाकर इस पर्व के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे विद्यालय का माहौल और भी दिल छूने वाला हो गया।

विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व न केवल रंगों से खेलने का है, बल्कि हम सबको एकता, भाईचारे और सच्चे प्रेम की भावना को सिखाने वाला है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां आएं, हमें हर परिस्थिति में खुशी और सकारात्मकता का उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि होली का यह पर्व हम सभी के जीवन में रंगों की तरह हर्ष और उल्लास लाए।

# खजनी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर होली का असर, सिर्फ 13 आवेदन आए

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी, गोरखपुर-** मार्च महीने के तीसरे शनिवार को खजनी तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर होली के त्योहार का असर साफ देखने को मिला। उप जिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस दिवस पर हमेशा की तरह भारी संख्या में फरियादियों के आने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार केवल 13 लोगों ने ही अपनी शिकायतें दर्ज कराई। होली के रंग में रंगा समाधान दिवस- सभागार में कुर्सियां खाली पड़ी रहीं और अधिकारियों की उपस्थिति भी कम रही। लोगों के बीच चर्चा थी कि होली के त्योहार के चलते ही फरियादियों और अधिकारियों की संख्या में कमी आई है।

**मामलों का निस्तारण लंबित-**इस अवसर पर आए 13 आवेदनों में से एक भी मामला मौके पर निस्तारित नहीं हो सका। उप जिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए 15 दिन के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

**उपस्थित अधिकारी-**संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसीलदार नरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार राम सूरज प्रसाद, नायब तहसीलदार राकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार हरीश यादव, आपूर्ति विभाग से गोपाल और अन्य राजस्व निरीक्षक और पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### होली पर मुफ्त रसोई गैस दिया भाजपा ने- पवन

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पी.डब्लू.डी डाक बंगला पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में देवरिया, पथरदेवा और रामपुर कारखाना विधानसभा के किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने एक-दूसरे अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार किसान हितैषी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होली के पहले किसान सम्मान निधि की 19 वी किश्त जारी किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित किया है, जिससे किसान परिवारों को होली में मुफ्त रसोई गैस मिलेगा। इस अवसर पर मुकेश राय, अरुण मिश्र, कमलेश मौर्य, सुब्रत सिंह, राजन धर द्विवेदी, सत्येन्द्र सिंह सोनू, ध्रुवदेव शाही, सूर्यनारायण सिंह सुमन्त चतूर्वेदी उपस्थित रहे।

### सामाजिक न्याय आन्दोलन के मजबूत पुरोधा थे कांशीराम -चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** सम्पूर्ण शोषित-वंचित समाज के एक ऐसे महानायक कांशी राम थे जिन्होने देश की विषमतावादी सामाजिक स्थिति पर हथौड़ा चलाकर समतावाद की संवैधानिक परिकल्पना को मूर्त रुप देने की आजीवन कोशिश की, उक्त उद्गार सपा नेता चंद्रभूषण यादव ने आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। यादव ने कहा कि कांशीराम साहब सामाजिक न्याय आंदोलन के मजबूत पुरोधा थे। कांशीराम द्वारा चलाए गए मंडल आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सायकिल यात्रा एवं रैलियों आदि के जरिए "मंडल कमीशन लागू करो,वरना कुर्सी खाली करो" का अभियान शुरू कर मंडल कमीशन के संघर्ष को बल प्रदान किया था। कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने वालों में आंबेडकर प्रसाद, रामा भारती, सुबास प्रसाद, चंद्रभान यादव, बेलभद्र गोंड आदि मौजूद रहे।

**सोशलिस्ट धारा के नायाब हीरा थे हरिकेवल प्रसाद-चंद्रभूषण**

देवरिया। गरीब वंचित के हितार्थ अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले हरिकेवल प्रसाद कुशवाहा सोशलिस्ट धारा के एक ऐसे नायाब हीरा थे जिनका सम्पूर्ण संघर्ष दलित -पिछड़ों के हितार्थ था। यादव ने कहा कि राजा मझौली को हराकर सलेमपुर से विधायक बने हरिकेवल प्रसाद जनहित के मुद्दों पर जनांदोलन करने के लिए विख्यात थे। हरिकेवल प्रसाद से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि विधायक, सांसद एवं विभिन्न सांगठनिक पदों पर रहते हुए हरिकेवल प्रसाद ने समाज के शोषित -पीड़ित जमात को सामाजिक न्याय दिलाने हेतु आजीवन संघर्ष किया। जंयती कार्यक्रम में लालमन यादव, सुभाष प्रसाद, आंबेडकर प्रसाद, रामा भारती आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चाकू से घायल व्यक्ति की मौत, अभियुक्त फरार




**जनपद।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के भीमपुर में होली के दिन चाकू मारकर एक व्यक्ति को बुरी तरह से घायल कर दिया जिसको गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज देवरिया ले जाया गया जहां चिकित्स्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस समेत पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुँच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया। डाग स्क्वायड की टीम ने भी मौके पर पहुँच साक्ष्य संकलित किया। बताया जाता है कि भीमपुर गांव के निवासी सनोज यादव उम्र 35 वर्ष को नामजद अभियुक्त रामभवन विश्वकर्मा ने चाकू से वार कर गांव में ही घायल कर दिया जिससे कि उनकी हालत खराब हो गई। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेन्स से उनको मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहाँ चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर मिल गयी है और मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नामजद अभियुक्त रामभवन विश्वकर्मा जो मौके से फरार है। तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गयी है। शव को मॉर्चरी में सुरक्षित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रोहिन नदी बैराज का निरीक्षण करने पहुंचे सिचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**● सिंचाई के लिए बन रहे बैराज से 65 गांव के 16 हजार किसानों को मिलेगा इसका लाभ, अगले महीने मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात





**महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रतनपुर में स्थित रोहिन नदी में निर्माणाधीन बैराज का शनिवार को सिचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने रोहिन नदी व नहर के जलस्तर का क्षमता का जाएजा लिया। बैराज में लगे मटेरियल व आस-पास लगे पौधों व ट्रीगार्ड को परखा व बताया कि सिंचाई के लिए बन रहे बैराज से 65 गांव के 16 हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक माह के अन्दर करेंगे।

नौतनवा ब्लाक के रतनपुर रोहिन में 148 करोड़ की लागत से किसानों के फसलों की सिचाई के लिए डिजिटल बैराज का निर्माण हो रहा है। रोहिन नदी से एक नहर निकली है जो लक्ष्मीपुर ब्लाक को जोड़ती है। इस मुख्य नहर से चार माईनर एक रजवाड़ा निकली है जिसकी कुल लम्बाई 45.363 किमी है। इस नहर से 8811 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी जिसमें 65 गांव के 16 हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा। रोहिन नदी के बैराज निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है नहर की सफाई जोरों पर चल रही है। शनिवार को सिंचाई विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्माणाधीन बैराज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा सिंचाई के लिए रोहिन नदी में बहुत ही मजबूत बैराज का निर्माण हो रहा है जिसका उद्घाटन एक माह के अंदर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी करेंगे।

इस मौके नौतनवां तहसीलदार कर्ण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी, परसामलिक एसएसआई अभिजीत कुमार, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता विकास कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता विनोद कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियन्ता आलोक कुमार, अधीक्षण अभियन्ता यांत्रिक कन्हैया प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता अमरनाथ मिश्रा, अनुराग कुमार, सहायक अभियन्ता बृजेश सोनी, यांत्रिक रूचिन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एडीएम प्रशासन ने नगर पंचायत बैतालपुर कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**कर्मचारियों की अनुपस्थिति और सफाई व्यवस्था पर जताई नाराज़गी**

**देवरिया।**एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह ने नगर पंचायत बैतालपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अमिताभ मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे । कार्यालय में 9 कर्मचारी में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजिका भी अपडेट नहीं थी। पूछताछ करने पर बताया गया कि ये कर्मचारी टेंडर की कार्यवाही के लिए जिला मुख्यालय गए हैं। सामान्य दिनों में सभी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहते हैं।

एडीएम प्रशासन ने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों की भ्रमण पंजिका कार्यालय में रखी जाए, जिसमें उनके कार्यालय से बाहर जाने का कारण और समय अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। इसके अलावा, नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के रोस्टर का कड़ाई से पालन हो। शौचालय को खुलवाकर देखा। सफाई का अभाव पाया गया। कर निर्धारण और कर वसूली के संबंध में पूछताछ करने पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बैतालपुर नगर पंचायत नवसृजित है, इसलिए अभी कर निर्धारण की कार्यवाही नहीं हुई है। एडीएम प्रशासन ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम माह चल रहा है, इसलिए विकास से संबंधित सभी योजनाओं, जिनमें शासन या निदेशालय से धन आवंटित हुआ है, का यथासंभव शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए, ताकि बजट अनुपयोगी न रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें


### शोहरतगढ़ में शोभायात्रा निकाल लोगों ने खेली होली



**सिद्धार्थनगर।** होली पर्व और जुमा एक साथ पड़ने के कारण प्रशासन सख्त रहा। वृहस्पतिवार की रात होलिका दहन के बाद से ही जगह-जगह अबीर, रंग व गुलाल उड़ने लगे। सुबह होते ही हिंदू समुदाय के लोगों ने अच्छाई को अपनाने और बुराई का त्याग के भावना, खुशी प्रेरणा की शांति भाव को लेकर एक दूसरे पर रंग लेकर टूट पड़े। आपसी गिले शिकवे को भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर लाल, पीला, हरा, नीला रंगों से समाज को एकता भाईचारगी के सूत्र में बांधने का कोशिश किया गया।

नगर पंचायत शोहरतगढ़ के श्रीराम जानकी मंदिर से नगर अध्यक्ष उमा अग्रवाल और प्रतिनिधि रवि अग्रवाल के अगुवाई में उमंग तरंग में लिप्त खुशियां लेकर शोभायात्रा निकालकर पूरे नगर का भ्रमण कर लोगों के साथ रंगोत्सव मनाया गया।दोपहर तक रंग अबीर व गुलाल की होली खेलने के बाद नहा कर साफ-सुथरा होने के बाद लोग एक दूसरे के घरों पर पहुंच कर गले मिलते हुये बेहतर पकवानों से मुंह मीठा किये।

### लेफ्टिनेंट सचिन त्रिपाठी का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के गंगाराम महदेवा निवासी सचिन कुमार त्रिपाठी पुत्र संतोष कुमार त्रिपाठी लेफ्टिनेंट गोरखा राइफल बटालियन कश्मीर के अपने गावं में पहली बार पहुंचने पर फूलमालाओं व ढोल मंजीरे से स्वागत किया गया। भारतीय सेना के अफसर ट्रेनिंग अकादमी गया, बिहार में एक वर्ष का कठिन ट्रेनिंग के बाद परीक्षा पास होने के बाद पहली पोस्टिंग के तहत गोरखा राइफल बटालियन साउथ कश्मीर में योगदान देंगें। लेफ्टिनेंट सचिन ने कहा कि सेना में जाने का सपना पूरा हुआ है। देश व समाजसेवा का अवसर मिलना मेरे लिये सौभाग्य की बात है। पूर्व ग्राम प्रधान मोनू त्रिपाठी ने कहा कि लेफ्टिनेंट बने सचिन ने गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस इलाके के निवासी सचिन त्रिपाठी के सेना में लेफ्टिनेंट बनने के बाद परिजन पिता संतोष त्रिपाठी, दादी चमेली देवी बहन साक्षी त्रिपाठी व भाई सक्षम त्रिपाठी के अलावा ग्रामीण मिथिलेश त्रिपाठी मोनू, चंदा पांडेय, रवि ओझा, अनिल तिवारी, मुरली तिवारी, कमलेश मिश्रा, राम जी आदि लोगों ने टीका लगाकर फूल मालाओं से स्वागत किया।

### हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई होली



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को रंगों का पर्व होली पारम्परिक तरीके से धूमधाम से लोगों ने मनाया। इस अवसर पर टोलियों में ढोल मजीरा, बैंडबाजे, डीजे के साथ जुलुस निकला। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कस्बा में चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल की अगुवाई में नागरिकों की टोली कस्बा के रेहरा बाजार, मोगलहा, परती आदि स्थानों पर होली अबीर गुलाल लगाकर मनाई। इस दौरान लोग डीजे पे खूब थिरके। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मुस्तैद रहे। ड्रोन कमरे से निगारी की जा रही थी। ग्रामीण क्षेत्र में मदनपुर, मधवापुर, गंगाधरपुर, महदेवा, केवटलिया, लक्षनपुर, करमा, सुगही, ऊंटापार, उटिया, भठिया चौराहा आदि जगहों पर परम्परागत तरीके से होली मनाई गई।

### क्या बिहार में नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी BJP? देखें सम्राट चौधरी का जवाब

**बिहार** के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने आज तक से विशेष बातचीत में कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जाएगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि बीजेपी नीतीश कुमार के साथ गठबंधन को मजबूत रखना चाहती है. चौधरी ने तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि उनका कोई रोल नहीं है, वे सिर्फ लालू प्रसाद की बातों को पहुंचाने वाले हैं।

# अमेरिका का सख्त रुख! ट्रंप प्रशासन 41 देशों की यात्रा पर लगा सकता है रोक

**● - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 41 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी शामिल हैं. यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा और कड़ी वीजा जांच के तहत लिया जा सकता है**



स्वतंत्र प्रभात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक नई यात्रा प्रतिबंध नीति पर विचार कर रहे हैं, जिससे 41 देशों के नागरिकों पर अमेरिका की यात्रा करने को लेकर कड़े नियम लागू हो सकते हैं. इस नीति का असर विशेष रूप से उन देशों पर पड़ सकता है जहां सुरक्षा जांच और स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को अमेरिका पर्याप्त नहीं मानता. इनमें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और म्यांमार भी शामिल हैं. इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना बताया जा रहा है।

**प्रस्तावित प्रतिबंध और इसकी श्रेणियां**

20 जनवरी को जारी किए गए कार्यकारी आदेश के तहत ट्रंप प्रशासन ने कैबिनेट अधिकारियों को 21 मार्च तक उन देशों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था, जहां सुरक्षा जांच प्रणाली कमजोर है. इस सूची को तीन समूहों में विभाजित किया गया है-

**पहला समूह (10 देश)-** इसमें अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, क्यूबा और उत्तर कोरिया जैसे देश शामिल हैं. इन देशों के नागरिकों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगाया जा सकता है, जिससे वे अमेरिका में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

**दूसरा समूह (5 देश)-** इस सूची में इरिट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और दक्षिण सूडान शामिल हैं. इन देशों के लिए आंशिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे कुछ प्रकार के वीजा जैसे पर्यटक और छात्र वीजा पर प्रतिबंध लग सकता है।

**तीसरा समूह (26 देश)-** इसमें बेलारूस, पाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश शामिल हैं. यदि इन देशों की सरकारें 60 दिनों के भीतर सुरक्षा से जुड़ी खामियों को दूर नहीं करतीं, तो इन पर भी आंशिक यात्रा प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

**भारत के पड़ोसी देशों पर प्रभाव**

इस प्रतिबंध का सबसे अधिक प्रभाव भारत के पड़ोसी देशों पर देखने को मिल सकता है. विशेष रूप से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश करना कठिन हो सकता है. अफगानिस्तान को पूर्ण प्रतिबंध वाली सूची में शामिल करने की संभावना जताई जा रही है, जबकि पाकिस्तान पर भी गंभीर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है।

अफगानिस्तान में तालिबान के नियंत्रण के बाद से वहां से शरण लेने वाले लोगों के लिए यह फैसला एक बड़ा झटका हो सकता है. अमेरिका का विदेश विभाग कुछ विशेष अप्रवासी वीजा (SIV) धारकों को इस प्रतिबंध से छूट देने की योजना बना रहा है, लेकिन इसे लेकर अभी स्पष्टता नहीं है।

# सिद्धार्थनगर लीडरशिप समिट एवं होली मिलन समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा में होली की पूर्व संध्या पर समाजसेवी फूलचंद साहनी के अगुवाई में आयोजित सिद्धार्थनगर लीडरशिप समिट 2025 एवं होली मिलन समारोह का आयोजन जिले के नामचीन हस्तियों के उपस्थिति के बीच सकुशल सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री पयोहारी आश्रम उसका राजा के महंत लाल बहादुर दास एवं प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य संतोष जी शुक्ल महाराज के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। व्यापार मंडल अध्यक्ष धनेश वर्मा, गौतम बुद्ध जागृति समिति उसका बाजार के सचिव श्रीधर पाण्डेय आदि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। जिले के इटवा तहसील से आए ब्लड डोनर रिंकू मिश्रा ने बताया कि उनकी टीम पूरे जनपद सहित पड़ोसी देश नेपाल में भी जरूरतमंद मरीजों को ब्लड निःशुल्क उपलब्ध कराती है। इस पर उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत करते हुए रिंकू मिश्रा के कार्य की सराहना किया। कवि राकेश साहनी, डॉक्टर पंकज सिद्धार्थ की काव्य प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा। इनके काव्य पाठ के दौरान श्रोताओं की तालिया बजती रही। उसका कस्बा निवासी सान्या गुप्ता के चित्रकला की प्रस्तुति की गई।

चित्रकला की लोगो प्रशंसा किया। बालिका द्वारा अपनी आगे की पढ़ाई के लिए पिता का न होना और कमजोर आर्थिक दशा का जिक्र किया गया तो उसका ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रभात शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा गया कि उनके द्वारा पूरी पढ़ाई के लिए बालिका सान्या गुप्ता का सहयोग किया जाएगा। मशहूर एंकर राणा प्रताप सिंह एवं नितेश पाण्डेय ने समिट 2025 को संबोधित करते हुए आयोजक मंडल को बधाई दिया। समिट को सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अनूप छापड़िया, सुभाष यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान गायक जुनैद आलम के गीतों पर लोग थिरकते रहे। कार्यक्रम के अंतिम प्रस्तुति में भोजपुरी के मशहूर गायक रूपेश मिश्रा के गीतों से हुआ। रूपेश मिश्रा की शानदार प्रस्तुति से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर किया गया। इस दौरान राजेश पाण्डेय, लक्ष्मी साहनी, अवधेश वर्मा, भोलेनाथ गुप्ता, आकाश अग्रहरि, आदि लोग उपस्थित रहे।

# हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द

**● - खुद अमेरिका छोड़ा, ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी की ?3300 करोड़ की मदद रोकी**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेरिका** की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का वीजा रद्द कर दिया गया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (DHS) ने आरोप लगाया है कि श्रीनिवासन 'हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने' और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी ने अमेरिका छोड़ दिया है।

DHS के मुताबिक रंजनी को F-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में PhD करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। इसके बाद रंजनी ने 11 मार्च को अमेरिका छोड़ दिया।

DHS की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

**ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को 33 अरब रुपए की मदद रोकी**

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले सप्ताह कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने यूनिवर्सिटी पर यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यहूदी छात्रों की सुरक्षा करने में विफल रहने और विरोध-प्रदर्शनों की इजाजत देने वाली यूनिवर्सिटीज को फेडरल ग्रांट (संघीय वित्तीय सहायता) न देने की चेतावनी दी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई की है।

**फिलिस्तीनी छात्रा और प्रदर्शनकारी गिरफ्तार**

अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक की एक फिलिस्तीनी छात्रा लेका कोर्डिया को गिरफ्तार किया है। लेका 2022 से एक्सपायर स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका में रह रही थी। उसे अप्रैल 2024 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हमास समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने की वजह से हिरासत में लिया गया था। इसके अलावा ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन के स्टूडेंट महमूद खलील को गिरफ्तार किया है। खलील पर इजराइल विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने का आरोप है। इमिग्रेशन अधिकारियों ने खलील को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। खलील फिलिस्तीनी मूल का है। वह अमेरिका का स्थायी निवासी भी है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीन कार्ड होल्डर्स पर बयान देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा अमेरिका में रहने का हक नहीं है। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा ग्रीन कार्ड रखने का मतलब यह नहीं है कि किसी व्यक्ति को अमेरिका में हमेशा रहने का अधिकार मिल जाता है।

## डायरेक्टर ने इस एक्ट्रेस से की ऐसी गंदी डिमांड, सुनकर हो गई थी शर्मसार



बॉलीवुड तड़का- बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियों ने कास्टिंग काउच और फिल्म इंडस्ट्री में होने वाली अनुचित मांगों को लेकर खुलकर बात की है। कुछ एक्ट्रेसेस ने उन शर्मनाक अनुभवों का भी जिक्र किया है, जब उन्हें फिल्मों में काम करने के लिए अनुचित शर्तें मानने को कहा गया। ऐसा ही एक चौंकाने वाला अनुभव प्रियंका चोपड़ा ने भी साझा किया था, जब एक फिल्म डायरेक्टर ने उनसे ऐसी डिमांड रखी, जिसे सुनकर वह हैरान रह गईं। प्रियंका को इस घटना से इतना धक्का लगा कि उन्होंने उस डायरेक्टर के साथ कभी भी काम ना करने की कसम खा ली। **प्रियंका चोपड़ा से डायरेक्टर ने रखी थी अजीब मांग**

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर खुद को साबित किया है। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। लेकिन करियर के शुरुआती दौर में एक ऐसी घटना घटी, जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया। प्रियंका ने फोर्ब्स वीमेन शिखर समिट के दौरान खुलासा किया कि 19 साल की उम्र में जब वह एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं, तो डायरेक्टर ने उनके स्टाइलिस्ट को खास आदेश दिया था। डायरेक्टर ने कहा था कि गाने के दौरान प्रियंका चोपड़ा का अंडरवियर साफ नजर आना चाहिए। यह सुनकर प्रियंका को गहरा झटका लगा। उन्होंने महसूस किया कि यह पूरी तरह अनुचित और अपमानजनक है। उस समय वह काफी युवा और नई थीं, लेकिन उन्होंने इस स्थिति का सामना बहादुरी से किया।

# असम श्रीभूमि जिले के गंभीर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज निर्माण कार्य सहित कॉलेज की सड़क के निर्माण में भ्रष्टाचार

स्वतंत्र प्रभात







बिना सूचना पट्टिका के लोगों को अंधेरे में रखकर निर्माण कार्य चल रहा है।

**असम श्रीभूमि (करीमगंज)-** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा के निविया के पास गंभीर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज स्थापित किया गया है। जिसका निर्माण पूरा होने वाला है। लेकिन स्थानीय लोग सोचते हैं कि इस महान व्यक्ति के नाम पर इस सरकारी स्वीकृत कॉलेज की शुरुआत से ही निर्माण कार्य में सरकार के गाइडलाइन की अनदेखी की गई अनियमत्ता सहित निर्माण कार्य चल रही हैं। साथ ही साथ इस कॉलेज मैं आने जाने के लिए एक लंबी सड़क का निर्माण चल रहा है, लेकिन इस पर कोई नाम और सूचना पट्टिका नहीं लगाई गई है और यह कार्य सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना चल रहा है। जब इस बारे में कार्यस्थल पर विशिष्ट व्यक्ति से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि पट्टिका बाद में लगाई जाएगी। सड़क के दोनों किनारों पर गोल सेंटीस्टोन के साथ साइड साइड बाम देने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि सभी लोग इन चीजों के साथ काम करते हैं और ऐसा काम हर जगह हो रहा है। हालांकि, कामकाजी स्थल पर कोई ठेकेदार या विभागीय अधिकारी मौजूद नहीं होने के कारण श्रमिकों से कोई उचित उत्तर नहीं मिला।

इस बीच, गम्भीरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज इतना बड़ा काम कर रहा है, लेकिन वहां काम की जांच करने के लिए कोई विभागीय अधिकारी या ठेकेदार मौजूद नहीं है। नतीजतन, जिस तरह अच्छा गुणवत्ता वाली सामान के बजाय गठिया क्वालिटी के साथ निर्माण कार्य चल रहा है, अच्छे रेत के बजाय, काम निम्न गुणवत्ता की रेत के साथ चल रहा है और इस कार्य स्थल पर, निम्न गुणवत्ता की नदी की चिप्स, पत्थर और सड़क का काम भी निम्न गुणवत्ता के सीसी ब्लॉकों के साथ किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि विभागीय अधिकारी मौके पर आकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के निर्माण कार्य और सड़क की भ्रष्टाचार की सटीक जांच करते हैं, तो वर्तमान सरकार का सबका साथ सबका विकास यह विकास के नाम पर क्या चल रहा है पता चल जाएगा।

# असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में BSNL इंटरनेट सेवा नहीं मिलना से ग्राहकों ने नाराजगी जाहिर की

**● - डिजिटल इंडिया में BSNL इंटरनेट सेवा नहीं होने से ग्राहकों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित टेलीकोम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का ध्यान आकर्षित किया।**

स्वतंत्र प्रभात

**असम श्रीभूमि (करीमगंज)-** वर्तमान डबल इंजन सरकार विकास के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति के लिए और जनता के लाभ के लिए डिजिटल इंडिया में विभिन्न प्रक्रियाओं को अपना रही है ताकि हर जगह इंटरनेट सेवा हाई स्पीड के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। लेकिन वर्तमान सरकार के शासन में इस डिजिटल इंडिया के माध्यम से BSNL 2जी-3जी-4जी इंटरनेट सेवा पूरी तरह से बंद होने से असम श्रम में जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में ग्राहकों की शिकायतें करते हुए नाराजगी जाहिर की। दुल्लभछड़ा के क्षेत्र में कई महीनों से BSNL इंटरनेट सेवा देने के नाम पर ग्राहकों के साथ छुपाछुपी का खेल खेला जा रहा है और ग्राहक रिचार्ज करने के बावजूद बात नहीं कर पा रहे हैं और इंटरनेट सेवा से वंचित हो रहे हैं। इस विषय पर ग्राहकों ने बीएसएनएल के ग्राहक कॉल सेंटर मोबाइल के माध्यम से सेवा की शिकायत की है, फिर भी आज तक कोई सही कदम नहीं उठाया गया है विभाग की ओर से। श्रीभूमि जिले के बीएसएनएल विभाग के अधिकारी सब कुछ जानकर भी चुप्पी साधे हुए हैं, इसीलिए ग्राहक बीएसएनएल पर निर्भर नहीं रह पा रहे हैं।

बीएसएनएल सेवा बहुत पुरानी और लोकप्रिय थी, लेकिन इस सेवा क्यों ठीक नहीं हो पा रही है. ग्राहक समझ नहीं पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दूर-दूर के परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में रहने और इंटरनेट की बेहतर नेटवर्क सेवा के लिए ग्राहक निर्भर हो गए थे। क्योंकि आवश्यकताओं की सूची में संपर्क के साथ इंटरनेट की अपार भूमिका थी। इसके अलावा, कई ग्राहक अपनी जरूरत के मुताबिक 3 से 6 महीने या साल भर का नेट पैक रिचार्ज करते हैं। इससे बीएसएनएल सेवाओं का लाभ हो रहा है। लेकिन ग्राहकों को सेवा के नाम पर पैसे गंवाने पड़ रहे हैं। दूसरी ओर, दुल्लभछड़ा पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर ने कहा कि बीएसएनएल नेटवर्क न होने के कारण ऑफिस के विभिन्न कामकाज करने में कई समस्याएं आ रही हैं।

इस मामले में श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में सही सेवा के लिए ग्राहकों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित टेलीकम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का ध्यान आकर्षित किया। ताकि इस क्क्स्ह्रु इंटरनेट की समस्या जितनी जल्दी हो सके समाधान की जाए और हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाए।

स्वतंत्र प्रभात

हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द

खुद अमेरिका छोड़ा, ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी की ?3300 करोड़ की मदद रोकी

अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का वीजा रद्द कर दिया गया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (DHS) ने आरोप लगाया है कि श्रीनिवासन 'हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने' और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी ने अमेरिका छोड़ दिया है।

DHS के मुताबिक रंजनी को F-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में PhD करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। इसके बाद रंजनी ने 11 मार्च को अमेरिका छोड़ दिया।

DHS की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को 33 अरब रुपए की मदद रोकी

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले सप्ताह कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने यूनिवर्सिटी पर यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यहूदी छात्रों की सुरक्षा करने में विफल रहने और विरोध-प्रदर्शनों की इजाजत देने वाली यूनिवर्सिटीज को फेडरल ग्रांट (संघीय वित्तीय सहायता) न देने की चेतावनी दी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई की है।

फिलिस्तीनी छात्रा और प्रदर्शनकारी

### पीलीभीत- बाइक की टक्कर से मजदूर की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम




**पीलीभीत-** मजदूरी के पैसे लेने गए युवक की बाईक से टकराकर मौत हो गई,सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। विवेक पुत्र श्रीपाल 23 अपने गाँव बढ़ेपुरा मरौरी से गुरुवार को शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गाँव खकरा पिपरिया मजदूरी के पैसे लेने गया था,रात करीब नौ बजे घर वापस आते समय रास्ते में शीतलपुर गुरूद्वरा के समीप अचानक बाईक ने टक्कर मार दी जिससे वह खेत मे लगे तारों में जाकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया,बताते हैं कि उसके साथ मे गए चचेरे भाई अरुण ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर परिवार के लोग पहुँच गए। एम्बुलेंस से उसे बिलसंडा सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। एसओ सिद्धान्त शर्मा ने बताया है कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची शव का पंचनामा भरकर पीएम कराया गया है,परिजन की ओर से तहरीर नहीं मिली है,जांच की जा रही है।

